नई दिल्ली, गुरुवार, 25 सितंबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 162
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35
न्यून. 26

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



9 ऑस्ट्रेलिया में गरजा सूर्यवंशी का बल्ला छह छक्के उड़ाकर बनाया स्पेशल रिकॉर्ड

दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना
सम्मान भी, सुरक्षा भी
हरियाणा सरकार





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...75 वर्ष




संकल्प
आज पूरा किया
अब हरियाणा की महिलाओं
को हर महीने मिलेंगे
₹2,100

हरियाणा की सभी महिलाओं को हार्दिक बधाई !

आज हो रहा है...
दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का भव्य शुभारम्भ और
दीनदयाल लाडो लक्ष्मी मोबाइल एप लॉन्च

1 नवम्बर, 2025 से शुरू होगा सीधे आपके बैंक खाते में भुगतान

25 सितम्बर, 2025 | प्रातः 11 बजे
बहुउद्देशीय हॉल, ताऊ देवीलाल स्टेडियम, सैक्टर-3, पंचकूला

मुख्य अतिथि : श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

गरिमामयी उपस्थिति

श्री हरविंदर कल्याण
स्पीकर, हरियाणा विधानसभा

श्री कृष्ण कुमार बेदी
सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय मंत्री, हरियाणा

प्ले स्टोर से लाडो लक्ष्मी योजना एप डाउनलोड करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय (SEWA) विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

### एक दिल्ली और दो यूपी से दबोचे

# अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का किया भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बुधवार सुबह एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया। इस सिलसिले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इस गिरफ्तारी के बाद उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में हथियार बनाने वाली एक फैक्ट्री का भी पता लगाया गया है। पकड़े गये लोगों के पास से दो सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, पांच कट्टे और .315 बोर के 210 कारतूस बरामद किए गए हैं। इसके अलावा एक लेथ मशीन, कारतूस बनाने के अन्य उपकरण, 257 खाली कारतूस, 354 गोलियों के लीड, 350 खाली खोल, बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री



बरामद की गई। बरामद कच्चे माल से लगभग 1000 कारतूस बनाए जा सकते थे।

डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार एसीपी/ईआर, कैलाश बिष्ट के नेतृत्व वाली टीम ने फाजिल (50) निवासी मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, जमीर (57) निवासी रामपुर, उत्तर प्रदेश और इलियास (65) निवासी मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश को पकड़ा है। आरोपी दिल्ली-एनसीआर में अवैध हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति में सक्रिय रूप से लगे हुए थे। इनके बारे में 22 सितंबर को पूर्वी रेंज, स्पेशल सेल की टीम को सूचना मिली थी। पता चला कि फाजिल नाम का एक व्यक्ति अवैध हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति करने के लिए दिल्ली के गाजीपुर फ्लाईओवर के पास आएगा। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके पर जाल बिछाया और मुखबिर के कहने पर फाजिल को पकड़ लिया गया। उसकी तलाशी लेने पर चार कट्टे और .315 बोर के 166 कारतूस मिले। उसके खुलासे के आधार पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के रामपुर में छापा मारा गया, जहां से जमीर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से .315 बोर के 20 कारतूस बरामद हुये। पूछताछ के दौरान जमीर ने बताया कि उसने ये कारतूस मुरादाबाद के इलियास से खरीदे थे। इस सुराग पर कार्रवाई करते हुए बुधवार को मुरादाबाद शहर में छापा मार इलियास को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से दो पिस्टल और एक कट्टा बरामद हुआ। लगातार पूछताछ के दौरान इलियास ने अपने घर के पास चल रही एक अवैध गोला-बारूद निर्माण फैक्ट्री का खुलासा किया। मुरादाबाद पुलिस की मदद से परिसर में छापा मारा गया, जहां से बड़ी संख्या में आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। अन्य सहयोगियों की पहचान करने और अवैध हथियारों व गोला-बारूद की तस्करी में शामिल बड़े नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## वेलकम इलाके में महिला ने घर में की खुदकुशी



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में एक 34 वर्षीय महिला ने बुधवार सुबह अपने घर में फंदे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि घटना चंद्रशेखर गली में हुई और उन्हें इसकी सूचना सुबह 9.27 बजे मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार शाहदरा उपजिलाधिकारी (एसडीएम) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 196 के तहत जांच कर रहे हैं। पुलिस ने फोरेंसिक टीम से भी घटनास्थल का निरीक्षण करवाया और साक्ष्य एकत्र किए। बताया गया कि महिला की शादी 2023 में हुई थी और उसकी एक बेटी भी है। परिजनों से इस सिलसिले में बातचीत की जा रही है और महिला द्वारा उठाये गये इस कदम के पीछे के कारणों को जानने का प्रयास किया जा रहा है।

## स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर छात्राओं के यौन उत्पीड़न का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली पुलिस केस दर्ज कर तलाश में जुटी
- श्री शारदा भारतीय प्रबंधन संस्थान से जुड़ा है मामला

स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी पर दिल्ली के एक प्रबंधन संस्थान की छात्राओं ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। स्वयंभू धर्मगुरु के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। तलाश में छापेमारी की जा रही है। सरस्वती की आखिरी बार लोकेशन आगरा में पता चली थी।

पुलिस के अनुसार आरोपी दक्षिण-पश्चिम दिल्ली स्थित श्री शारदा भारतीय प्रबंधन संस्थान में संचालक (प्रबंधन समिति का सदस्य) था। पुलिस को संस्थान के भूतल में '39 यूएन 1' नंबर की नकली राजनयिक नंबर प्लेट वाली वोल्वो कार भी मिली, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर सरस्वती करता था। यह पहली बार नहीं है जब सरस्वती पर इस तरह के आरोप लगे हों। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उसके खिलाफ 2009 में डिफेंस कॉलोनी थाने में भी धोखाधड़ी और छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया था। जबकि 2016 में वसंत कुंज थाने में छेड़छाड़ की एक और शिकायत दर्ज की गई थी। ताजा मामले में शिकायत चार अगस्त को वसंत कुंज उत्तर थाने में दर्ज की गई थी। पूछताछ के दौरान पता चला कि संस्थान में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र (ईडब्ल्यूएस) छात्रवृत्ति के तहत पीजीडीएम (प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा) कर रहे हैं। 32 छात्राओं के बयान दर्ज किए गए। इनमें से 17 ने आरोप लगाया कि सरस्वती ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, अश्लील संदेश भेजे और अवांछित पहलकदमी की। पुलिस ने कहा कि संस्थान में संकाय सदस्य और प्रशासक के रूप में कार्यरत तीन महिलाओं ने कथित तौर पर छात्राओं पर उसकी मांगें मानने के लिए दबाव डालकर आरोपी को बढ़ावा दिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उसकी भूमिका की जांच की जा रही है और सरस्वती की गिरफ्तारी के बाद ही उसकी संलिप्तता का पूरी तरह से पता चल पाएगा।

### राजनायिक नंबर प्लेट वाली कार इस्तेमाल करता था

भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। 16 पीड़ितों ने मजिस्ट्रेट के सामने भी बयान दिये हैं। पुलिस ने राजनयिक नंबर प्लेट वाली वोल्वो कार जब्त कर ली है और 25 अगस्त को इस संबंध में एक और प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी तब से गिरफ्तारी से बच रहा है। पुलिस ने कहा कि सरस्वती का पता लगाने के प्रयास जारी हैं और इस संबंध में कई टीम गठित की गई है। सूत्रों ने यह भी बताया कि टीम उसे देश से भागने से रोकने के लिए हवाई अड्डों पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

### सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ली गई

जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया गया और आरोपी से जुड़े कई आवासीय पतों पर कई छापे मारे गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि संस्थान से एकत्रित हार्ड डिस्क और नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर (एनवीआर) जांच के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेजे गए हैं। पुलिस सूत्रों ने खुलासा किया कि उसे आखिरी बार आगरा में देखा गया था, लेकिन आरोपी पकड़े जाने से बचने के लिए बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा है।

### मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं कर रहा सरस्वती

ओडिशा का रहने वाला सरस्वती पिछले 12 साल से दिल्ली के एक आश्रम में रह रहा था, जहां वह संरक्षक और संचालक दोनों के रूप में काम करता था। जांच दल के सूत्रों ने बताया कि उसके पुराने 'चैट' और एसएमएस रिकॉर्ड सहित डिजिटल साक्ष्य पहले ही सुरक्षित कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की गवाही की पुष्टि करने में ये महत्वपूर्ण होंगे। फिलहाल सरस्वती पुलिस से बचने के लिये मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं कर रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय प्रकाशक की नकली किताबें बेचने वाले चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- 3200 से ज्यादा प्रतियां की गई जब्त, क्राइम ब्रांच की कार्रवाई

क्राइम ब्रांच ने एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशक की नकली किताबें बेचने में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे 15 लाख रुपये से अधिक मूल्य की 3200 से अधिक प्रतियां भी जब्त की गई है।

पुलिस ने बताया कि उन्हें दरियागंज में नकली प्रतियों की बिक्री के बारे में शिकायत मिली थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एक टीम ने 22 सितंबर को कूचा लालमान में एक दुकान पर छापेमारी की। 758 नकली किताबें बरामद की गई और तीन लोगों ओंकार (25), दीपक (25) और सत्यम (38) को



गिरफ्तार किया गया। उनसे पूछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने अगले दिन दिल्ली गेट के कटरा सुजान राय में एक अन्य दुकान पर छापा मारा, जहां से 2475 और नकली किताबें जब्त की गई और एक अन्य आरोपी कुतुबुद्दीन उर्फ चांद को पकड़ा गया। दोनों स्थानों पर छापेमारी के दौरान कुल 3233 नकली पुस्तकें जब्त की गई। ओमकार ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि पहले उसके पिता दुकान चलाते थे, लेकिन एक महीने पहले उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उसने अपने चचेरे भाइयों दीपक और सत्यम के साथ मिलकर कारोबार संभाला और जल्द पैसा कमाने के लिए नकली किताबें बेचनी शुरू कर दी। कुतुबुद्दीन ने खुलासा किया कि उसे कोविड-19 महामारी के दौरान भारी नुकसान हुआ था और वह भारी कर्ज में डूबा हुआ था, जिसके कारण उसने ऑनलाइन नकली किताबें बेचनी शुरू कर दीं। पुलिस नकली किताबों के स्रोत की पहचान करने के लिए मामले की जांच जारी है।

## ग्रामीण इलाकों में आधुनिक खेल सुविधा देना हमारी प्रतिबद्धता : रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- सीएम रेखा गुप्ता ने हिरण कूदना गांव में अत्याधुनिक खेल परिसर का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र के जन्मदिन के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को बाहरी दिल्ली स्थित हिरण कूदना गांव के सीएम श्री स्कूल में विकसित नए खेल परिसर का उद्घाटन किया। करीब 3.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस अत्याधुनिक खेल परिसर में उभरते खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए तैयार किया गया है। इसमें 200 मीटर, पांच लेन का सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक भी है, जिसमें 100 मीटर सीधी दौड़ के लिए एक विशेष सेक्शन शामिल है।

मुख्यमंत्री का कहना है कि यह परिसर छात्रों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने और तैयारी करने का अवसर भी प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सांसद श्री योगेंद्र चंदोलिया, दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, विधायक गजेंद्र दराल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह खेल परिसर दिल्ली सरकार के उस संकल्प को प्रतिबिंबित करता है जिसमें सार्वजनिक शिक्षा में उच्चस्तरीय खेल की संरचना उपलब्ध कराना शामिल है। यह पश्चिम दिल्ली में अपनी तरह की पहली सुविधा है। इसका उद्देश्य युवाओं में खेल कौशल का विकास करना, स्वास्थ्य व फिटनेस को बढ़ावा देना, और अनुशासन, टीम वर्क तथा दृढ़ता जैसे महत्वपूर्ण गुणों को संजोना है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली सरकार के कुल 1 लाख करोड़ रुपये के बजट में लगभग 20 हजार करोड़ रुपये शिक्षा विभाग को आवंटित किए गए हैं। इसके तहत ग्रामीण और स्कूल स्तर पर खेल सुविधाओं के निर्माण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोकार्पित किये गए नए खेल परिसर में गांवों के बच्चों के लिए खेल और स्वास्थ्य की सुविधाएं प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, उनमें जज्बा होता है और वे जीत के लिए दृढ़ता से प्रयास करते हैं। ऐसे में सरकार का यह कर्तव्य है कि उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि यह खेल परिसर एक आदर्श उदाहरण है कि कैसे आधुनिक सुविधाएं खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि यह परिसर न केवल खेल कौशल को बढ़ावा देगा, बल्कि सरकारी स्कूलों में विश्वस्तरीय शिक्षा और बेहतर सुविधाओं को भी प्रोत्साहित करेगा। सूद ने आगे कहा कि दिल्ली सरकार 75 नए सीएम श्री स्कूल स्थापित कर सरकारी शिक्षा को उच्चतम स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दिल्ली सरकार विशेष बच्चों के लिए दिल्ली में बनाएगी स्टेडियम और रेजिडेंशियल स्पोर्ट्स फैसिलिटी केंद्र : सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार जल्द ही विशेष बच्चों की सतत कोचिंग के लिए दिल्ली में स्टेडियम और रेजिडेंशियल स्पोर्ट्स फैसिलिटी विकसित करेगी। इस बात की जानकारी दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को मैत्रेयी कॉलेज में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स भारत राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए दी।यह खेल प्रतियोगिता स्पेशल ओलंपिक्स भारत - दिल्ली द्वारा खेल प्राधिकरण (एसएआई) और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इस राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में देशभर से आए दिव्यांग प्रतिभागी अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर मंत्री सूद ने कहा कि इन विशेष बच्चों ने कार्यक्रम में जिस उत्साह और उमंग के साथ मार्च पास्ट किया यह वास्तव में उनका हीरो मोमेंट है। यह हम सबके लिए प्रेरणा है कि जिन बच्चों को समाज कभी उपेक्षित मानता था वही आज अपनी मेहनत, सीखने की लालसा और संकल्प से अंतरराष्ट्रीय खेलों के मंच पर पहचान और सम्मान पा रहे हैं ओर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।

## होटल प्रबंधक को कुचलने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- राव तुला राम फ्लाईओवर पर हुआ था हादसा

वसंत विहार स्थित राव तुला राम फ्लाईओवर पर एक होटल प्रबंधक को अपनी एसयूवी से कुचलने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार यह घटना 15 सितंबर की सुबह हुई थी। पीड़ित मयंक जैन अपनी कार में सवार था। बाहर उतरते समय एसयूवी ने उन्हें कुचल दिया था।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार जब मयंक अपनी कार से बाहर निकला तो एसयूवी कार चालक ने कथित तौर पर उन्हें कुचल दिया और फरार हो गया था। इस घटना में मयंक जैन घायल हो गए थे। इस घटना को लेकर वसंत विहार थाने में मामला दर्ज किया गया था। संदिग्ध वाहन का पता लगाने के लिए शहर के 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई। जांच के बाद टीम ने उस एसयूवी की पहचान की जिसकी विंडशील्ड को नुकसान पहुंचा था। यह कार पंजीकृत मालिक (जिसकी अब मृत्यु हो चुकी है) के परिवार द्वारा इस्तेमाल की जा रही थी। डीसीपी ने बताया कि निगरानी की मदद से पुलिस ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव-1 निवासी गौरव भारद्वाज तक पहुंची, जिसने एक मैकेनिक की दुकान पर क्षतिग्रस्त विंडशील्ड बदलवाई थी। पुलिस ने भारद्वाज को गिरफ्तार कर लिया और उसकी कार भी जब्त कर ली है।

## निगम सफाई कर्मियों को उनका हक और अधिकार मिले : सचदेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- 310 सफाई कर्मियों को प्रदान किए गए नियमितीकरण पत्र

भाजपा सरकार और दिल्ली नगर निगम दोनों का यह दृढ़ संकल्प है कि सफाईकर्मियों को उनका हक और अधिकार मिले। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने और दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह के साथ दिल्ली नगर निगम के 310 सफाई कर्मियों को नियमितीकरण पत्र प्रदान करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से सफाई कर्मियों को निगम की रीढ़ मानती आई है। सफाई कर्मचारी न केवल दिल्ली को स्वच्छ और स्वस्थ रखते हैं बल्कि अपनी मेहनत, समर्पण और ईमानदारी से पूरे शहर के नागरिकों के जीवन को सुरक्षित बनाते हैं। इस अवसर पर स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही, स्थायी समिति उपाध्यक्ष सुंदर सिंह, डेम्स समिति अध्यक्ष संदीप कपूर, शिक्षा समिति अध्यक्ष योगेश वर्मा, निगम आयुक्त अश्वनी कुमार सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### जीवनभर की मेहनत को सम्मान देने का कार्य : महापौर

महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि आज का दिन सफाई कर्मियों के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है। निगम द्वारा 310 सफाई कर्मियों को नियमित किया जाना इस बात का प्रमाण है कि हम उनकी मेहनत और समर्पण को पहचानते हैं। यह केवल नियुक्ति पत्र का वितरण नहीं है, बल्कि उनके जीवन भर की मेहनत को सम्मान देने का कार्य है।

### सफाईकर्मी निगम की रीढ़: सत्या शर्मा

स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने सफाई कर्मियों को निगम की रीढ़ बताते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य की रक्षा की है। नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि सफाई कर्मचारी केवल दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी नहीं, बल्कि इस शहर की स्वच्छता के सच्चे प्रहरी हैं। संदीप कपूर ने कहा कि यह नियमितीकरण केवल रोजगार की स्थिरता प्रदान नहीं करता बल्कि इन कर्मियों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य लाभ भी सुनिश्चित करता है। शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि सफाई कर्मचारी दिल्ली के योद्धा हैं जो नागरिकों की रक्षा करते हैं।

## डीजे विवाद में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला, दो अरेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली में वाहन को आगे ले जाने और तेज आवाज में संगीत बजाने को लेकर दो समूहों के बीच हुए झगड़े में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना सोमवार को तब हुई जब दक्षिणी दिल्ली के कालकाजी से दो नवरात्रि शोभायात्रा वापस आ रही थी। राजधानी के उत्तर-पूर्वी इलाके के सीलमपुर की ओर जाते समय एमजी रोड स्थित गांधी संग्रहालय के पास उनमें झड़प हो गई। पुलिस उपायुक्त (मध्य) निधिन वलसन ने एक बयान में कहा, ॔शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनका समूह धार्मिक ज्योति लेकर जा रहा था, तभी दूसरे समूह ने उनसे आगे निकलने की कोशिश की।॰0 आते समय, दोनों समूहों में तेज आवाज में संगीत बजाने को लेकर होड़ मची। गांधी संग्रहालय के पास, उनके बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक व्यक्ति के सीने और पीठ में चाकू से वार किया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **भूपेंद्र कुमार**, पुत्र सीता राम, निवासी- मकान नंबर 28, गली नं. 13, करावल नगर, दिल्ली और मकान संख्या एफ-1719, राम पार्क एक्सटेंशन, लोनी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश और मकान संख्या ए-255, ग्रीन सिटी राम पार्क, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 695/2015 धारा 420/468/467/120बी/34 भा.द.स, थाना दरियागंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भूपेंद्र कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भूपेंद्र कुमार** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **भूपेंद्र कुमार, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 695/2015 धारा 420/468/467/120बी/34 भा.द.स, थाना दरियागंज, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**डॉ. राज कुमार सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05
तीस हज़ारी न्यायालय, दिल्ली

DP/9883/CD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इरशाद**, पुत्रः **मोहम्मद अमीरुल, पताः झुग्गी नं. 106, राखी मार्केट, दया बस्ती रेलवे स्टेशन, दिल्ली** ने **FIR No. 04/2023, dated 06.02.2023, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इरशाद** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इरशाद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 04/2023, dated 06.02.2023, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन, दिल्ली** के अभियुक्त **इरशाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–11
केंद्रीय, कमरा नं. 138, प्रथम तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12691/Rly/2025

## पुलिस पर गोली चलाने वाला किशोर पकड़ा

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में बुधवार को नाके पर तैनात पुलिस कर्मियों पर कथित रूप से गोली चलाने के बाद 16 वर्षीय एक लड़के को पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि सुबह टीएलएम अस्पताल के पास पुलिस की एक टीम ने बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल देखी थी, जिस पर दो लोग सवार होकर पीली मिट्टी पार्क की तरफ से आ रहे थे। जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो दोनों ने तेजी से वापस मुड़ते हुए भागने कोशिश की। पुलिस के अनुसार पीछा करने पर पीछे बैठे व्यक्ति ने हेड कांस्टेबल रोहित पर गोली चला दी। हालांकि गोली उसे नहीं लगी। इसी बीच मोटरसाइकिल पर सवार दोनों ही संदिग्धों का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिर गए। उनमें से एक भागने में सफल रहा जबकि पुलिस पर कथित तौर पर गोली चलाने वाले किशोर को टीम ने पकड़ लिया। पकड़े गये किशोर के पास से एक देसी पिस्तौल एवं तीन कारतूस बरामद किये गये। एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई जो नरेला इलाके से चुरायी गयी थी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पुलिस टीम अन्य मामलों में इस किशोर की पिछली संलिप्तता की भी जांच कर रही हैं।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में करनाल कौल पेहोवा पटियाला रोड (सैक. करनाल से पेहोवा एसएच नं. 9) आरडी 36.800 से 38.900 (आईडी 6835) (स्टेट हाईवे) (पुण्डरी निर्वाचन क्षेत्र) पर सीमेंट कंक्रीट पेवमेंट के प्रावधान द्वारा रोड की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 03.10.2025 | 896.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 2 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव खेड़ी गुजरान ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, एसएफसी + 1 कार्य। | 22.09.2025 29.09.2025 | 102.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज करनाल | गांव अलीपुर खालसा में कैमला रोड पर भाठा के निकट अतिरिक्त हॉल का निर्माण, सी.एम. कोड 27544. | 17.09.2025 27.09.2025 | 51.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज करनाल | घड़ी भरल – स्कीम वीएएनजीवाई 2024-25 के तहत गांव देवीपुर, ब्लॉक घरौंडा, जिला करनाल में महिला चौपाल / महिला एसएचजी मीटिंग हॉल का निर्माण + 2 कार्य। | 18.09.2025 26.09.2025 | 23.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | भिवानी डिवीजन के लिए विद्युत मदों की आपूर्ति। | 20.09.2025 03.10.2025 | 17.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2580542 xenproc@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/100/38992/I/88/7 दि. 24.09.25

नई दिल्ली
गुरुवार, 25 सितंबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 162
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35
न्यून. 26

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## सीबीएसई की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा 17 फरवरी से




**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2026 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की संभावित तिथि जारी कर दी है। बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी, 2026 से शुरू होकर 27 मार्च, 2026 तक चलेंगी। इस दौरान, मुख्य परीक्षाओं के साथ-साथ, कक्षा 12वीं के खेल वर्ग के छात्रों के लिए परीक्षाएं, कक्षा 10वीं की द्वितीय सत्र की बोर्ड परीक्षाएं और कक्षा 12वीं की पूरक ▸▸ शेष पेज 5 पर

HONDA The Power of Dreams | How we move you. CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT
The Honda Joy Fest
Bring Home a Honda, Bring Home Joy
इंस्टैंट कैशबैक ₹5000/-* तक
लोन 100%* तक
कम ब्याज दर @6.99%*
कम EMI ₹49* प्रतिदिन
नई Shine 100 DX
SOLID माइलेज़
एवरेज माइलेज इंडिकेटर के साथ
एक्स-शोरूम (दिल्ली) ₹69694

Scan to download
MyHonda-India
Customer Connect App
HDFC BANK Credit Card | IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS
अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें
डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें
*Terms and Conditions apply.
Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

# ग्लोबल साउथ को समाधान ढूंढने के लिए बहुपक्षवाद की ओर देखना होगा: जयशंकर

यूएनजीए के 80वें सत्र से इतर समूह के समान सोच वाले देशों के साथ हुई उच्च-स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए चुनौतीपूर्ण माहौल के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने मंगलवार को ग्लोबल साउथ के देशों को समाधान ढूंढने के लिए बहुपक्षवाद की ओर रुख करने की वकालत की। साथ ही उन्होंने एकल आपूर्तिकर्ता और बाजार से निर्भरता को कम कर एक लचीली सप्लाई चेन के गठन का भी सभी से आह्वान किया। जिसके केंद्र में पारदर्शी आर्थिक आदतें, साउथ-साउथ व्यापार और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा दिया जाना शामिल रहेगा। विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र से इतर ग्लोबल साउथ के समान विचारधारा वाले देशों के साथ उच्च-स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। इस संबंध में उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट भी साझा की। जिसमें लिखा, 'आज न्यूयॉर्क में यूएनजीए के अवसर पर समान विचारधारा वाले वैश्विक दक्षिण देशों की उच्च-स्तरीय बैठक की मेजबानी करते हुए प्रसन्नता हो रही है। चिंताओं के प्रसार और जोखिमों की बहुलता को देखते हुए ये स्वाभाविक है कि वैश्विक दक्षिण समाधान के लिए बहुपक्षवाद की ओर रुख करेगा'। वह इस महत्वपूर्ण आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। न्यूयॉर्क पहुंचने पर उनकी दुनिया के कई अन्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी हो चुकी हैं। जिसमें अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ हुई पहली प्रत्यक्ष बैठक सबसे महत्वपूर्ण रही है। जो टैरिफ, चाबहार प्रतिबंध और एच1बी वीजा में की गई फीस बढ़ोतरी के दौर में भारत-अमेरिका संबंधों में बने हुए तनाव के बीच हुई थी। ▸▸ शेष पेज 5 पर



### यूं दूर होंगी समस्याएं

*उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वैश्विक भलाई की सुरक्षा के लिए जिसमें समुद्री शिपिंग चिंताएं शामिल हैं। विकास के लिए सहयोगात्मक भूमिका, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण और विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सुथरा माहौल मिलना आवश्यक है। समूह देश एक ढांचागत भूमिका के साथ दुनिया के मामलों से जुड़ सकते हैं। उन्होंने ग्लोबल साउथ देशों की सामूहिक आवाज को मजबूत बनाने के लिए पांच मुख्य कदमों पर जोर दिया। जिससे वे विकासशील देशों के प्रभाव में बढ़ोतरी कर सकते हैं। समूह के बीच विचार-विमर्श को सशक्त बनाते हुए सद्भावना और सहयोग को बढ़ावा दिया जाने पर भी जयशंकर ने जोर दिया।*

### यूएन में हों व्यापक सुधार

*विदेश मंत्री ने बहुपक्षवाद और संयुक्त राष्ट्र में समग्र सुधारों पर बल देते हुए कहा कि टीकों, डिजिटल क्षमताओं, शिक्षा क्षमताओं, कृषि और एमएसएमई के अहम उदाहरणों के साथ संबंधित देशों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आगे आना चाहिए। जिससे साथी देशों को भी लाभ मिल सके। उभरती हुई प्रौद्योगिकियों खासकर कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी चर्चा में ग्लोबल साउथ के देशों का शामिल होना महत्वपूर्ण रहेगा। जिससे ये सुनिश्चित किया जा सकेगा कि विकसित हो रही व्यवस्था में से विकासशील देश कहीं पीछे न रह जाएं। वैश्विक उत्तर के दृष्टिकोण के साथ तालमेल बिठाने की जगह पर जलवायु कार्रवाई और न्याय जैसे क्षेत्रों में वैश्विक दक्षिण को अपने हितों की पूर्ति करने वाली पहल करनी चाहिए।*

### समूह के विकास के लिए भारत प्रतिबद्ध

*भारत वैश्विक मंचों पर ग्लोबल साउथ के देशों की आवाज को मजबूती के साथ उठाता रहा है। जिसमें उसकी कोशिश और प्रतिबद्धता यही दर्शाती है कि अंतरराष्ट्रीय एजेंडे को आकार देने में समूह या विकासशील देश सार्थक रूप से अपनी भूमिका का निर्वाह करें।*

### चतुर्थी: मां कूष्मांडा



सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### सीडीएस अनिल चौहान को दिया सेवा विस्तार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति (एसीसी) ने बुधवार को सशस्त्र सेनाओं के शीर्ष अधिकारी यानी प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान को सेवा विस्तार दे दिया है। जिसके तहत अब वह इस पद पर अगले वर्ष 30 मई 2026 या अगले सरकारी आदेश तक कार्यरत रहेंगे। इस पद पर पूर्व में उनकी नियुक्ति 28 सितंबर 2022 को हुई थी। रक्षा मंत्रालय ने 24 सितंबर को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि जनरल चौहान भारतीय सेना में वर्ष 1981 में कमीशन हुए थे। अपनी लंबी सैन्य सेवा अवधि के दौरान उन्होंने करियर में कई प्रमुख पदों पर अहम जिम्मेदारी निभाई, कई सैन्य इकाइयों को कमांड किया, स्टाफ नियुक्ति का ▸▸ शेष पेज 5 पर

यूरोप को भारतीयों के साथ मजबूत संबंध बनाने की है दरकार, हमें उन्हें अलग नहीं करना चाहिए

# अब जेलेंस्की ने ट्रंप को दिखा दिया आईना बोले- अधिकतर यूक्रेन के साथ खड़ा भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और चीन पर लगाए गए यूक्रेन युद्ध के 'प्राइमरी फाइनेंसर' वाले तीखे आरोप के बिलकुल उलट वोल्डोमीर जेलेंस्की की एक महत्वपूर्ण टिप्पणी सामने आई है। जिसमें उन्होंने भारत को अधिकतर यूक्रेन के साथ खड़ा हुआ बताया है। साथ ही नई दिल्ली से ये अपेक्षा भी जताई है कि वो राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव के चलते रूसी ऊर्जा क्षेत्र को लेकर अपने रुख में परिवर्तन करेगी। पश्चिमी देशों खासकर यूरोप को जेलेंस्की ने सलाह दी कि उन्हें भारत से अपने संबंधों को मजबूत बनाना चाहिए। साथ ही कहा, भारतीयों के साथ अलगाव की स्थिति उपयुक्त नहीं है। फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में यूक्रेन के राष्ट्रपति ने यह जानकारी दी है। जिसमें उनसे ये सवाल पूछा गया था कि क्या चीन और भारत यूक्रेन के खिलाफ ऊर्जा खरीद के जरिए रूस के युद्ध में योगदान दे रहे हैं? इस युद्ध में दोनों देशों की कैसी भूमिका है? ▸▸ शेष पेज 5 पर

यूएनजीए में भारत-चीन को यूक्रेन युद्ध का 'प्राइमरी फाइनेंसर' बताने के ट्रंप के बयान के बाद आई जेलेंस्की की टिप्पणी



### बातचीत-कूटनीति से निकले हल: भारत

गौरतलब है कि भारत ने शुरुआत से ही रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में शांति का पक्ष लिया है। जिसमें उसका पूरा जोर बातचीत और कूटनीति के जरिए विवाद का समाधान निकालने पर केंद्रित है। शांति स्थापना को लेकर चल रहे सभी प्रयासों में भारत समर्थन देने के लिए तैयार है। बीते वक्त में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी रूस, यूक्रेन की यात्राओं में भी दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ हुई आमने-सामने की बातचीत के अलावा शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) जैसे वैश्विक आयोजनों में भी नई दिल्ली के उक्त रुख के प्रति बनी हुई प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ दोहराया है। हालिया समय में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के साथ हुई प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष वार्ता में भी उन्होंने यही कहा है कि समस्या का समाधान युद्धक्षेत्र में नहीं बल्कि बातचीत की मेज पर बैठकर निकलेगा। महिलाओं, बच्चों समेत युद्ध में मारे जा रहे निर्दोष नागरिकों को लेकर भारत ने दुख जताया है।

### चीन के खिलाफ दिखाए तेवर

*युद्ध में चीन की भूमिका से जुड़े प्रश्न के जवाब में जेलेंस्की ने ड्रैगन के खिलाफ तल्ख तेवर दिखाते हुए कहा कि मुझे पूरा विश्वास है। क्योंकि चीन ने अक्सर चुप्पी के साथ ही मामले से दूरी बनाई हुई है। जिसे देखते हुए उससे उम्मीद करना काफी मुश्किल है। क्योंकि उसके हित में यही है कि वो रूस को समर्थन प्रदान करे। अगर चीन चाहता तो वह शांति के लिए सक्रिय हो सकता था। मगर उसने ऐसा नहीं किया। पूर्व में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर चीन एक बेहद शक्तिशाली देश है। जिसे देखते हुए रूस की उस पर पूर्ण निर्भरता होना लाजमी है। बीजिंग अगर सही मायने में शांति का पैरोकार होता तो मॉस्को पर दबाव बना सकता था और ये कह सकता था कि वो यूक्रेन के खिलाफ जारी अपनी आक्रामकता को रोके। क्योंकि चीन के बिना रूस के व्लादिमीर पुतिन का कोई अस्तित्व नहीं है।*

### ऊर्जा ही एकमात्र बड़ा मसला

*यूक्रेन के राष्ट्रपति ने भारत से जुड़े एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि नई दिल्ली के साथ हमारा मुख्य मामला ऊर्जा से संबंधित ही है। जिसे लेकर हमारी कुछ चिंताएं जरूर हैं। लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप यूरोप के साथ मिलकर इसे संभाल सकते हैं। हमें भारत के और अधिक करीब जाना चाहिए। साथ ही हमारी कोशिश भर इतनी होगी कि नई दिल्ली अपने कदम पूरी तरह से पीछे न खींचे बल्कि धीरे-धीरे रूस के कच्चे तेल और ऊर्जा से दूरी बनाए। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि ईरान कभी यूक्रेन के साथ खड़ा नहीं होगा।*

लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने और छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग पर हिंसक हुआ आंदोलन

# लेह में छात्रों और पुलिस के बीच झड़प भाजपा दफ्तर फूंका, 4 की मौत, कर्फ्यू

एजेंसी ▸▸ जम्मू

केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में राज्य के पूर्ण दर्जे को लेकर लेह में प्रदर्शन हो रहा है। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने लेह में भाजपा कार्यालय के बाहर आग लगा दी है। इतना ही नहीं, सीआरपीएफ की गाड़ी में भी आग लगा दी गई है। लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने बताया कि लद्दाख के हिंसा प्रभावित लेह जिले में जानमाल की हानि रोकने के लिए कर्फ्यू लगाया गया।

लद्दाख को पूर्ण राज्य के दर्जे दिए जाने को लेकर और छठी अनुसूची में शामिल किए जाने को लेकर सोनम वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर थे। इस हिंसक प्रदर्शन में 4 लोगों की मौत भी हो गई है। वहीं, 70 लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिसमें से दो की हालत गंभीर है। इतना ही नहीं, एक सीआरपीएफ जवान भी घायल है। वांगचुक ने अनशन खत्म कर दिया है। दरअसल, लद्दाख के लेह शहर में बुधवार सुबह गुस्साए प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हो गई। तनाव इस कदर बढ़ गया ▸▸ शेष पेज 5 पर



### लेह में हिंसा के पीछे जेन-जेड नहीं, कांग्रेस का षड्यंत्र: भाजपा

*नई दिल्ली(ब्यूरो)। भाजपा ने लेह में हिंसा को लेकर कांग्रेस पर करारा हमला बोला है। पार्टी के प्रवक्ता और सांसद डॉ संबित पात्रा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि आज लद्दाख में जेन-जेड के नाम से कुछ विरोध प्रदर्शन दिखाने की कोशिश की गई। हालाँकि, जब जाँच की गई, तो पता चला कि यह जेन-जेड का नहीं, कांग्रेस का ही विरोध प्रदर्शन था। उन्होंने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन में हिंसा की जो फुटेज सामने आई है, उसमें अपर लेह वार्ड से कांग्रेस के पार्षद स्टैनजिंग त्सेपांग दिखाई दे रहे हैं जो इस हिंसा में शामिल लोगों का नेतृत्व कर रहे हैं। जो वीडियो सामने आये हैं, उससे पता चलता है कि यही इस हिंसात्मक प्रदर्शन के* ▸▸ शेष पेज 5 पर

नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हरियाणा के ऊर्जा क्षेत्र को बढावा देने के लिए हुई बैठक

# पानीपत एवं हिसार में 8-8 सौ मेगावाट की अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल इकाईयां होंगी स्थापित

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा में बिजली की बढती मांग को देखते हुए ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हेतु एक उच्च-स्तरीय बैठक मंगलवार देर सांय नई दिल्ली में हुई। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज सहित केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ-साथ हरियाणा ऊर्जा विभाग के शीर्ष अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि पानीपत में 800 मेगावाट व हिसार में 800 मेगावाट की नई अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल ईकाईयां स्थापित की जाएंगी और इन परियोजनाओं के स्थापित होने से राज्य की बिजली उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और बढ़ती हुई ऊर्जा मांग को पूरा किया जा सकेगा। बैठक में हरियाणा ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ▸▸ शेष पेज 5 पर

बिहार के चुनावी मौसम में लगा बड़े कांग्रेसियों का जमावड़ा

# कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक में बनी चुनावी रणनीति, मोदी सरकार पर तीखा प्रहार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने आज पटना के ऐतिहासिक सदाकत आश्रम में अपनी कार्यसमिति की विस्तारित बैठक आयोजित कर विपक्षी राजनीति में नई ऊर्जा भरने का प्रयास किया। यह आज़ादी के बाद बिहार में कांग्रेस की पहली ऐसी बैठक मानी जा रही है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के शीर्ष नेताओं ने भाग लिया।बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की, जबकि पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव के.सी. वेणुगोपाल समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के लगभग




सभी बड़े नेता शामिल हुए।

**चुनावी रणनीति और सीट बंटवारे पर चर्चा :** बैठक का मुख्य फोकस आगामी बिहार विधानसभा चुनाव रहा। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह महागठबंधन के साथ ▸▸ शेष पेज 5 पर

### बिहार से कांग्रेस के पुनरुत्थान का संदेश

*इस बैठक के जरिए कांग्रेस ने संकेत दिया है कि वह अब बिहार में केवल सहयोगी की भूमिका नहीं निभाएगी, बल्कि एक निर्णायक शक्ति के रूप में उभरने का प्रयास करेगी। राहुल गांधी ने बैठक के बाद कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे "हर बूथ पर कांग्रेस की मौजूदगी सुनिश्चित करें और वोट चोरी के हर प्रयास का मुकाबला करें।" विशेषज्ञों का मानना है कि यह बैठक न केवल बिहार चुनाव, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी अहम संदेश देती है। कांग्रेस ने अपने तेवर और रणनीति से यह साफ कर दिया है कि आने वाले चुनाव में वह आक्रामक भूमिका निभाने के लिए तैयार है।*

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India
21ST ANNUAL CONVOCATION 2025
Date: 26th - 28th September, 2025 | Venue: KIIT Campus 3 (Kathajodi)
Graced by
Prof. Mohan Munasinghe
Nobel Laureate, Sri Lanka — 26th Sept. 2025
Justice Abdulqawi Ahmed Yusuf
Judge, International Court of Justice (ICJ), The Hague
Justice Dalveer Bhandari
Judge, International Court of Justice (ICJ), The Hague — 27th Sept. 2025
H.E. Ouided Bouchamaoui
Nobel Laureate, Tunisia — 28th Sept. 2025
This year, the KIIT Convocation will be held over three days from 26th - 28th September 2025, discipline-wise, to facilitate greater participation of students and parents.
Website: www.kiit.ac.in | Email: kiit@kiit.ac.in

**खबर संक्षेप**

### थानों में बदलेगी ब्रिटिशकालीन नियम



**गाजियाबाद।** अंग्रेजों के जमाने के पुराने कानून भले ही खत्म हो गए हों और नए कानून लागू हो गए हों, लेकिन थानों की ब्रिटिशकालीन संरचना आज भी कायम है। आज भी थानों में कार्यालय काउंटर चार से साढ़े चार फीट ऊंचे होते हैं। यहीं पर मुंशी और हेड क्लर्क बैठते हैं, जबकि फरियादियों के पास बैठने की जगह तक नहीं होती। मुंशी काफी ऊंचाई पर बैठकर फरियादियों की समस्याएं सुनता है।

### गाड़ी से टक्कर मारकर मृत्यु के मामले में 3 काबू



**फरीदाबाद।** थाना सेंट्रल के अंतर्गत 21-22 सितंबर की रात को कन्वेंशन हॉल सेक्टर 12 के पास मनोज कुमार को एक थार गाड़ी द्वारा टक्कर मारी गई थी, जिससे मनोज की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाही व मौके के चश्मदीद गवाहों के आधार पर संलिप्त 3 आरोपी निशांत, हिमांशु कुमार व केशव चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है।

### पैसे कमाने का लालच देकर 2 लाख की ठगी



**फरीदाबाद।** टास्क के माध्यम से पैसे कमाने का लालच देकर 2,48,371 रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। थाने में व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि ठगों ने उसके पास टेलिग्राम पर एक लिंक भेजा और खाता खुलवाया। जहां पर टास्क के साथ ठगों ने उससे 2,48,371 रुपए अपने खाता में डलवा लिए थे।

### हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम काबू किया है।पुलिस थाना सेक्टर-58 में नेत्रपाल ने बताया कि 7 फरवरी 2024 को नितेश व मोहित ने उसके भाई इन्द्रजीत हत्या कर दी। थाना सेक्टर-58 में मामला दर्ज किया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लगभग 19 महीने से फरार चल रहे आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया है।

### शराब पीने से रोकने पर पिता की हत्या




**गुरुग्राम ।** सेक्टर-5 थाना एरिया में शराब पीने से रोकने पर एक युवक ने अपने वकील पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी। युवक शराब पीकर घर आया था, पत्नी ने जब उसे टोका तो उसके साथ मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। बीच बचाव में पिता आए तो उनको भी घायल कर दिया गया। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पिता की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

### नकली देसी घी बेचते हुए दो युवक गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** पुलिस ने बुधवार को नकली देसी घी बेचने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 70 पैकेट (900 एमएल) व 5 टिन (133 किलोग्राम) मधुसूदन नकली देसी घी बरामद की है। फूड एंड सेफ्टी डिपार्टमेन्ट व थाना कौशाम्बी पुलिस ने मधुसूदन क्रीमी फूड्स लि.कं. के अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर विनय अग्रवाल व भारत अग्रवाल को गिरफ्तार किया है।

# फरीदाबाद के ग्रामीण अंचलों से निकलेंगे कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी

## पावटा गांव में शहीद दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

*केंद्र सरकार द्वारा खेलो को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। कई वर्षों से सांसद खेल महोत्सव सभी जिलों में आयोजित किया जाता है। प्रदेश में वर्तमान में युवाओं को बिना खर्च बिना पर्ची की रोजगार दिया जा रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच है की देश का युवा स्वस्थ हो। जहां खेल प्रतियोगिताएं हमें बहुत कुछ सिखाती है, वहीं खिलाड़ी स्वस्थ भी रहते हैं। खेल प्रतियोगिताएं उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। यह विचार केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने पावटा गांव में शहीद दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा खेलो को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। कई वर्षों से सांसद खेल महोत्सव सभी जिलों में आयोजित किया जाता है। प्रदेश में वर्तमान में युवाओं को बिना खर्च बिना पर्ची की रोजगार दिया जा रहा है। पूरे हरियाणा में युवाओं को उनका हक मिला है। ऐसे बहुत से निर्णय सरकार ने लिए है जिनका युवाओं को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में फरीदाबाद के ग्रामीण अंचलों से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे और फरीदाबाद का नाम रोशन करेंगे। पावटा गांव में पहुंचने पर केंद्रीय राज्य मंत्री का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया ।

### हाल ही में मंत्री ने पाली के स्टेडियम के लिए एक करोड रुपए दिए

कार्यक्रम में मौजूद विधायक सतीश फागना ने बताया कि क्षेत्र के सभी गांव में खिलाड़ियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और आने वाले समय में क्षेत्र के गांव से तमाम अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी फरीदाबाद का नाम रोशन करेंगे। पावटा स्टेडियम में मौजूद भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि जिले के तमाम गांव में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर खिलाड़ियों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और हाल में उन्होंने पाली के स्टेडियम के लिए एक करोड रुपए दिए और एक करोड रुपए और देने का वादा किया। उन्होंने बताया कि पावटा गांव के लोगों ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सामने चार मांगे रखी और मंत्री जी ने उनकी सभी मांगे मान और जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

## रेलवे रोड पर तोड़फोड़ रद्द करे नगर निगम

# आयुक्त ने दिवाली तक कोई कार्रवाई न करने का दुकानदारों को दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

*फरीदाबाद में दुकानदारों ने नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा से मुलाकात की। उन्होंने तोड़फोड़ की कार्रवाई को रोकने की मांग की। आयुक्त ने दिवाली तक कोई कार्रवाई न करने का आश्वासन दिया।*

रेलवे रोड किनारे बनी दुकानों को तोड़फोड़ से बचाने के लिए दुकानदारों ने बुधवार दोपहर को नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा से मुलाकात की।

दुकानदारों ने तोड़फोड़ की कार्रवाई को रद्द करने की मांग की। इस दौरान निगमायुक्त ने दुकानदारों को दिवाली तक तोड़फोड़ न करने का आश्वासन दिया। गांधी कॉलोनी के सामने रेलवे रोड पर भगत सिंह चौक से लेकर ओल्ड फरीदाबाद अंडरपास तक काफी संख्या में दुकानें बनी हुई हैं। ये दुकानें गांधी कॉलोनी के अंतर्गत आती है। एनआईटी-पांच भगत सिंह चौक से लेकर थोड़ा आगे तक यह सड़क चार लेन हैं, लेकिन आगे चलकर यह सड़क संकरी है।

*नए सिरे से बनाया जा रहा फरीदाबाद रेलवे स्टेशन*

*दो लेन सड़क बनी हुई है। चार लेन बनाने का काम चल रहा*



### 100 दुकानें हैं, जिन पर नोटिस लगाए गए थे

रेलवे स्टेशन इमारत के नए सिरे से बनने के कारण अब रेलवे रोड को भी चौड़ा करने की तैयारी चल रही है। शनिवार शाम को नगर निगम ने इस रोड को चौड़ा करने के लिए दुकानों पर नोटिस लगा दिए थे। लोगों ने अपनी दुकानों को तोड़फोड़ से बचाने के लिए बुधवार दोपहर को नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। यहां लोगों ने नगर निगम मुख्यालय में निगमायुक्त धीरेंद्र खड़गटा से मुलाकात की। लोगों ने उन्हें बताया कि यह जमीन उनकी अपनी है। उनके पास इसके दस्तावेज भी हैं। लोगों ने बताया कि निगमायुक्त ने उन्हें आश्वस्त किया है कि पूरी जांच-पड़ताल करने के बाद कार्रवाई होगी। दिवाली तक निगम कोई कार्रवाई नहीं करेगा। 85 फीट जमीन लेना चाहता है निगम नगर निगम प्रशासन रेलवे स्टेशन के सामने 85 फीट जमीन लेना चाहता है। फिलहाल यहां 35 से 40 फीट तक जमीन पर सड़क बनी हुई है। यहां पर करीब 100 दुकानें बनी हुई हैं। कुछ हिस्से में चार लेन सड़क है तो कुछ जगह दो लेन सड़क बनी हुई है।

### दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा लगाएगी 10 हजार पौधे



**गाजियाबाद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर गुरुवार को भाजपा 10 हजार पौधे लगाएगी। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि पौधे महानगर के 20 मंडलों में लगाए जाएंगे। साथ ही प्रत्येक मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

इस कार्यक्रम में भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन दर्शन समाज और राष्ट्र को समर्पित रहा है। उनकी जयंती पर पौधरोपण कर कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेंगे और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हरित भविष्य देने की दिशा में यह प्रयास सार्थक साबित होगा।

बैठक में सभी पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सेक्टर संयोजकों और बूथ अध्यक्षों को भी उनके कर्तव्यों से अवगत कराया गया।

## पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ ने दिए निर्देश

# त्योहार में सतर्क रहें, ज्वेलर्स, पेट्रोल पंप, बैंक प्रबंधकों के साथ की गोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आगामी त्योहार के सीजन के मद्देनजर बाजारों में भीड़भाड़ से सड़कें जाम रहती है। लोगों की खरीद फिरोख्त बढ़ती है। ऐसे में सजग और सतर्क रहना सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिसके मद्देनजर पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ राजकुमार वालिया ने अपने क्षेत्र के ज्वेलर्स, पेट्रोल पंप संचालक व बैंक प्रबंधकों जैसे कई महत्वपूर्ण घटकों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया।

### संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना पुलिस को देने की हिदायत

गोष्ठी के दौरान उन्होंने बैंक प्रबंधकों को सीसीटीवी कैमरे सही ढंग से कार्यरत रखने और सुरक्षा गार्डों की सतर्कता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ज्वेलर्स को भी दुकान पर सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की हिदायत दी।

बैठक में पेट्रोल पंप व बैंकों पर सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्डों की ड्यूटी, अलार्म सिस्टम एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी , किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने तथा जागरूक करने की अपील की गई।

### जनता से लगातार संवाद बनाए रखने के निर्देश

उन्होंने पेट्रोल पंप प्रबंधकों से नकदी लेन-देन व सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारियों को बाजारों में गश्त बढ़ाने और पब्लिक से लगातार संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## ऑटो में बैठी महिला को बातों में फंसा

# पर्स चोरी के मामले में एक महिला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



ऑटो में बैठी महिला को बातों में फंसाकर पर्स चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक महिल आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस थाना ओल्ड फरीदाबाद में सेक्टर-30 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 10 अप्रैल को जब वह ऑटो में बैठ कर मार्केट जा रही थी तो उसी ऑटो में रास्ते से एक और औरत बैठी। जिसने उसे बातों में लगाया और मौका पाकर उसके बैग से पर्स चोरी कर लिया। जिस शिकायत पर थाना ओल्ड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए सोनिया काल्पनिक नाम निवासी महेन्द्रगढ हाल पलवल को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी महिला ऑटो में बैठी अकेली औरतों को अपना निशाना बनाती थी, जब किसी ऑटो में उसे अकेली औरत मिलती तो वह उसे बातों में फंसाती और चोरी की वारदात को अंजाम देती। महिला से 9500 रुपए बरामद किये गये। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा।

## देवी सिंह प्रधान, मनोज बने सचिव

# सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा तिगांव ब्लॉक के चुनाव संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के तिगांव ब्लॉक के चुनाव सर्वसम्मति से पुरानी प्याऊ परिसर में सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान करतार सिंह की अध्यक्षता में तथा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री की देख-रेख में देवी सिंह दूसरी बार बने प्रधान, सुरेन्द्र चौटाला, वरिष्ठ उपप्रधान, सचिव मनोज जाखड़, बिजली विभाग, कोषाध्यक्ष मनोज बालगुहेर, संगठन सचिव अरूण सीरिया, वीरेंद्र शर्मा बिजली को चुना गया ।

सम्मेलन में स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य, नगर निगम, बिजली विभाग, इरिगेशन, पीडब्ल्यूडी, बी एंड आर सहित अन्य सरकारी, अर्ध सरकारी, निगम बोर्ड के कर्मचारी संगठन उपस्थित थे।

संचालन जिला सचिव युद्धवीर सिंह खत्री ने किया। खत्री ने बताया कि ब्लॉक बडख़ल, तिगांव, बल्लभगढ़ ब्लॉक व फरीदाबाद ब्लॉक के चुनाव संपन्न करवा दिए गए हैं ।

### निर्विरोध चुने गए निगम कार्यकारिणी के 6 सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम की बैठक में 6 कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध चुने गए। चुने गए सदस्यों में भाजपा के पार्षद प्रवीण चौधरी, प्रमोश यादव, पार्षद गौरव सोलंकी, विनील दत्त, देव नारायण तथा विपक्ष से पार्षद अजय शर्मा का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। बैठक के शुरू होने पर महापौर सुनीता दयाल ने जीएसटी की दरों में कमी करने पर प्रधानमंत्री का धन्यवाद प्रस्ताव पास किया गया।

साथ ही एक पौधा माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत मां तुझे सलाम करते हुए इंदिरापुरम एसटीपी के पास बने उपवन का नाम प्रधानमंत्री की माता जी नाम 'हीराबेन उपवन' का प्रस्ताव महापौर ने सदन में पास करवाया। पीएम के जन्मदिन महोत्सव पर सेवा पखवाड़े

# इंदिरापुरम उपवन का नाम हीराबेन उपवन का प्रस्ताव निगम से पास



कार्यक्रम के अंतर्गत सदन की बैठक में विजय नगर स्थित मिलिट्री ग्राउंड पर बने उपवन का काम 'नमो उपवन' रखा गया। इसके साथ सभी वार्डो में विकास की गति अधिक तेज हो सके इसलिए महापौर और नगर आयुक्त ने प्रत्येक वार्ड में 50 लाख के विकास कार्यो को कराना तय किया जिसकी महापौर ने सदन की बैठक में घोषणा भी की।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश मिश्रा पुत्र हरी नारायण निवासी** बी–171, होली चौक, पंजाबी बस्ती, बलजीत नगर, दिल्ली–08, ने **CC No. 20076/18, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन रूप नगर, उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश मिश्रा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश मिश्रा** जो कोर्ट की तारीख पर नहीं जा रहा है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 20076/18, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन रूप नगर, उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजेश मिश्रा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.10.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आरुषि परवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05 (एनआई एक्ट) केंद्रीय,
कमरा नं0–02, भूतल, केंद्रीय जिला,
बिल्डिंग एनेक्सी–01, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12765/N/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीलम खत्री, पत्नीः स्व. यशपाल खत्री, पताः 1) म.नं. 8055, गली नं. 8, मुल्तानी ढांडा, पहाड़गंज, नई दिल्ली, 2) म.नं. 9448 / 10, मुल्तानी ढांडा, पहाड़गंज, नई दिल्ली** ने **CC No. 1) 20573/18, 2) 9758/17, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना पहाड़गंज, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नीलम खत्री** नहीं मिल रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नीलम खत्री** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 1) 20573/18, 2) 9758/17, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना पहाड़गंज, दिल्ली** के अभियुक्त **नीलम खत्री** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आरुषि परवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05 एनआई एक्ट
सेंट्रल एनेक्सचर–01, कमरा नं. 2
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12799/CD/2025

# ड्रीम लीग ऑफ इंडिया ने कर दी दिल्ली ट्रायल्स की घोषणा

### दो हजार प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारत की सबसे बड़ी टेनिस क्रिकेट बॉल लीग ड्रीम लीग ऑफ इंडिया ने राजधानी दिल्ली में ट्रायल्स की घोषणा की है। ये ट्रायल्स 8, 9 और 10 अक्टूबर 2025 को द्वारका में आयोजित किए जाएंगे। इन ट्रायल्स में 2000 से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है।

गुरुग्राम ट्रायल्स के बाद डीएलआई द्वारका स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन करने जा रहा है। इन ट्रायल्स के जरिए दिल्ली और इसके आसपास के क्षेत्रों के खिलाड़ी स्काउट्स और कोच की मौजूदगी में पेशेवर क्रिकेट की चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे। पहली बार आयोजित हो रहे इन ट्रायल्स को लेकर सर्वोटेक स्पोर्ट्स के निदेशक ऋषभ भाटिया ने कहा कि गुरुग्राम घोषणा को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद हम राजधानी के दिल दिल्ली में ड्रीम लीग ऑफ इंडिया ट्रायल्स लाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

दिल्ली हमेशा से क्रिकेट प्रतिभा का गढ़ रही है और हमें यकीन है कि यहां से ऐसे खिलाड़ी निकलकर सामने आएंगे जो अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं।

इस संदर्भ में बात करते हुए बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल कुणाल गुप्ता ने कहा कि, हमें खुशी है कि हमारे स्कूल में ड्रीम लीग ऑफ इंडिया के दिल्ली ट्रायल्स आयोजित हो रहे हैं। बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल हमेशा से युवा प्रतिभा को निखारने में विश्वास रखता है और हम उत्साहित हैं कि उभरते क्रिकेटर यहां अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस बीच डीएलआई द्वारा इस महीने की शुरुआत में घोषित किए गए गुरुग्राम ट्रायल्स 1 और 2 अक्टूबर 2025 को युग 2.0, सेक्टर 70 में आयोजित होंगे।

ये गुरुग्राम ट्रायल्स देशभर में सर्वोटेक स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित किए जाने वाले कई ओपन ट्रायल्स में सबसे पहले होंगे। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया जिसे सर्वोटेक स्पोर्ट्स ने लॉन्च किया है, देश की सबसे बड़ी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता है। इसमें कुल छह टीमें होंगी जिसे दो श्रेणियों में आयोजित किया जाएगा, जूनियर्स और सीनियर्स। जूनियर की उम्र 13 से 18 व सीनियर्स 18 वर्ष से अधिक।

# एनसीआरटीसी ने साइबर सिक्योरिटी इनोवेशन ई-गवर्नेंस के राष्ट्रीय पुरस्कारों में जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

एनसीआरटीसी को भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित ई-गवर्नेंस 2025 राष्ट्रीय पुरस्कारों में स्वर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित 28वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के दौरान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा यह पुरस्कार एवं 10 लाख रुपए की धनराशि प्रदान की गई। एनसीआरटीसी को यह सम्मान ₹साइबर सुरक्षा में सर्वश्रेष्ठ ई-गवर्नेंस अभ्यास/साइबर सिक्योरिटी में नवाचार (बेस्ट ई-गवर्नेंस प्रैक्टिसेज/इनोवेशन इन साइबर सिक्योरिटी) श्रेणी में मिला है। एनसीआरटीसी को यह सम्मान नमो भारत परियोजना में साइबर और डिजिटल सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के अग्रणीय प्रयास के लिए प्रदान किया गया है। आज के समय में, इंटरनेट के जरिए टिकट और मोबाइल ऐप्स जैसी यात्री सेवाएं, ऑपरेशनल तकनीकों जैसे सिग्नलिंग, स्काडा , रोलिंग स्टॉक नियंत्रण और एलटीई संचार नेटवर्क से जुड़ रही हैं। ऐसे में साइबर हमलों का खतरा बढ़ जाता है। एनसीआरटीसी ने इससे बचाव के लिए शुरुआत से ही मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की है।

### उपराज्यपाल के मार्गदर्शन में विकास की दिशा में उठाए जा रहे हैं ठोस और सार्थक कदम : रेखा

# दिल्ली अब हमारे पीएम के सपने के अनुरूप तेजी से विकास की ओर है अग्रसर: सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली अब हमारे प्रधानमंत्री के सपनों के अनुरूप तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। मुझे प्रसन्नता है कि अब इस मुहिम में दिल्ली सरकार हमारे साथ खड़ी है, और मुझे पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली का विकास और अधिक गति से होगा। यह बातें बुधवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पूठ खुर्द, रोहिणी में दिल्ली ग्रामोदय अभियान (डीजीए) के तहत परियोजनाओं के उद्घाटन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। इससे पहले दिल्ली के गांवों में नागरिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को पूठ खुर्द, रोहिणी से दिल्ली ग्रामोदय अभियान (डीजीए) के तहत पूरी दिल्ली के 50 गांवों में 81 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, वे दिल्ली के पांच जोन में फैली हुई हैं। 81 परियोजनाओं में से 16 द्वारका जोन में, 10 पूर्वी जोन में, 13 नरेला में, 20 उत्तरी जोन में और 22 रोहिणी जोन में हैं। इस अवसर पर मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, सांसद योगेन्द्र चंदोलिया, विधायक एवं दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजकुमार चौहान, पूठ खुर्द वार्ड से निगम पार्षद अंजू अमन कुमार, दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र और डीडीए के उपाध्यक्ष एन. सरवण कुमार भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन में ग्रामीण विकास की दिशा में ठोस और सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि जब दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों की किसी को चिंता नहीं थी, तब उपराज्यपाल ने लोगों की जरूरतों को सुनने के लिए व्यक्तिगत रूप से गांवों का दौरा किया और यह सुनिश्चित किया कि ये परियोजनाएं डीडीए के माध्यम से पूरी हों। उन्होंने आगे कहा कि पिछली सरकारें सिर्फ राजनीति पर केंद्रित रहीं और सड़कों, सामुदायिक भवनों या स्कूलों जैसी गांव की बुनियादी जरूरतों को नजरअंदाज करती रहीं। नागरिक सुविधाओं का विस्तार करते हुए गांवों में जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए दिसंबर 2023 में दिल्ली ग्रामोदय अभियान शुरू किया गया था। इन कार्यों को सुगम बनाने के लिए, तत्कालीन दिल्ली सरकार के पास अप्रयुक्त शेष 960 करोड़ रुपये के ग्राम सभा क्षेत्र कोष को दिल्ली के गांवों में विकास परियोजनाओं के लिए डीडीए को हस्तांतरित कर दिया गया था। दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत उत्तरी दिल्ली के पूठ खुर्द, भलस्वा, होलंबी खुर्द, तिग्गीपुर, घोगा, सन्नोठ, बांकनेर, होलंबी कलां, नरेला और मोहम्मदपुर माजरी जैसे गांवों में सार्वजनिक भवनों, चौपालों, सामुदायिक भवनों और बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्रों का नवीनीकरण और उन्नयन किया जाएगा। वहीं ओल्ड सीमापुरी और कराला में ओपन जिम पार्क के साथ-साथ सड़कों, सार्वजनिक स्थानों और अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं में सुधार भी शामिल है, जिनका वित्तपोषण डीडीए द्वारा किया जाएगा।

■ उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ दिल्ली ग्रामोदय अभियान (डीजीए) के तहत 50 गांवों में 81 विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# मुख्यमंत्री ने मुंडका में पोषण किट वितरित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को बाहरी दिल्ली स्थित गांव मुंडका में एक विशेष कार्यक्रम में 17,834 पोषण किट के वितरण की शुरुआत की। इस कार्यक्रम का आयोजन सांसद योगेंद्र चंदोलिया के साथ एनी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कुपोषण मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में योगदान देना है। पोषण माह अभियान 17 सितंबर से शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, विधायक गजेंद्र दराल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि माताओं और बहनों को वितरित यह पोषण किट उन्हें और उनके बच्चों को पौष्टिक आहार सुनिश्चित करने में मदद करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य और पोषण के महत्व को उजागर करता है, बल्कि समाज में एक जागरूकता भी पैदा करता है। उन्होंने कहा कि पोषण माह केवल एक अभियान नहीं है, बल्कि एक व्यापक जन-आंदोलन है, जिसका उद्देश्य बच्चों और माताओं को सही समय पर पोषण प्रदान करना है। यह पहल स्वस्थ जीवन और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# दिल्ली में जल्द होगा कृत्रिम बारिश का ट्रायल : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में पहली बार अक्टूबर–नवंबर बीच दिल्ली में कृत्रिम बारिश का ट्रायल किया जाएगा। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है। उन्होंने ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से,डीजीसीए ने आईआईटी कानपुर को दिल्ली में कृत्रिम बारिश की अनुमति दे दी है। यह अनुमति 1 अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक के लिए है। इससे देश में पहली बार कृत्रिम वर्षा का रास्ता खुल रहा है, जिसका उद्देश्य प्रदूषण कम करना और सर्दियों में लोगों को राहत देना है। इससे प्रदूषण के खिलाफ हमारी लड़ाई में भारत की पहली कृत्रिम वर्षा का रास्ता अब औपचारिक रूप से खुल गया है। सिरसा ने कहा कि मैंने विमान को स्टैंडबाय पर रखने के निर्देश दिए हैं।

जैसे ही मौसम और वैज्ञानिक मानक अनुकूल होंगे, हम 1–11 अक्टूबर के बीच प्रारंभिक ट्रायल करने का लक्ष्य रखेंगे, ताकि लोगों को प्रदूषण से तुरंत राहत मिल सके। अनुमति के अनुसार आईआईटी कानपुर एयरक्राफ्ट वीटी-आईआईटी का उपयोग करेगा और डीजीसीए के अनुमोदित मैनुअल व निर्देशों का पालन करेगा। पायलट के पास वैध प्रोफेशनल लाइसेंस और वर्तमान मेडिकल फिटनेस होना जरूरी है, तथा ऐसे संचालन का पूर्व अनुभव होना चाहिए। सभी उड़ानें सुरक्षा मानकों के तहत होंगी। उड़ान के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्रों से बचा जाएगा। हवाई फोटोग्राफी की अनुमति नहीं होगी और विदेशी चालक दल शामिल नहीं होंगे।यह कदम दिल्ली की 24 घंटे, साल भर चलने वाली क्लीन एयर स्ट्रैटेजी का हिस्सा है, जिसका मकसद खासकर सर्दियों में लोगों के स्वास्थ्य को प्रदूषण से बचाना है। मंत्री सिरसा ने कहा कि आईआईटी कानपुर को पहले भी अनुमति मिली थी, लेकिन जुलाई में वांछित परिणाम न मिलने की संभावना के कारण ट्रायल्स नहीं हो पाए थे। अब इस नई समय-सीमा में, उपयुक्त मौसम और सभी सुरक्षा अनुमति मिलने पर ट्रायल पूरे किए जाएंगे।




■ डीजीसीए ने आईआईटी कानपुर को एक अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक दिल्ली में क्लाउड सीडिंग करने की दी अनुमति

## गांवों के निजी वाहनों को दी जाए टोल फ्री की सुविधा : बिधूड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विश्वस्तरीय हाईवे यानी यूईआर-2 के निर्माण में जिन गांवों की जमीन अधिग्रहित की गई थी, उनके निजी वाहनों को टोल फ्री की सुविधा दी जाए। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से बुधवार को यह आग्रह किया। मुलाकात के बाद बिधूड़ी ने यह जानकारी दी और गडकरी को धन्यवाद दिया कि दिल्ली में प्रदूषण और जाम से मुक्ति दिलाने के लिए अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 का निर्माण किया गया है जोकि तीसरे रिंग रोड के रूप में दिल्लीवालों के साथ-साथ आसपास के राज्यों के लिए भी बड़ी राहत बन रहा है। बिधुड़ी ने दिल्ली देहात की तरफ से गडकरी को एक ज्ञापन भी दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि यूईआर-2 के निर्माण के लिए 2002 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा दिल्ली के किसानों की जमीन कौड़ियों के दाम अधिग्रहित की गई थी और इसके लिए मात्र 13 लाख 60 हजार रुपए एकड़ का मुआवजा दिया गया था जोकि बहुत कम था। बिधूड़ी ने मंत्री से आग्रह किया कि अलीपुर से महिपालपुर जो गांव इससे प्रभावित हुए हैं, इन सभी गांवों के केवल निजी वाहनों के लिए टोल फ्री सुविधा प्रदान की जाए।

■ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को सौंपा दिल्ली देहात का ज्ञापन

# यूईआर-2 टोल पर सरकार के साथ ग्रामीणों की बातचीत रही बेनतीजा, टकराव संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




यूईआर-2 टोल हटाने को लेकर गांववासियों की केंद्र सरकार के साथ बातचीत बेनतीजा रही है। मुंडका-बक्करवाला टोल को खत्म करने की मांग कर रहे ग्रामीणों ने महापंचायत में ऐलान किया था कि अगर सरकार ने बात नहीं मानी तो टोल पर चक्का जाम लगाया जाएगा। पालम 360 खाप के प्रधान सुरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में दिल्ली के ग्रामवासियों के प्रतिनिधिमंडल और केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा के बीच बुधवार को इस मामले में बैठक हुई। इस बारे में जानकारी देते हुए सोलंकी ने बताया कि बातचीत बेनतीजा रही और कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने कहा कि अब हम अपना आंदोलन तेज करेंगे क्योंकि सरकार ने किसी भी गांव के लिए टोल माफ करने से साफ इंकार कर दिया है।

सोलंकी ने बताया कि हाल ही में महापंचायत में गठित ग्रामवासियों की समिति ने बुधवार को केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और दिल्ली के सांसदों से मुलाकात की और यूईआर-2 के साथ लगते दिल्ली के गांवों के लिए टोल माफी की मांग की। सोलंकी ने कहा कि सरकार ग्रामवासियों को उनकी पहचान दिखाने पर शुल्क माफ करने के लिए तैयार नहीं है और फिर से मासिक पास विकल्प के लिए जाने को कहा है।

बैठक के बाद खाप प्रमुख ने बताया कि बुधवार को हुई बातचीत फलदायी नहीं रही, क्योंकि सरकार किसी भी गांव के लिए टोल माफ करने पर सहमत नहीं हुई। अब ग्रामीण क्षेत्र के नेता का कहना है कि 21 सितंबर को महापंचायत के बाद दो दिनों के लिए स्थगित किया गया आंदोलन अब फिर से तेज किया जाएगा ताकि मांग को आगे बढ़ाया जा सके। 21 सितंबर को भाजपा के दो विधायकों ने बक्करवाला गांव में आयोजित महापंचायत में ग्रामवासियों से मुलाकात की थी और यह निर्णय लिया गया था कि महापंचायत द्वारा नियुक्त ग्रामीण प्रतिनिधि बुधवार को केंद्र से मिलेंगे। सोलंकी ने कहा कि ग्रामवासी यूईआर 2 टोल पर चक्का जाम करेंगे और अपनी मांगें पूरी होने तक विरोध प्रदर्शन और तेज कर सकते हैं। बैठक में मौजूद रहने वालो मे धारा सिंह, प्रधान बवाना-52, अनार सिंह प्रधान टिकरी 5, चौ समुंदर प्रधान कराला 17, नारायण सिंह,सुरेंद्र डाबास ,सुरेंद्र लाकड़ा, मुख़्तार सिंह भी उपस्थित थे।

सोलंकी की अगुवाई में ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल की सड़क परिवहन राज्यमंत्री मल्होत्रा के साथ हुई बैठक

सरकार टोल माफ करने को तैयार नहीं, हम आंदोलन करेंगे तेज : पालम 360 खाप

### पिछली सरकारें केवल काम करने का मचाती थी शोर : रेखा गुप्ता

# मुख्यमंत्री ने पीरागढ़ी बस डिपो में छह मॉडर्न स्विचिंग सब-स्टेशन का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पिछली सरकारों से तुलना की और हुए कहा कि पहले की सरकारें केवल योजनाएं बनाने और प्रचार-प्रसार करने तक ही सीमित थीं। दिल्ली में पिछली सरकारें केवल काम करने का शोर मचाती थी और हर चीज का बस प्रचार करती थीं, जबकि हमारी सरकार परिणाम देने पर केंद्रित हैं। यह बातें बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीरागढ़ी बस डिपो में एक साथ छह मॉडर्न स्विचिंग सब-स्टेशन का उद्घाटन करने के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ही दिन में एक साथ छह उद्घाटन इसका सटीक प्रमाण हैं कि हम केवल बातों में नहीं, बल्कि काम करने में भरोसा करते हैं। इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के साथ ऊर्जा मंत्री आशीष सूद, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, सांसद योगेंद्र चंदोलिया, शकूर बस्ती के विधायक करनेल सिंह, विधायक मनोज कुमार शौकीन, राजकरण खत्री समेत ऊर्जा और परिवहन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। ये अत्याधुनिक स्विचिंग सब-स्टेशन बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) के संयुक्त प्रयास से बनाए गए हैं। बीआरपीएल के पांच सब-स्टेशन पीरागढ़ी, नांगलोई, अम्बेडकर नगर, श्रीनिवासपुरी और ओखला सेंट्रल वर्कशॉप में स्थित हैं, जो 970 इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग की सुविधा प्रदान करेंगे, जबकि टीपीडीडीएल का नरेला सब-स्टेशन 200 बसों के लिए चार्जिंग की सुविधा प्रदान करेगा।

कुल मिलाकर ये दोनों सब-स्टेशन लगभग 1170 इलेक्ट्रिक बसों के लिए विश्वसनीय, स्वच्छ और सतत परिवहन की व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उद्घाटन कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिल्ली में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे 'सेवा पखवाड़ा' का ही हिस्सा है। सेवा पखवाड़े के दौरान हमारी सरकार दिल्ली की जनता को 75 सेवाएं और 75 परियोजनाएं समर्पित करने जा रही है। आज का यह कार्यक्रम हमारी सरकार द्वारा दी गई 42वीं सौगात है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आगामी 30 सितंबर को आयोजित होने वाले एक भव्य कार्यक्रम का भी ऐलान किया, जिसमें 4500 करोड़ रुपए से अधिक लागत से यमुना नदी पुनरुद्धार के लिए एसटीपी, सीवर लाइन और जल भंडार समेत 46 नई परियोजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ओखला में एशिया के सबसे बड़े एसटीपी प्लांट का भी शुभारंभ करेंगे।

इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार के प्रयास से दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली अपनी खोई हुई गरिमा को फिर से हासिल कर रही है। हम दिल्ली परिवहन निगम को पुन पटरी पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। दिल्ली में 3000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें पहले से ही चल रही हैं।

# निगम बोध घाट पर दाह संस्कार के स्थान की साफ सफाई का कार्य जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बीते दिनों आई बाढ़ के बाद जमना बाजार, कश्मीरी गेट के प्राचीन निगम बोध घाट में उत्तरांचली व पूर्वांचली भाई बहनों के दाह संस्कार के प्लेटफार्मों और मार्ग में करीब चार से पांच फुट जमी गाद को हटाए जाने का काम युद्धस्तर पर जारी है। बडी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल सभा (पंजी.) व निगम बोध घाट संचालन समिति के मुख्य प्रबंधक सुमन कुमार गुप्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पूर्व अंदर के प्लेटफार्मों पर तो दाह संस्कार का कार्य शुरू कर दिया गया था, लेकिन यमुना के डूब क्षेत्र में स्थापित उत्तरांचली भाई बहनों के लिए बड़ी पंचायत द्वारा बनाए गए घाटों पर करीब चार से पांच फुट गाद जमी पड़ी थी, जिसको लेकर बडी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल सभा ने 30 लोगों की एक टीम बनाकर जेसीबी के माध्यम से गाद हटाने का काम विशाल मिश्रा और अवधेश शर्मा की देखरेख में शुरू किया हुआ है। गुप्ता ने बताया, निगम बोध घाट के समस्त स्टाफ ने मिलकर इस कार्य को पूर्ण करने का संकल्प लिया हैं। उन्होंने कहा कि बडी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल सभा यह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अंतर्गत आयोजित सेवा पखवाड़ा को समर्पित कर रही है।

■ घाटों पर जम गई थी करीब चार से पांच फुट गाद



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## व्रत में जरूर करें फलाहार नहीं महसूस होगी कमजोरी

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। व्रत के दौरान केवल दूध और पानी लेने पर कमजोरी महसूस होती है। कृपया बताएं कि अपने फलाहार में कौन-कौन सी चीजें शामिल करूं, ताकि ऐसी समस्या न हो?**

**-विजय, रोहतक**

व्रत के दौरान केवल दूध या पानी लेना पर्याप्त नहीं होगा। आपको फल लेने चाहिए, जिसमें केले जरूर खाने चाहिए। इसके साथ ही इसकी स्मूदी बनाकर खा सकते हैं, जिसमें कई और फल शामिल कर सकते हैं। साथ ही इसमें ड्राई फ्रूट्स भी डाल सकते हैं। यह आपको दिन में तीन से चार बार लेना चाहिए। केवल आलू भी ना खाएं, इससे कोई न्यूट्रिशन नहीं मिलेगा।



**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द बना रहता है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-साकेत, रायपुर**

आपके लक्षण सुनकर ऐसा लगता है कि आपको सर्वाइकल की दिक्कत हो सकती है, क्योंकि गर्दन दर्द के साथ चक्कर आना जैसी समस्याएं सर्वाइकल में होती हैं। बेहतर होगा कि एक बार आप ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करें। वो एक्सरे कराकर पता लगाएंगे और उसका प्रॉपर ट्रीटमेंट शुरू होगा। इस बात का ध्यान रखें कि दवा से ज्यादा जरूरी नियमित एक्सरसाइज है, जो आपको फिजियोथैरेपिस्ट बताएंगे।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। पिछले दो हफ्तों से मुझे लगातार खांसी आ रही है। छाती में दर्द और भारीपन भी रहता है। कफ-सीरप और दवाएं लेने के बाद भी कोई राहत नहीं मिल रही। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-शुभम, भोपाल**

दो हफ्ते से अधिक खांसी हो रही है तो आपको इसकी जांच करानी चाहिए। जैसा आप बता रहे हैं कि खांसी के साथ कफ भी आ रहा है, सो गौर करें कि कफ का रंग कैसा है, पीला है या सफेद रंग का कफ है। लेकिन फिलहाल आप मास्क लगाकर ही रहें और फ्रिज में रखी ठंडी डिशेज या पानी खाना-पीना बिल्कुल बंद कर दें। डॉक्टर से कंसल्ट करके ही सीरप या दवा लें। आपको एंटीबायोटिक की जरूरत पड़ सकती है।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे पेट में बाईं तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। भूख नहीं लगती है और कभी-कभी बुखार भी आ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारण और समाधान बताएं।**

**-कपिल, महेंद्रगढ़**

पेट में दर्द कई बार संक्रमण की वजह से होता है और भूख नहीं लगती है। अगर यह समस्या लंबे समय से हो रही है तो आप इसे इग्नोर ना करें और एक बार डॉक्टर से संपर्क करें। लेकिन उससे पहले आप अधिक तला-भुना खाना बिल्कुल बंद कर दें। कोशिश करें कि घर का बना खाना ही खाएं। खाने में दही जरूर शामिल करें। साथ ही सलाद दोपहर में खाएं। इससे आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। बीते दिनों लगातार धूप में घर से बाहर निकलने की वजह से मेरी स्किन टैन हो गई थी। अभी तक वह टैनिंग बनी हुई है। कृपया मेरे स्किन की टैनिंग दूर करने का कोई उपाय बताएं।**

**-रितेश, बिलासपुर**

अगर आपको टैनिंग होती है यानी आपकी स्किन अधिक सेंसिटिव है तो मार्केट से कोई भी क्रीम लगाने से बेहतर है कि आप धूप में निकलने से बचें। अगर धूप में निकलना जरूरी हो तो छाता लेकर निकलें। इस तरह बचाव करना ही ठीक रहेगा। अगर बहुत ही जरूरी हो तो आप टैनिंग के लिए क्रीम का इस्तेमाल डॉक्टर से पूछकर ही कर सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. प्रदीप पोखरना
सीनियर कार्डियक वेस्कुलर सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

स्पेशलः वर्ल्ड हार्ट डे-29 सितंबर

हाल के वर्षों में ओल्ड एज ही नहीं मिड और यंग एज के लोगों में भी हार्ट प्रॉब्लम्स काफी देखी जा रही है। इसीलिए इस वर्ष हार्ट डे की थीम भी रखी गई है-डोंट मिस ए बीट। यानी हमें हार्ट हेल्थ को लेकर जरा भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। कोई भी लक्षण दिखने या समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करें। इस बारे में आपको दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

## डोंट मिस ए बीट हार्ट रहेगा हेल्दी





दवर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार हृदय से संबंधित अधिकतर बीमारियां गलत जीवनशैली से संबंधित हैं। हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक और अन्य हृदय रोगों का एक प्रमुख कारण गलत जीवनशैली ही है।

**हार्ट डिजीज के कारणः** दिल की बीमारियों का एक कारण आनुवंशिक भी होता है या फिर कुछ ऐसे रोग भी होते हैं, जिन्हें मेडिकल भाषा में कंजेनाइटल हार्ट डिजीज या जन्मजात हृदय रोग से संबंधित बीमारियां कहा जाता है। जैसे बच्चों के दिल का विकारग्रस्त होना या उनके दिल में छेद होना अथवा उनका रूमैटिक हार्ट फीवर से ग्रस्त होना आदि। बावजूद इसके, हृदय से संबंधित ज्यादातर बीमारियां गलत जीवनशैली का नतीजा होती हैं।

**कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएडी):** हार्ट अटैक का एक सबसे प्रमुख कारण मानी जाने वाली बीमारी कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएडी) या हृदय धमनी रोग है। अस्वास्थ्यकर जीवनशैली से संबंधित इस बीमारी के कारण दुनिया भर में हार्ट अटैक से सबसे ज्यादा मौतें होती हैं। सीएडी ऐसी मेडिकल स्थिति है, जिसमें अस्वास्थ्यकर जीवन शैली के कारण हृदय की धमनियों की आंतरिक दीवार पर प्लाक संचित हो जाती है। प्लाक को आप एक विशेष प्रकार की वसा या फैट कह सकते हैं। नतीजतन, हृदय को रक्त की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पाती और इस स्थिति में हार्ट अटैक होने का अंदेशा बढ़ जाता है।

**कार्डियोवेस्कुलर डिजीजः** इसके अंतर्गत कोरोनरी आर्टरी डिजीज, हार्ट अटैक, हाई ब्लड प्रेशर और पेरिफेरल वेस्कुलर डिजीज (पैरों में शिराओं से संबंधित समस्या) आदि शामिल हैं।

**युवा वर्ग और सीएडीः** मध्य आयु (मिडिल एज) और बुजुर्गों के अलावा अब तो युवा वर्ग भी कोरोनरी आर्टरी डिजीज (हृदय धमनी रोग यानी सीएडी) का शिकार बन रहे हैं। इसका कारण यह कि युवक करियर प्रेशर से तनाव और डिप्रेशन की गिरफ्त में फंस जाते हैं। इसके अलावा तनावपूर्ण जीवनशैली, गलत खान-पान और नशे की लत भी युवाओं में सीएडी के मामले बढ़ा रही है। आनुवंशिक कारण को छोड़कर सीएडी के ज्यादातर कारणों की रोकथाम की जा सकती है। हाई ब्लड प्रेशर पर नियंत्रण रखकर सीएडी की रोकथाम की जा सकती है।



**डायबिटीज पर कंट्रोलः** जो लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं, उन्हें अपनी ब्लड शुगर यानी रक्त शर्करा को नियंत्रित रखना चाहिए। इसके लिए अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**सीएडी का ट्रीटमेंटः** सीएडी के इलाज के शुरुआती दौर में डॉक्टर मरीज को कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाएं देते हैं और इसके साथ ही रक्त को पतला करने वाली दवाएं यानी ब्लड थिनर्स दी जाती हैं।

**कब करते हैं एंजियोप्लास्टीः** हृदय के बाएं भाग में दो कोरोनरी आर्टरीज और दाहिने भाग में एक कोरोनरी आर्टरी होती है। धमनियों में संचित प्लाक के कारण ही धमनियों की आंतरिक दीवार में अवरोध उत्पन्न हो जाता है और ब्लड क्लॉट्स बनने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कोई एक धमनी या शेष अन्य धमनियां अवरुद्ध या ब्लॉक्ड हो सकती हैं। धमनियों के अवरोध को दूर करने के लिए एंजियोप्लास्टी की जाती है।

**कब जरूरी होता है स्टेंटः** कभी-कभी बैलून एंजियोप्लास्टी के बाद हृदय की धमनियों में प्लाक से हुआ अवरोध दूर तो हो जाता है, लेकिन कालांतर में कोरोनरी आर्टरी में अवरोध फिर से उत्पन्न हो सकता है, जिसे लंबे समय तक दूर रखने के लिए स्टेंट लगाया जाता है। स्टेंट धातु से निर्मित सूक्ष्म ट्यूब होता है और यह धातु की जाली जैसा दिखता है। इस स्टेंट को इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट धमनियों के अंदर डालते हैं। स्टेंट का मुख्य कार्य धमनियों के अवरोध को दूर करना है।

**स्टेंट लगने के बाद सावधानी बरतेंः** स्टेंट लगने के बाद व्यक्ति को डॉक्टर के परामर्श से रक्त पतला करने वाली दवाएं या ब्लड थिनर्स लेना चाहिए। दवा लेने में कोई लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। किसी भी समस्या के उत्पन्न होने पर मरीज को अपने डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

**कब करते हैं बाईपास सर्जरीः** अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार संभावित बाईपास सर्जरी किए जाने के संदर्भ में कार्डियोवेस्कुलर सर्जन का परामर्श महत्वपूर्ण है। अगर तीनों कोरोनरी आर्टरी में लगभग 70% से ज्यादा ब्लॉकेज नहीं है तो एंजियोप्लास्टी की जाती है और यदि 70 प्रतिशत से ज्यादा अवरोध या ब्लॉकेज हैं, तब बाईपास सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है, लेकिन बाईपास सर्जरी का निर्णय मरीज की शारीरिक स्थिति, उसकी उम्र और पारिवारिक स्थिति के मद्देनजर किया जाता है।

**वॉल्व की समस्याएं-समाधानः** हार्ट में मौजूद चार वॉल्वों में भी कभी-कभी विकार उत्पन्न हो जाते हैं। जैसे कि ये संकरे (नैरो) हो जाते हैं या फिर इनमें लीकेज होने लगता है। इस स्थिति में मरीज की सांस फूलने लगती है और उनके दिल की धड़कन अनियमित हो जाती है। ऐसे में वॉल्वोप्लास्टी तकनीक से वॉल्व से संबंधित संकरेपन का इलाज संभव है। जरूरत पड़ने पर विकारग्रस्त हो चुके वॉल्व का सर्जरी के जरिए कृत्रिम वॉल्व प्रत्यारोपण भी किया जा सकता है।

**हार्ट प्रॉब्लम्स से बचाव के उपायः** अब जानते हैं, उन उपायों को जिन पर अमल कर हार्ट को हेल्दी रखा जा सकता है।

**जरूरी है नियमित व्यायामः** यदि आप प्रतिदिन 30 मिनट तक व्यायाम करते हैं, तो इससे जहां वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी वहीं कॉलेस्ट्रॉल की समस्या से बचाव संभव है। प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और शारीरिक क्षमता अलग-अलग होती है। कौन-सा व्यायाम कितनी देर करना है, इन सब बातों के संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें।

**जंक फूड्स से दूरीः** जंक फूड्स में वसा अधिक मात्रा में पाई जाती है। इनमें नमक भी प्रचुर मात्रा में होता है। इससे कालांतर में कोरोनरी आर्टरी डिजीज और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ती है। इसलिए जहां तक संभव हो ऐसे फूड्स से परहेज करें या फिर इन्हें कभी-कभार ही खाएं।

**कम से कम नमक का सेवनः** नमक (सोडियम) हाइपरटेंशन की समस्या को बढ़ाता है। इसलिए अधिक नमक के सेवन से बचना चाहिए।

**तनाव को करें नियंत्रितः** इंडियन हार्ट फेडरेशन और वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार ज्यादातर समय तनावग्रस्त रहना हाइपरटेंशन को बुलावा देना है। इसलिए तनाव का प्रबंधन करने के लिए सकारात्मक रहें अपनी दिनचर्या में मेडिटेशन शामिल करें।

**धूम्रपान और शराब से दूरीः** धूम्रपान छोड़ने से हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसी तरह अल्कोहल से परहेज करना हाइपरटेंशन और हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद है।

**मोटापे पर नियंत्रणः** मोटापा दिल की सेहत का दुश्मन है, जो कालांतर में उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) और हृदय धमनी रोग (कोरोनरी आर्टरी डिजीज संक्षेप में सीएडी) के खतरे को बढ़ा सकता है। खासतौर पर पेट पर संचित अतिरिक्त वसा हाइपरटेंशन और सीएडी के खतरे को बढ़ाती है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### हार्ट अटैक-कार्डियक अरेस्ट-हार्ट फेल्योर में अंतर



**जब एकबार** दिल के किसी भाग में रक्त का संचार (ब्लड सर्कुलेशन) रुक जाता है तो इस स्थिति को सहज मेडिकल भाषा में हार्ट अटैक कहते हैं। इस मर्ज का इलाज शारीरिक स्थिति के अनुसार मेडिकेशन, एंजियोप्लास्टी और बाईपास सर्जरी है। हार्ट अटैक के कुछ लक्षणों के महसूस होने पर संबंधित व्यक्ति और उसके परिजनों को शीघ्र ही डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। ये लक्षण हैं- घबराहट महसूस करना। सीने में दर्द होना। यह दर्द बांहों, कंधे से लेकर कभी-कभी जबड़े में भी हो सकता है। सीने में जकड़न या दबाव महसूस करना। सांस लेने में दिक्कत। जी मिचलाना, पसीना आना और चक्कर आना।

जब दिल अचानक पूरी तरह से अपना काम करना बंद कर देता है तो उस स्थिति को कार्डियक अरेस्ट कहते हैं। इस कंडीशन में दिल की धड़कन बंद हो जाती है और मरीज के बेहोशी में जाने की आशंकाएं कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। इस गंभीर मर्ज का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में इलेक्ट्रिक शॉक दिया जाता है। कार्डियक अरेस्ट के मरीज को 'सीपीआर' देना भी लाभप्रद है।

जब किन्हीं कारणों से हृदय कमजोर हो जाता है और वह सुचारु रूप से अपने क्रियाकलापों को समुचित रूप से अंजाम नहीं दे पाता तो इस स्थिति को हार्ट फेल्योर कहा जाता है। जिन लोगों की अतीत में एंजियोप्लास्टी या बाईपास सर्जरी हो चुकी है, उन्हें अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए और उन्हें जोखिम भरे कारकों जैसे हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज वालों को अपनी ब्लड शुगर को नियंत्रित रखना चाहिए। अपने डॉक्टर के परामर्श से दवाएं और खान-पान ग्रहण करना चाहिए।

डिजीज

रजनी अरोड़ा

एड़ी दर्द की समस्या अलग-अलग वजह से हो सकती है। ऐसे में राहत के लिए अपने जीवनशैली में बदलावों के साथ आप कुछ घरेलू उपाय भी आजमा सकते हैं। इस बारे में विस्तार से जानिए।

## एड़ी दर्द जब करे परेशान बदलें जीवनशैली-करें उपचार

एड़ी का दर्द बहुत ही आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। लेकिन यह खासकर मध्यम आयु वर्ग और एथलीटों में ज्यादा देखी जाती है। डॉक्टर कई बार एड़ी के दर्द का कारण हड्डी बढ़ना बताते हैं, जिसे मेडिकल भाषा में हील स्पर या कैल्केनाइल स्पर कहते हैं।

**समस्या का कारणः** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं।

**प्लांटर फैसीसाइटिसः** एड़ी में दर्द का सबसे आम कारण होता है- फैसीसाइटिस। प्लांटर फेशिया एक मोटा ऊतक (टिश्यू) का बैंड होता है, जो एड़ी की हड्डी से लेकर पैर की अंगुलियों तक फैला होता है। यह पैर के आर्च (चाप) को सहारा देता है और चलने में मदद करता है। जब इस ऊतक पर लगातार दबाव या खिंचाव पड़ता है, तो इसमें सूजन आ जाती है, जिससे तेज दर्द होता है। यह दर्द अक्सर सुबह बिस्तर से उठते ही पहला कदम रखने पर सबसे ज्यादा महसूस होता है।

**हड्डी बढ़ना (हील स्पर):** जब प्लांटर फेशिया पर लंबे समय तक तनाव और खिंचाव रहता है, तो शरीर उस जगह को ठीक करने की कोशिश करता है। इस प्रक्रिया में, एड़ी की हड्डी के नीचे कैल्शियम जमा होने लगता है। समय के साथ यह कैल्शियम जमाव एक नुकीली हड्डी जैसी संरचना में बदल जाता है, जिसे हील स्पर कहते हैं। कई बार यह हील स्पर दर्द का सीधा कारण नहीं होता, बल्कि यह प्लांटर फैसीसाइटिस के कारण होने वाली सूजन और ऊतक क्षति का एक परिणाम होता है। इसीलिए डॉक्टर इसे हड्डी बढ़ना कहते हैं, क्योंकि एक्स-रे में यह बढ़ी हुई हड्डी के तौर पर साफ दिखाई देता है। इनके अलावा कुछ अन्य कारणों से एड़ी में दर्द हो सकता है।



**गलत जूते पहननाः** बिना कुशन वाले या बहुत सख्त जूते, खासकर ऊंची हील वाली सैंडल पहनना।

**अधिक वजनः** शरीर का ज्यादा वजन एड़ी पर अतिरिक्त दबाव डालता है।

**अत्यधिक शारीरिक गतिविधिः** बहुत ज्यादा दौड़ना, कूदना या कठोर सतह पर बहुत देर तक खड़े रहना।

**फ्लैट फुट (पैर का सपाट होना) या हाई आर्च (ऊंचा चाप):** पैर की बनावट में असामान्यताओं के कारण भी एड़ी पर दबाव बढ़ सकता है।

**अन्य रोगः** गठिया अर्थराइटिस या नस की अन्य समस्या के कारण।

**आयुर्वेदिक-घरेलू उपायः** आयुर्वेद में एड़ी के दर्द को वातकंटक कहा जाता है, जिसका अर्थ है वात दोष के कारण कांटों जैसी पीड़ा होना। आयुर्वेद के अनुसार, वात दोष की वृद्धि से शरीर में बहुत रूखापन और कठोरता आती है, जिससे हड्डियों और जोड़ों में दर्द होता है। इसके उपचार के कुछ उपाय बताए गए हैं।



**गर्म तेल की मालिशः** वात को शांत करने के लिए तिल का तेल, महानारायण तेल या सहचरादि तेल को हल्का गुनगुना करके एड़ी और तलवे की धीरे-धीरे मालिश करें। यह मांसपेशियों को आराम देता है और रक्त संचार बढ़ाता है।

**लहसुन और सरसों का तेलः** लहसुन की कुछ कलियों को सरसों के तेल में गर्म करें, जब तक वे काली न हो जाएं। इस तेल को ठंडा करके दर्द वाली जगह पर लगाएं और मालिश करें। लहसुन में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं।

**सेंधा नमक का सेंकः** एक टब में हल्का गर्म पानी लें और उसमें दो-तीन चम्मच पिसा सेंधा नमक डालें। इस पानी में अपने पैरों को 15-20 मिनट तक डुबोकर रखें। यह मांसपेशियों के तनाव को कम करता है और सूजन में आराम देता है।

**हल्दी-अदरक का पेस्टः** हल्दी और अदरक में शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। दोनों को पीसकर थोड़ा गर्म करें और दर्द वाली जगह पर लगाएं। इसे कुछ देर तक लगा रहने दें, फिर धो लें।

**एरंड का पेस्टः** एरंड या कैस्टर के पत्तों को पीसकर पेस्ट बनाएं और इसे एड़ी पर लगाएं। एरंड में भी सूजनरोधी गुण होते हैं।

**हल्दी वाला दूधः** रोज रात में सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर पिएं। हल्दी का करक्यूमिन दर्द और सूजन को कम करने में बहुत प्रभावी है।

**त्रिफला चूर्णः** रात में सोने से पहले एक चम्मच त्रिफला चूर्ण गुनगुने पानी के साथ लें। यह पाचन को सुधारता है और शरीर में वात को संतुलित करने में मदद करता है।

**मेथी दानाः** एक चम्मच मेथी दाना रात में पानी में भिगो दें और सुबह खाली पेट चबाकर खाएं। इससे भी लाभ मिलेगा। *

**(एन.डी.एम.सी. आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी, दिल्ली के मेडिकल ऑफिसर डॉ. कोमल मलिक से बातचीत पर आधारित)**

### इन बातों का रखें ध्यान

**आराम और सही जूतेः** जब भी संभव हो, एड़ी को आराम दें। सही फिटिंग वाले, कुशन वाले और आर्च सपोर्ट वाले जूते पहनें। ऊंची हील वाले जूते और चप्पल पहनने से बचें।

**वेट कंट्रोलः** अगर आप ओवरवेटेड हैं, तो वजन कम करने का प्रयास करें। यह एड़ी पर पड़ने वाले दबाव को कम करेगा।

**पैरों की स्ट्रेचिंगः** नियमित रूप से पैर और एड़ी की स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें। दीवार के सहारे पैर को स्ट्रेच करना या एड़ी को ऊपर-नीचे करना फायदेमंद हो सकता है।

**नियमित व्यायामः** हल्के व्यायाम करें जैसे स्विमिंग या साइकलिंग, जो एड़ी पर ज्यादा दबाव नहीं डालते, ये बहुत फायदेमंद होते हैं।



**खबर संक्षेप**

## ज्ञानवापी मस्जिद मामले में 7 अक्टूबर को सुनवाई

**वाराणसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर कथित शिवलिंग को



छोड़कर कथित वज़ूखाने का सर्वेक्षण कराने की मांग में दाखिल याचिका पर सात अक्टूबर को सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई शुरू हुई तो कोर्ट को बताया गया कि मुस्लिम पक्ष के वकील अस्वस्थ हैं। राखी सिंह ने वाराणसी की अदालत में सर्वे की मांग में याचिका दाखिल की थी।

## यूपी के सीरियल रेपिस्ट को उम्रकैद की सज़ा

**बहराइच।** जिले की एक विशेष अदालत ने सात साल की बच्ची का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म



करने के मामले में आरोपी अविनाश पांडे उर्फ 'सिंपल' को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 1.6 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जिसे पीड़िता को दिया जाएगा। बता दें कि अविनाश पांडे सीरियर रेपिस्ट है। जो पांच से सात साल की उम्र की बच्चियों को निशाना बनाता था।

## बिजली का तार टूटकर पानी में गिरा, 2 की मौत

**बलिया।** जिले में सुखपुरा थाना क्षेत्र के जिला बस्ती के पास सेंट जेवियर्स स्कूल से घर लौट रही दो



सगी बहनों की करंट लगने से मौत हो गई। इनमें एक अलका यादव कक्षा 7 व आंचल यादव कक्षा 9 की छात्रा थी। दोनों बेटियों की मौत से मां सदमे में है। सड़क से लेकर कॉलोनी तक तीन फुट बरसात का पानी लगा हुआ है, जहां से होकर रोज मोहल्ले के लोग आते जाते हैं।

## अयोध्या को फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सौगात

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम की नगरी अयोध्या धार्मिकता और आस्था के साथ पर्यटन की दृष्टि से भी विश्व मानचित्र पर अपनी एक नई पहचान बना रही है। राम मंदिर का भव्य निर्माण अब अंतिम चरण में है। इसके साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार अयोध्या को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से सुसज्जित करने में जुटी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का ही परिणाम है कि इस बार का दीपोत्सव अयोध्यावासियों और श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष सौगात लेकर आ रहा है। सरयू नदी की पवित्र जल धारा के बीच अब पर्यटकों को एक अनूठा अनुभव मिलने जा रहा है। दीपोत्सव तक अयोध्या में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट तैयार हो जाएगा।

# सरयू की पवित्र धारा के बीच व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे पर्यटक

*अयोध्या जाने वाले देश विदेश के पर्यटक अब फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में बैठकर विभिन्न व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। इसका स्ट्रक्चर बनकर तैयार हो चुका है।*

दीपोत्सव तक तैयार हो जाएगा फ्लोटिंग रेस्टोरेंट

40 पर्यटक एक साथ बैठकर व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे



### रेस्टोरेंट की लंबाई 20 मीटर और चौड़ाई आठ मीटर

मुंबई की एक प्रतिष्ठित कंपनी की ओर से बनाए जा रहे इस रेस्टोरेंट की लंबाई लगभग 20 मीटर और चौड़ाई आठ मीटर होगी। खास बात यह है कि इसमें एक बार में 30 से 40 पर्यटक बैठकर विभिन्न व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। अयोध्या के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम की ओर से इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निर्माण कराया जा रहा है। स्ट्रक्चर बनकर पूरी तरह तैयार है और कुछ ही दिनों में इसका शुभारंभ कर दिया जाएगा।

### यह पहल अयोध्या के पर्यटन को देगी नई ऊंचाई

उन्होंने कहा कि जैसे दुनिया के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों पर नदी या समुद्र किनारे फ्लोटिंग रेस्टोरेंट चलते हैं, उसी तर्ज पर अयोध्या में भी इसे विकसित किया जा रहा है। यह पहल न केवल अयोध्या के पर्यटन को नई ऊंचाई देगी बल्कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को धार्मिक यात्रा के साथ एक यादगार अनुभव भी प्रदान करेगी।

## सीएम योगी लाखों छात्रों को नवरात्र में ही देंगे दिवाली का तोहफा

# 26 सितंबर को 4 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी 26 सितंबर से वजीफा वितरण शुरू होगा जिससे 3.95 लाख विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। पहली बार सितंबर में छात्रवृत्ति मिलेगी जो पहले दिसंबर में शुरू होती थी। पिछड़ा वर्ग कल्याण अल्पसंख्यक कल्याण व समाज कल्याण विभाग मिलकर योजना बना रहे हैं ताकि छात्रवृत्ति वितरण में एकरूपता लाई जा सके।

यूपी के लाखों छात्रों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नवरात्र में ही दिवाली का तोहफा देने जा रहे हैं। 26 सितंबर यानी शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हाल में बड़ा आयोजन होने जा रहा है। इस दौरान सीएम योगी की उपस्थिति में प्रदेश के 4 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। अभी तक यह छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च में मिलती थी। इस बार दिवाली से पहले नवरात्रि में ही मिलेगी।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में छात्रवृत्ति वितरण व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च माह में दी जाती थी। अब इसे नवरात्र और सितम्बर माह में वितरित किया जा रहा है। इससे छात्र-छात्राएं इसका लाभ समय पर उठा सकेंगे। यह छात्र छात्राओं के लिए एक तरह से दीपावली का गिफ्ट भी होगा।

*अभी तक यह छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च में मिलती थी*

*लगातार बढ़ाया जा रहा है छात्रवृत्ति का दायरा*



### अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने व्यापक रणनीति बनाई

मंत्री ने कहा कि छात्रों को समय से पूर्व छात्रवृत्ति मिल सके, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मार्गदर्शन लेकर पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मिलकर व्यापक रणनीति बनाई। यही कारण है कि इस बार छात्रवृत्ति का लाभ छात्रों तक नवरात्र के पावन अवसर पर पहुंचेगा। आयोजन के अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव गोंड, एवं अल्पसंख्यक राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी उपस्थित रहेंगे। हालांकि ओम प्रकाश राजभर की तबीयत ठीक नहीं है। फिलहाल वह मेदांता में भर्ती हैं।

**छात्रवृत्ति वितरण व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव**

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 59 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली थी। इस बार वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 70 लाख से अधिक हो जाएगी। सरकार द्वारा छात्रवृत्ति का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है।

**तेजस्वी यादव का परिवार कलह**

# तेज प्रताप से मुक्ति मिली तो अब रोहिणी की दृष्टि हो गई है वक्र



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सर्वेक्षणों में मुख्यमंत्री पद के लिए पसंद में नीतीश कुमार व दूसरे नेताओं से आगे चल रहे तेजस्वी यादव का बना-बनाया माहौल परिवार में कलह से बिगड़ता दिख रहा है। आरजेडी में तेजस्वी के सांसद व सलाहकार संजय यादव के वर्चस्व को लेकर लालू के घर में झगड़ा काफी बढ़ चुका है। लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव 'जयचंद' का जिक्र कर संजय को घेरते थे, लेकिन अनुष्का यादव के साथ अफेयर की बात फोटो के साथ बाहर आने के बाद पार्टी और परिवार से निकाल दिए गए।

### संजय यादव को कैसे बचाएंगे तेजस्वी?

रोहिणी ने जब से राजद की बिहार अधिकार यात्रा बस में तेजस्वी की कुर्सी पर संजय के बैठने पर मोर्चा खोला है, तब से सोशल मीडिया पर कुछ लोग लिख रहे हैं कि रोहिणी विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहती हैं और सारण (छपरा) में कुछ लोगों के लिए टिकट मांग रही हैं। रोहिणी ने तीन दिन पहले कहा था कि उनकी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है।

### रोहिणी आचार्या के लिए तेज प्रताप फायर

लालू यादव के हाथों परिवार और पार्टी निकाला झेल रहे तेज प्रताप यादव ने रोहिणी आचार्या के बारे में अनाप-शनाप लिखने वालों को खुलकर चेतावनी दी है कि अगर बहन का अपमान हुआ तो उनका 'सुदर्शन चक्र' चल जाएगा। तेज प्रताप ने कहा था- "रोहिणी हमारी बड़ी बहन हैं। उम्र में बहुत बड़ी हैं। हम उनकी गोद में खेले हैं। जिस तरह की बात वो कह रही हैं, वो बिल्कुल सही बात है।"

**पेज एक का शेष**

## ग्लोबल साउथ को समाधान...

**चुनौती से दो-चार हो रहा क्षेत्र :** उन्होंने कहा कि हम एक बेहद चुनौतीपूर्ण समय में मिल रहे हैं। जब सदस्यीय देशों के लिए दुनिया की तरफ से कई चिंताएं मुंह बाए खड़ी हैं। ग्लोबल साउथ विशेषकर कई चुनौतियों से मुकाबला कर रहा है। जिसमें महामारी, यूक्रेन और गाजा में जारी युद्ध से लेकर जटिल जलवायु घटनाएं, व्यापार को लेकर बनी हुई समस्या, निवेश-ब्याज दरों में अनिश्चितता मुख्य हैं। तमाम परिदृश्य के बीच सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को लेकर गंभीर रूप से धीमी रफ्तार बनी हुई है। इसके अलावा उन्होंने बहुपक्षवाद पर हमले के विचार का जिक्र करते हुए कहा कि हम इसे लेकर एक निराशाजनक विचार को मानो सामने रख रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय संगठन निष्प्रभावी हो रहे हैं या ये कहें कि संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। जिसे देखते हुए परंपरागत व्यवस्था से जुड़ी हुई खामियां उजागर हो रही हैं और बहुप्रतीक्षित सुधार प्रत्यक्ष रूप से दृष्टिगत हो गए हैं।

**समूह की एकजुटता जरूरी :** जयशंकर ने कहा कि ग्लोबल साउथ को हमेशा एक एकजुट समूह के रूप में अपनी उपस्थिति दिखानी चाहिए। जिससे अंतरराष्ट्रीय सिस्टम में उनकी मौजूदगी बरकरार रहे। समूह देशों की आर्थिक सुरक्षा के लिए एक लचीली, भरोसेमंद और छोटी सप्लाई चेन विकसित की जानी चाहिए। जिससे एकल सप्लायर और बाजार पर निर्भरता घटेगी। विकासशील देशों को एक स्वतंत्र और पारदर्शी आर्थिक आदतों के साथ हमेशा लोकतांत्रिक उत्पादन करना चाहिए। जिससे स्थिर वातावरण को बढ़ावा मिलेगा और सतत आर्थिक संवाद बढ़ेगा। साउथ-साउथ व्यापार व निवेश में इजाफा देखने को मिलेगा। साथ ही खाद्य, उर्वरक, ऊर्जा सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाले विवादों का तत्काल समाधान निकालने की दिशा में भी इससे आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

## जेलेंस्की ने ट्रंप को दिखाया...

तेल खरीद पर 'राष्ट्रीय हित' प्राथमिकता : ज्ञात हो कि अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल खरीद को लेकर नाराजगी के साथ दुनिया में सबसे ज्यादा कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसमें 25 फीसदी भाग जुर्माने से जुड़ा हुआ है। इन सबके बीच विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मामले पर देश की स्थिति को स्पष्ट कर चुके हैं। जिसमें ये कहा गया है कि नई दिल्ली की मॉस्को से जारी तेल खरीद राष्ट्रीय हितों और आम उपभोक्ताओं की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए की जा रही है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय बाजारों की स्थिति को भी ध्यान में रखा गया है।

## लेह में छात्रों...

कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया और एक सीआरपीएफ के वाहन को भी आग के हवाले कर दिया। राज्य के दर्जे के आंदोलन के दौरान लद्दाख में हिंसा की यह पहली घटना है। लद्दाख में राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन बुधवार को 15वें दिन में प्रवेश कर गया। लेह में दो महिला प्रदर्शनकारियों के बीमार पड़ने और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने के बाद ही वहां तैनात पैदा हुआ। प्रदर्शनकारी, जिनकी पहचान अंचुक और अंचुक डोल्मा के रूप में हुई है, प्रदर्शन के दौरान बेहोश हो गईं और उन्हें पास के एक अस्पताल ले जाया गया। इस घटना से सभा में अशांति फैल गई, जिसके कारण लेह हिल काउंसिल भवन पर पथराव हुआ। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया।

**वांगचुक ने कहा यह एक 'जेन जी' क्रांतिः** वांगचुक ने कहा कि हजारों की संख्या में नौजवान बाहर आए। कुछ लोग सोचते हैं कि वे हमारे समर्थक थे। पूरा लेह ही हमारा समर्थक है लेकिन यह एक 'जेन जी' क्रांति थी। ये पिछले 5 साल से बेरोजगार हैं। उन्हें नौकरियों से बाहर किया जा रहा है। मैंने हमेशा कहा है कि यही सामाजिक अशांति का कारण है। युवाओं को बेरोजगार रखना और उनके लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनना।

**आग्रह के बावजूद भूख हड़ताल रखी जारीः गृह मंत्रालयः** गृह मंत्रालय ने कहा कि जिन मांगों को लेकर वांगचुक भूख हड़ताल पर थे, वह एचपीसी में चर्चा का अभिन्न अंग हैं। कई नेताओं द्वारा भूख हड़ताल समाप्त करने का आग्रह करने के बावजूद, उन्होंने भूख हड़ताल जारी रखी और अरब स्प्रिंग शैली के विरोध प्रदर्शनों और नेपाल में जेन-जी के विरोध प्रदर्शनों का भड़काऊ उल्लेख करके लोगों को गुमराह किया।

**वांगचुक बोले- भाजपा अपना वादा पूरा करे :** अचानक प्रदर्शनकारी हिंसक हो गए और पुलिस से भिड़ गए। उन्होंने लेह स्थित भाजपा कार्यालय पर हमला किया और सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जलवायु कार्यकर्ता और शिक्षक सोनम वांगचुक ने पहले इस बात पर जोर दिया था कि भाजपा को आगामी हिल काउंसिल चुनावों से पहले लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने का अपना वादा पूरा करना चाहिए। केंद्र सरकार ने इस मामले पर निर्णय के लिए 6 अक्टूबर की तारीख तय की है, लेकिन प्रदर्शनकारी इससे पहले समाधान की मांग कर रहे हैं। एक प्रदर्शनकारी नेता ने कहा कि हमारी मांग तत्काल कार्रवाई की है। लद्दाख के लोग अब और इंतजार नहीं कर सकते।

**आज बंद रहेगा कारगिल :** कारगिल में आयोजन समिति के सदस्य सज्जाद करगली ने बताया कि आंदोलन के समर्थन में गुरुवार को कारगिल पूरी तरह बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन जोर पकड़ रहा है। पिछले दो हफ्तों से इस विरोध प्रदर्शन में भारी भीड़ उमड़ रही है जिसमें पुरुष, महिलाएं और युवा सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। प्रदर्शनकारी लद्दाख के लिए संवैधानिक सुरक्षा और राजनीतिक अधिकारों की मांग कर रहे हैं जबकि अधिकारियों ने संवेदनशील इमारतों और विरोध स्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

## लेह में हिंसा के पीछे ...

*मुख्य साजिशकर्ता हैं जो अपने कार्यकर्ताओं द्वारा हिंसा भड़काने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्षद स्टैनजिंग त्सेपांग और उनके कार्यकर्ताओं द्वारा हिंसा भड़काने की कई तस्वीरें सामने आई हैं। उन्हें हथियार लेकर भाजपा कार्यालय की ओर मार्च करते हुए भी देखा जा सकता है। पात्रा ने आरोप लगाया कि वह भीड़ को उकसा रहे हैं और भाजपा कार्यालय को निशाना बना रहे हैं। पार्षद स्टैनजिंग त्सेपांग की राहुल गांधी के साथ भी तस्वीर है। कांग्रेस पार्टी नापाक मंसूबों के लिए जिम्मेदार है और इसका षड़यंत्र किस प्रकार चलता है, यह स्पष्ट हो चुका है। भाजपा सांसद पात्रा ने कहा कि जॉर्ज सोरोस के साथ बैठकर राहुल गांधी का प्लान है कि जनता के माध्यम से हम जीत नहीं सकते, इसलिए देश को तोड़ने का षड़यन्त्र करते हैं। जो हालात बांग्लादेश में हुए, जो नेपाल में हुए, और जो अभी फिलीपींस में हो रहे हैं, उस प्रकार की परिस्थिति को देश में लाने के लिए बार-बार राहुल गांधी युवाओं को भड़काने का काम कर रहे हैं। यह किस प्रकार का नेतृत्व है? कांग्रेस पार्टी क्या चाहती है? पात्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी कान खोलकर यह सुन लें कि यह हिंदुस्तान है, यह भारतवर्ष है, हजारों वर्षों की सभ्यता है। यहां के लोगों में सोचने-समझने की क्षमता है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा है। भारत के नागरिक जानते हैं कि उनकी सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके कल्याण के लिए लिए क्या कर रहे हैं।*

## पानीपत में 800 मेगावाट...

ए. के. सिंह, केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल, एचपीजीसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ साकेत कुमार, एचवीपीएनएल के प्रबंध निदेशक जे. गणेशन, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अशोक मीणा और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अशोक गर्ग सहित केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय व हरियाणा ऊर्जा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को हरियाणा के ऊर्जा मंत्री विज ने एचपीजीसीएल (हरियाणा पावर जनरेशन कारपोरेशन लि.) द्वारा विस्तार परियोजनाओं के रूप में हिसार में 800 मेगावाट और पानीपत में 800 मेगावाट अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल थर्मल इकाइयों की स्थापना के बारे में अवगत कराया, जो हरियाणा में बिजली की उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा और राज्य की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने में सहयोग करेगा। इन परियोजनाओं को सिरे चढाने के लिए केंद्रीय मंत्री ने एचपीजीसीएल को कोयला लिंकेज/आवश्यकता की मांग करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए ताकि केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय इस पर अनुमोदन देने पर विचार कर सकें। इसके अलावा, निगम द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों के बावजूद, बाजार में आवश्यक गुणवत्ता वाले बायोमास पैलेट की सीमित उपलब्धता के कारण एचपीजीसीएल को आ रही कठिनाइयों के संबंध में केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया गया और विभिन्न बायोमास उपयोग के संबंध में आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी दी गई जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने ऊर्जा मंत्रालय के अधिकारियों को उपयुक्त समाधान के निर्देश दिए।

**बिजली की उच्च गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए उच्च क्षमता के लगेंगे कंडक्टर :** बैठक में एचवीपीएनएल (हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लि.) ने राज्य पारेषण (ट्रांसमिशन) नेटवर्क की विद्युत पारेषण क्षमता बढ़ाने और ग्रिड को बनाए रखने के लिए विश्वसनीय विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु एसीएसआर कंडक्टरों के स्थान पर एचटीएलएस कंडक्टर लगाने हेतु पीएसडीएफ निधि की मांग की, जिस पर केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि पीएसडीएफ अनुदान का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए और जिस पर विधिवत विचार किया जाएगा। बैठक में पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई और डीएचबीवीएनएल (दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम) में ठेके देने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। यूएचबीवीएनएल (उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम) द्वारा भी राज्य के दो प्रमुख शहरों, सोनीपत और झज्जर, के लिए स्काडा और उन्नयन परियोजनाओं को शामिल करने का अनुरोध केन्द्रीय मंत्री के सम्मुख किया गया।

**स्मार्ट मीटर लगाने के लिए टोटेक्स मॉडल का होगा अध्ययन, उपभोक्ताओं के डेटा की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता :** स्मार्ट मीटर लगाने के लिए भी बैठक में समीक्षा की गई और इस पर दो मॉडल, यानी टोटेक्स और कैपैक्स पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। केन्द्रीय मंत्री और विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि पड़ोसी राज्यों (जैसे राजस्थान) के टोटेक्स मॉडल का गहनता से अध्ययन किया जाए और हरियाणा में स्मार्ट मीटर परियोजना के कार्यान्वयन में किसी भी और देरी से बचने के लिए इस संबंध में तत्काल निर्णय लिया जाए। बैठक में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री व हरियाणा के ऊर्जा मंत्री ने इस बात पर भी ज़ोर देते हुए कहा कि राज्य द्वारा कार्यान्वयन का जो भी तरीका चुना जाए, लेकिन उपभोक्ताओं के डेटा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**बैट्री एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की क्षमता 500 मेगावाट से बढ़ाकर 1500 मेगावाट करने का अनुरोध :** इसके अलावा, हरियाणा के ऊर्जा मंत्री ने बिजली की अधिकतम मांग में निरंतर वृद्धि को देखते हुए बीईएसएस (बैट्री एनर्जी स्टोरेज सिस्टम) का आवंटन 500 मेगावाट से बढ़ाकर 1500 मेगावाट करने का अनुरोध भी केन्द्रीय मंत्री से किया, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने प्रस्तावित बीईएसएस स्थापना के स्थान और क्षमता को दर्शाते हुए प्रस्ताव विद्युत मंत्रालय को विचारार्थ प्रस्तुत करने को कहा।

## कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित...

मिलकर चुनाव लड़ेगी, लेकिन सीट बंटवारे और उम्मीदवार चयन पर अंतिम निर्णय का अधिकार पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को दिया गया। कांग्रेस ने दावा किया कि वह इस बार बिहार में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए मैदान में उतरेगी। विधानसभा की कुल 245 सीटों में से राजद के 140 सीटों पर लड़ने की उम्मीद है जबकि कांग्रेस 52, 15 सीट वीआईपी के लिए और 37 सीटों में वामदल, वीआईपी पशुपति पारस के नेतृत्व वाले लोजपा के बीच बंटेगा।

**"वोट चोरी" और संस्थाओं के दुरुपयोग का मुद्दा :** बैठक में "वोट चोरी" का विषय प्रमुखता से उठा। कांग्रेस ने चुनाव आयोग और सरकारी तंत्र के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयास हो रहे हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि संशोधित मतदाता सूची प्रक्रिया लोकतांत्रिक ढांचे के लिए गंभीर खतरा है।

**मोदी सरकार और भाजपा पर तीखा हमला :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि "यह चुनाव भ्रष्ट मोदी सरकार के अंत की शुरुआत साबित होगा।" उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह "मानसिक रूप से रिटायर" हो चुके हैं। विदेश नीति पर भी सरकार की आलोचना करते हुए खरगे ने कहा कि मोदी की "हग्लोमैसी (गले लगाने वाली कूटनीति)" ने भारत के हितों को नुकसान पहुंचाया है।

**प्रस्ताव पारित, सामाजिक न्याय और आरक्षण पर चिंता :** बैठक में दो प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए - एक राजनीतिक प्रस्ताव और दूसरा संगठन सृजन प्रस्ताव। इनमें सामाजिक न्याय और आरक्षण को कमजोर करने की केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की गई। पार्टी ने बेरोजगारी, किसानों की समस्या, जीएसटी और नोटबंदी जैसे मुद्दों को भी अपने अभियान का हिस्सा बनाने का संकेत दिया।

## सीडीएस अनिल चौहान...

भी हिस्सा बनें। सेवाकाल के दौरान अपने शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें कई उत्कृष्ट सम्मानों से भी सम्मानित किया गया है। जिसमें परम विशिष्ट सेवा मैडल, उत्तम युद्ध सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, सेना मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल शामिल हैं। बताते चलें कि 2022 में सीडीएस के पद पर नियुक्ति के दौरान जनरल चौहान सेना से सेवानिवृत्त हो चुके थे। इस दौरान तत्कालीन सीडीएस जनरल बिपिन रावत की अचानक हवाई दुर्घटना में हुई मौत के बाद उन्हें केंद्र सरकार की तरफ से इस पद पर नियुक्त किया गया था।

**चुनौतीपूर्ण समय में बढ़ा सेवाकाल :** सरकार की ओर से यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है। जब देश एक ओर तीनों सेनाओं की संयुक्त कमांड यानी थिएटर कमांड का गठन करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वहीं, सीमाओं पर बनी हुई दुश्मन राष्ट्रों की सुरक्षा चुनौतियों के बीच अपनी युद्ध संबंधी तैयारियों को भी मजबूत बनाने में लगा हुआ है।

# लखनऊ में तख्ती लेकर विधानसभा पहुंचीं महिलाएं, कई प्रदेशों में विरोध



एजेंसी ▶▶ कानपुर

यूपी के कानपुर में 'आई लव मोहम्मद' का पोस्टर लगाया गया था। जिसका कुछ हिंदू संगठनों ने विरोध किया था। इसके बाद यूपी पुलिस ने इस मामले में 25 युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके बाद यूपी में पुलिस के एक्शन पर विरोध प्रदर्शन हुआ। लखनऊ में कई महिलाएं विधानसभा के बाहर पहुंच गईं। वहां पर हंगामा करने लगीं। ये मामला इतना अधिक हाईलाइट हो गया कि कई जिलों के अलावा उत्तराखंड में 'आई लव मोहम्मद' बैनर को लेकर हंगामा हुआ। कहीं पुलिस ने लाठीचार्ज किया तो भीड़ ने पुलिस पर ही पथराव कर दिया। कहीं प्रदर्शन करने पर एफआईआर दर्ज की गई है। कई जगह शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हुए हैं। चार सिंतबर को कानपुर के रावतपुर में बारावफात पर कार्यक्रम आयोजित था। इसमें पोस्टर लगाया था। जिस पर लिखा था-'आई लव मोहम्मद'। थोड़ी देर बाद ही वहां से कुछ हिंदू संगठन के लोग गुजरे। उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया। उनका कहना था कि इस तरह से यहां पहले कभी आयोजन नहीं किया गया।

# मुठभेड़ में जगुआर और कुमला पुलिस ने मार गिराए 3 नक्सली एके-47 बरामद



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के गुमला में बड़ा नक्सली एनकाउंटर सामने आया है। यहां के बिशनपुर थाना क्षेत्र के जंगलों में बुधवार सुबह मुठभेड़ हुई है। इस दौरान गुमला पुलिस और जेजेएमपी के नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 3 नक्सलियों को मार गिराया है। एनकाउंटर के बाद पुलिस की टीम सर्च अभियान चलाकर शवों की तलाश कर रही है। मामला गुमला के बिशुनपुर थाना क्षेत्र का है।

## चिंतन

# हादसे की अधूरी जांच पर हो-हल्ला करना ठीक नहीं

अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर आई विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट लगातार चर्चा में है। इस रिपोर्ट में विमान हादसे के पीछे फ्यूल कटऑफ का अंदेशा जताया गया है, जिसे लेकर पायलट यूनियन का गुस्सा भड़क गया है। असल तो किसी भी जांच के प्रारंभिक हिस्से पर चर्चा करना ही उचित नहीं है। जब तक जांच पूरी न हो जाए, उस बारे में कुछ नहीं कहा जाना चाहिए और न ही अधूरी जांच रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में आना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट भी जांच को लेकर सख्त टिप्पणी कर चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने एएआईबी की प्राथमिक जांच को 'गैरजिम्मेदाराना' करार दिया था। इस रिपोर्ट में प्लेन क्रैश की वजह साफ न करते हुए पायलट की चूक का अंदेशा जताया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए खासी नाराजगी जताई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, इसको लेकर पूर्ण गोपनीयता बने रहना बहुत ही महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इस दुर्घटना की स्वतंत्र और कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग वाली पीआईएल पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की थी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जांच रिपोर्ट की टुकड़ों में जानकारी लीक करने के बजाए, नियमित जांच में तार्किक निष्कर्ष निकलने तक लोगों को गोपनीयता बरतनी चाहिए, लेकिन इसके बावजूद जांच रिपोर्ट को लेकर हो-हल्ला थमने का नाम नहीं ले रहा। अब भारतीय वाणिज्यिक पायलट संघ ने जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए पायलट के द्वारा विमान का फ्यूल कटऑफ करने वाली थ्योरी की कड़ी निंदा की है। संघ का कहना है कि जांच पूरी हुए बिना पायलट पर इस तरह से इल्जाम लगाना सही नहीं है। पायलट की आत्महत्या का यह आरोप पूरी तरह से निराधार है। फेडरेशन का आरोप है कि अधिकारी जांच से पहले पायलट की गलती की कहानी को हवा दे रहे हैं। फेडरेशन ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर दुर्घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। यह असंभव सी बात है कि ऐसी आपात स्थिति के दौरान कॉकपिट में कोई हलचल न हुई हो। ऐसी परिस्थितियों में वहां इतनी शांति कैसे हो सकती है। जाहिर है कि कुछ पहलुओं को जानबूझकर छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। चूंकि यह रिपोर्ट एक व्यापक परिचालन वाले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान से जुड़ी है तो पूरी दुनिया के लिए उसके गहरे निहितार्थ हैं और दुनियाभर में इस पर चर्चा हो रही है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष और सटीक होनी चाहिए ताकि किसी को भी इस पर उंगली उठाने का मौका ही न मिले। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि फ्यूल वाल्व-स्विच कट ऑफ कर दिए गए थे। ऐसे में अगर फ्यूल वाल्व-स्विच को कट ऑफ स्थिति में ले जाने के लिए वापस मोड़ने की वजह बताई जाए तो यह गहन जांच का विषय है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर व्यापक डिजिटल एवं साफ्टवेयर प्रणाली पर संचालित विमान है, जिसे निरंतर रूप से सिस्टम अपडेट एवं सिक्योरिटी पैच की भी आवश्यकता होती है। अगर फ्यूल स्विच कट ऑफ हो गए तो इसके पीछे के कारण को तलाशना होगा, लेकिन हम ऐसा करने की बजाए प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में ही उलझते नजर आ रहे हैं। स्वाभाविक तौर पर जांच में तमाम जटिलताएं आएंगी, लेकिन इस काम को पूरा करने की प्रक्रिया में सभी जांच एजेंसियों को कोई कोर-कसर शेष नहीं रखनी चाहिए। जांच में महत्वपूर्ण कोई कंपनी नहीं बल्कि इसमें उन लोगों की उम्मीदें भी जुड़ी हैं जिन्होंने हादसे में अपनों को खोया है।



**जयंती विशेष**
मनोहर लाल

# उपाध्याय ने दिया 'अंत्योदय' का मंत्र

> आज 25 सितंबर को जब हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती मना रहे हैं, तो यह स्मरण करना आवश्यक है कि उनका दर्शन कैसे समय की धारा को प्रभावित करता हुआ आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अंत्योदय भावना को न केवल आत्मसात किया, बल्कि उसे अपनी कार्यशैली और शासन तंत्र का मूल आधार बना लिया। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंत्योदय को केवल विचार या दर्शन से आगे बढ़ाकर विकास का व्यवहारिक स्वरूप दिया है। जब राजनीति सेवा एवं समर्पण का पर्याय हो, तो प्रगति केवल नीतियों का दस्तावेज नहीं, बल्कि करोड़ों गरीबों के जीवन में प्रकाश बनकर उतरती है।

भारतीय राजनीतिक इतिहास में अनेकानेक नेता हुए हैं, जिन्होंने राष्ट्र को अलग-अलग दौर में नई दिशा देने का कार्य किया, लेकिन उनमें से विरले ही ऐसे हुए हैं, जिन्होंने राजनीति को विशेषाधिकार न मानकर, सेवा,समर्पण व संकल्प का माध्यम माना। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे ही एक महामानव थे, जिन्होंने राजनीति को समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान से जोड़ा। उन्होंने यह सिद्धांत प्रतिपादित किया कि यदि राष्ट्र निर्माण की कसौटी तय करनी हो, तो वह यही होनी चाहिए कि विकास की राह समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। 'अंत्योदय' उनके लिए केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि जीवन का मंत्र था। उनका कथन था,"हमारी राजनीति का लक्ष्य सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि सेवा के माध्यम से समाज का उत्थान होना चाहिए।"

आज 25 सितंबर को जब हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती मना रहे हैं, तो यह स्मरण करना आवश्यक है कि उनका दर्शन कैसे समय की धारा को प्रभावित करता हुआ आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अंत्योदय भावना को न केवल आत्मसात किया, बल्कि उसे अपनी कार्यशैली और शासन तंत्र का मूल आधार बना लिया। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंत्योदय को केवल विचार या दर्शन से आगे बढ़ाकर विकास का व्यवहारिक स्वरूप दिया है। साढ़े बाहर साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते व बीते करीब साढ़े ग्यारह साल से प्रधानमंत्री के पद पर नरेंद्र मोदी ने सरकार की तमाम नीतियों व योजनाओं के केंद्र में गरीब, वंचित, किसान, महिला और समाज के अंतिम व्यक्ति छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास के केंद्र में रखा। 26 मई 2014 को जब उन्होंने प्रधान सेवक के रूप में नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत अनेक चुनौतियों से जूझ रहा था। सामाजिक-आर्थिक असमानता, व्यापक गरीबी और हाशिए पर पड़े वर्गों की उपेक्षा जैसी समस्याएं गहरी थीं। ऐसे में उन्होंने 15 अगस्त 2014 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से अपने बतौर प्रधानमंत्री पहले ही भाषण में उन गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का साहसिक कदम उठाया, जो बैंकों के दरवाजे तक जाने में झिझकते थे।

'प्रधानमंत्री जन धन योजना' तहत खुले 56 करोड़ बैंक खातों के जरिए गरीबों को वित्तीय समावेशन का अवसर मिला। यह केवल बैंक खाता खोलने की योजनाभर नहीं बल्कि यह गरीब को आर्थिक आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी प्रदान करने वाला युगांतरकारी कदम है। इस योजना से गरीब की बिचौलियों के चंगुल से मेहनत की कमाई सुरक्षित हुई, लाभकारी योजनाओं की धनराशि डीबीटी के जरिए सीधे उनके बैंक खातों में जमा हुई और वे देश की अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जुड़ सके। अंत्योदय की भावना को घर के चूल्हे-चौके तक 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के जरिए पहुंचाया। जिन माताओं, बहनों ने पीढ़ियों तक धुएं से भरे चूल्हों पर खाना पकाया, उन्हें एलपीजी गैस कनेक्शन देकर न केवल स्वास्थ्य की सुरक्षा दी गई, बल्कि उनका सम्मान भी लौटा। यह योजना केवल ईंधन बदलने का उपक्रम नहीं,बल्कि महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता सुधारने का महान अभियान साबित हुआ। पंडित दीन दयाल का अंत्योदय दर्शन बड़े पैमाने पर उस समय सामने आया जब दुनिया कोरोना महामारी, वैक्सीन, खाद्य संकट व नौकरियां जाने से जूझ रहे थे तब देश में मार्च 2020 से 80 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने की पहल प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के जनवरी 2029 तक विस्तार से यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी गरीब के घर का चूल्हा ठंड न पड़े, कोई परिवार भूखा न सोए। यह कदम केवल मानवीय करुणा का उदाहरण नहीं,बल्कि भारत के शासन-तंत्र की दृढ़ता व संवेदनशीलता का भी प्रमाण है। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा कवच प्रदान किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने 11 करोड़ छोटे गरीब किसानों के खातों में प्रतिवर्ष छह हजार रुपये सीधे पहुंचाकर उनके जीवन को आर्थिक संबल दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना ने करोड़ों गरीबों को छत दी, जल जीवन मिशन ने हर घर नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा, डिजिटल इंडिया ने गांव-गांव को तकनीक की शक्ति से जोड़ा। इन सबका सार वही था, जिसे दीनदयाल जी ने कहा था "सच्चा विकास वही है, जिसमें अंतिम व्यक्ति तक सुविधा, अवसर और सम्मान पहुंचे।" अपने तीसरे कार्यकाल में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी अंत्योदय भावना को आगे बढ़ा रहे हैं। ड्रोन दीदी योजना इसका नया उदाहरण है। यह योजना गांव की साधारण महिलाओं को ड्रोन तकनीक के माध्यम से कृषि कार्यों में दक्ष बनाकर न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि उद्यमिता का नया आयाम भी दे रही है।

इन महिलाओं को समाज अब 'लखपति दीदी' के रूप में पहचान रहा है। यह अंत्योदय से सशक्तिकरण की यात्रा का जीवंत उदाहरण है। अंत्योदय को केवल दया या कृपा का विषय नहीं माना गया, बल्कि उसे गरीब का अधिकार और अवसर का आधार बनाया गया। भारत आज केवल तेजी से प्रगति करती हुई दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि समावेशी विकास का वैश्विक मॉडल बन चुका है।



यह इस बात का प्रमाण है कि जब नेतृत्व का केंद्र अंतिम व्यक्ति हो, तो विकास आंकड़ों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि हर वर्ग के उत्थान में झलकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था -"राजनीति में सफलता का वास्तविक मापदंड यही है कि वह समाज के सबसे छोटे व कमजोर वर्ग तक पहुंचकर उसके जीवन को बेहतर बना सके।" पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हमें स्मरण कराती है कि "मनसा वाचा कर्मणा यः समक्रीयते" यानी मन, वचन एवं कर्म में समरसता और सत्यनिष्ठा से राष्ट्र निर्माण की गति अजेय हो जाती है। जब राजनीति सेवा एवं समर्पण का पर्याय हो, तो प्रगति केवल नीतियों का दस्तावेज नहीं, बल्कि करोड़ों गरीबों के जीवन में प्रकाश बनकर उतरती है।

(लेखक केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स**
डॉ. मोनिका शर्मा



# वर्चुअल ट्रेंड के जोखिम को समझें स्त्रियां

सोशल मीडिया की आभासी दुनिया वास्तविक धरातल पर भी लोगों के मन-मस्तिष्क को जकड़ चुकी है। वर्चुअल संसार में आये दिन चलने वाले किसी 'ट्रेंड' में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के उपयोगकर्ताओं की भागीदारी खूब देखने को मिलती है। खासकर तस्वीरों को एडिट कर अपने व्यक्तित्व एवं चेहरे को बदलने वाला चलन सिर चढ़कर बोलता है। कभी विशेष परिधान पहनकर तस्वीरें साझा करने का चलन तो कभी रंगों-रेखाओं में अपनी छवि को ढालने का जुनून। इन दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर गूगल जेमिनी का ट्रेंड छाया हुआ है। इसमें अलग-अलग तरह के प्रॉम्प्ट इस्तेमाल कर यूजर्स अपनी छवियों को मनपसंद रूप रंग दे रहे हैं। विशेषकर महिलाएं हर बार की तरह इस बार भी वर्चुअल दुनिया के इस ट्रेंड का खूब अनुसरण कर रही हैं। साड़ी में अपनी फोटो तैयार से लेकर दुल्हन के परिधान पहनने तक, महिलाएं अपनी तस्वीरों को गूगल जेमिनी से अलग-अलग रंग-रूप में ढाल रही हैं। तकलीफदेह है कि निजी जानकारियों, तस्वीरों और अन्य कई तरह का डाटा साझा करने से जुड़े अनगिनत खतरों के बावजूद नासमझी का यह बर्ताव हर वायरल ट्रेंड के साथ देखने को मिलता है। स्वयं अपनी ही निजता में सेंध लगाने वाली गलतियां और गतिविधियां की जाती हैं। वर्चुअल चलन पर चल पड़ने की इस आपाधापी में निजी जानकारियां आभासी दुनिया तक पहुंचा दी जाती हैं। जबकि ऐसे चलन जीवन को जोखिम में डालने भी वाले साबित हो रहे हैं। कहीं विशेष तरह की सामग्री तैयार करने के लिए अजब-गजब हरकतें कर दुर्घटनाओं को न्योता दिया जा रहा है, कहीं निजी सूचनाएं साझा करना ब्लैकमेलिंग और अपराध के रास्ते खोल रहा है। बीते दिनों चले घिबली आर्ट ट्रेंड को लेकर तो महाराष्ट्र साइबर सेल द्वारा सुरक्षा सलाह सूची तक जारी की गईं थी। इस परामर्श सूची में घिबली आर्ट के जरिए भारतीयों का डाटा विदेशी कंपनियों तक आसानी से पहुंचने और उसका दुरुपयोग होने की आशंका जताई गई थी। महाराष्ट्र साइबर सेल के अनुसार जांच के दौरान घिबली आर्ट समेत कई अन्य एआई इमेज जेनरेटर का उपयोग करने के बहुत से जोखिम नजर आने के बाद लोगों से ऐसे एप्लीकेशन से बचने का आग्रह किया। विशेष रूप से उपयोगकर्ताओं को उन एप्लीकेशन बचने की सलाह दी है, जो लोगों के तकनीकी उपकरणों तक पहुंचने या संदर्भ चित्र अपलोड करने की अनुमति मांगते हैं। चिंतनीय है कि आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ ही मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर भी ऐसे 'ट्रेंड्स' बहुत से लोगों के लिए असहजता का परिवेश बनाते हैं। ऐसी गतिविधियों में भागीदार न बनने वाले लोगों को औरों से पीछे छूटने की अनुभूति घेरने लगती है। प्यू रिसर्च के एक अध्ययन के अनुसार सोशल मीडिया उपयोग का बढ़ता दायरा अवसाद का अहम कारण बन गया है। यह रिपोर्ट बताती है कि बहुत से लोग सोशल मीडिया पर उपस्थित अपने ही वर्ग के अन्य लोगों से अपने जीवन की तुलना करने लगते हैं। इस मनःस्थिति में लोगों को अपनी जिंदगी कमतर लगने लगती है। इसके चलते सोशल मीडिया एंगजाइटी डिसऑर्डर का शिकार हो जाते हैं।समझना मुश्किल नहीं कि हर ओर छाये किसी विशेष चलन में हिस्सेदारी न कर पाने के कारण यह अवसाद का भाव कितना गहरा हो जाता होगा? इतना ही नहीं, इन वर्चुअल ट्रेंड्स के माध्यम से निजी सूचनाएं साझा करने के खामियाजे तो पीड़ादायी घटनाओं के रूप में आए दिन सामने आते रहते हैं। दरअसल, जाने-अनजाने गोपनीय जानकारियों को साझा करते हुए दी गई सहमति बहुत सी गंभीर चिंताएं पैदा करती है। सुरक्षा से जुड़े जोखिमों के बावजूद हर तरह के आभासी चलन का अनुसरण करने वालों में महिलाओं की संख्या बहुत ज्यादा होती है। स्त्रियां ना केवल अपनी बल्कि पारिवारिक जानकारियां और तस्वीरें भी खूब साझा करती हैं। ध्यातव्य है कि वर्चुअल संसार में किसी भी तरह के शोषण और धोखाधड़ी के आपराधिक मामलों को अंजाम देने वाले अधिकतर महिलाओं को ही जालसाजी का शिकार बनाते हैं। ऐसे में सहज रूप से साझा की छवियां और जानकारियां हों या सोशल मीडिया के नये-नये चलन, वर्चुअल संसार में जालसाजी के रंग ढंग विस्तार ही पा रहे हैं। स्त्रियों के साथ होने वाले आपराधिक मामलों के पीछे आभासी दुनिया में अपने जीवन से जुड़े हर पक्ष को साझा करना भी है। यही वजह है कि कई बार वर्चुअल ट्रेंड्स वास्तविक जीवन में बड़ा नुकसान करने वाले साबित होते हैं। आवश्यक है कि ऐसे किसी भी चलन का हिस्सा बनने में थोड़ा संयम से काम लिया जाए।निजी जानकारियों को साझा करने की अनुमति देने से पहले सजगता बरती जाए।

( लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
**दर्शन**

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

# कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित
**प्रेरणा**

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## बद्री दर्शन



उत्तराखंड के चमोली में नवरात्र उत्सव पर बद्रीनाथ धाम में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। भारी बारिश के बाद भी भक्तों की आस्था बनी रही।

## आज की पाती

### एआई से बदलेगा इलाज का भविष्य

अब तक फिल्मों में जिस तरह की हाईटेक मशीनों को देखा गया है, वह हकीकत बनने की ओर बढ़ रही है। यूरोप के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल विकसित किया है जो 1000 से ज्यादा बीमारियों का खतरा पहले से भांप सकता है। डेल्फी 2-एम नामक यह टूल किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य का विस्तृत पूर्वानुमान लगाकर अगले 10 साल या उससे भी आगे तक की बीमारियों के बारे में अलर्ट दे सकता है। इस एआई मॉडल को यूरोपियन मॉलिक्यूलर बायोलॉजी लेबोरेटरी, जर्मन कैंसर रिसर्च सेंटर और कोपनहेगन यूनिवर्सिटी ने मिलकर तैयार किया है। इसे ट्रेनिंग देने के लिए करीब 23 लाख लोगों का स्वास्थ्य डेटा इस्तेमाल किया गया। यह मॉडल बीमारियों का पैटर्न समझता है।

*- मनीष यदु, दुर्ग*

## ट्रेंड

### रेल कनेक्टिविटी



बिहार में रेल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में आज हमारी सरकार ने बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया रेलवे लाइन सेक्शन के दोहरीकरण को मंजूरी दी है। इसका लाभ इस पूरे क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को भी होगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर भारत



स्वदेशी उत्पादों को अपनाना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय उद्योगों और उत्पादों को प्रोत्साहन देने से न केवल देश के छोटे-बड़े व्यापारियों को मजबूती मिलती है, बल्कि रोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता भी बढ़ती है।

-पुष्कर सिंह धामी, सीएम, उत्तराखंड

### बेरोजगारी बड़ी समस्या



भारत में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोज़गारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोज़गार और अवसर देना।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### अनावश्यक नौकरशाही



सामान्यतः, पैमाना एक अच्छी बात है। लेकिन अगर बड़ा होना किसी संगठन को नौकरशाही और प्रक्रियाओं व नियमों का कैदी बना देता है, तो यह निश्चित रूप से नवाचार और तेज़ विकास को बाधित कर सकता है।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

### भारत 'हमारे साथ ही है' यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि भारत 'हमारे साथ ही है' और उम्मीद जताई कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप से नयी दिल्ली का रूसी ऊर्जा क्षेत्र के प्रति रवैया बदलेगा। जेलेंस्की 'फॉक्स न्यूज' के साथ एक साक्षात्कार के दौरान यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में चीन और भारत की भूमिका के बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। अमेरिका अक्सर भारत और चीन पर रूसी हथियार खरीदने का आरोप लगाता रहा है, जिसके बारे में राष्ट्रपति ट्रंप का दावा है कि यह हथियार यूक्रेन के खिलाफ मास्को के युद्ध में उसे धन मुहैया कराते हैं। जेलेंस्की ने कहा, "मुझे लगता है कि भारत मुख्य रूप से हमारे साथ है। हां, हमारे पास ऊर्जा को लेकर कुछ सवाल हैं, लेकिन मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप यूरोपीय (देशों) के साथ मिलकर इसे प्रबंधित कर सकते हैं तथा भारत के साथ अधिक मजबूत और करीबी संबंध बना सकते हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, और मुझे लगता है कि हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि भारतीयों को पैर पीछे नहीं खींचने पड़े और वे रूसी ऊर्जा क्षेत्र के प्रति अपना रुख बदलेंगे। वह फॉक्स न्यूज के एक साक्षात्कारकर्ता के एक विशिष्ट प्रश्न का उत्तर दे रहे थे : "चीन, भारत, ये सभी इसमें योगदान दे रहे हैं।

## ऑफ बीट

### क्या गर्भावस्था में महिलाओं को पैरासिटामोल लेना ठीक है



पैरासिटामोल को 'कैटेगरी ए' ड्रग के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसका मतलब है कि कई गर्भवती महिलाएं और प्रजनन आयु वाली महिलाएं इसे बिना किसी जन्म दोष या भ्रूण पर हानिकारक प्रभाव के लंबे समय तक उपयोग करती रही हैं। गर्भावस्था में बुखार का इलाज महत्वपूर्ण है क्योंकि गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में इलाज न किए गए उच्च बुखार से गर्भपात, न्यूरल ट्यूब दोष, और हृदय दोष हो सकते हैं। गर्भावस्था में संक्रमण भी ऑटिज़्म के जोखिम को बढ़ा सकता है। हाल के शोध में क्या पाया गया? साल 2021 में एक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ पैनल ने गर्भावस्था में पैरासिटामोल के उपयोग पर मानव और जानवरों पर किए गए अध्ययन के प्रमाणों की समीक्षा की थी। उनका एकमत बयान था कि गर्भावस्था के दौरान पैरासिटामोल का उपयोग भ्रूण के विकास को प्रभावित कर सकता है, जो बाद में बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। पिछले महीने हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पैरासिटामोल और न्यूरो-डेवलपमेंटल विकारों, जैसे ऑटिज़्म और एडीएचडी (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर) के बीच संबंध का अध्ययन किया।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# बिहार के वोटों पर नजरः राहुल गांधी ने जारी किया 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र', सत्ता में आने पर अतिपिछड़ों के लिए बड़े बदलावों का वादा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज पटना में आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक के दौरान एक ऐतिहासिक दस्तावेज़ अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र जारी किया। इसमें अतिपिछड़ा वर्ग सहित वंचित तबकों के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए 10 बड़े वादे किए गए हैं। राहुल गांधी ने इसे "न्याय और बराबरी की लड़ाई का रोडमैप" बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर यह संकल्प पत्र नीति और कानून के रूप में लागू किया जाएगा। ये वही वोट बैंक है जिनकी गोलबंदी से नीतीश कुमार की बिहार में सत्ता स्थापित हुई । नीतीश के ख़राब स्वास्थ्य की वजह से अब इस वोट बैंक को जोड़ कर रख पाना जदयू के लिए चुनौती माना जा रहा है यही कारण है कि कांग्रेस की नजर ईबीसी वोट बैंक पर है।

संकल्प पत्र जारी करते हुए राहुल गांधी ने कहा, अतिपिछड़े समाज को दशकों से उनका हक नहीं मिला। हमारी लड़ाई केवल सत्ता की नहीं, बल्कि न्याय और समान अवसर की है। कांग्रेस सरकार आने पर यह संकल्प केवल वादे नहीं होंगे, बल्कि कानून बनकर लागू होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस का यह संकल्प पत्र सिर्फ बिहार के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए 'सामाजिक न्याय के नए युग' की शुरुआत है।

बिहार में अतिपिछड़ा वर्ग करीब 36 फ़ीसदी आबादी रखता है। विशेषज्ञों का मानना है कि राहुल गांधी का संकल्प पत्र न केवल इस वर्ग को साधने का प्रयास है बल्कि यह संकेत भी देता है कि कांग्रेस सामाजिक न्याय के मुद्दे को 2025 विधानसभा चुनाव में अपना मुख्य हथियार बनाने जा रही है।

## अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र के प्रमुख बिंदु



- अतिपिछड़ा अत्याचार निवारण अधिनियम लाया जाएगा

राहुल गांधी ने घोषणा की कि सत्ता में आने पर कांग्रेस एक विशेष कानून 'अतिपिछड़ा अत्याचार निवारण अधिनियम' पारित करेगी, जो अतिपिछड़ों पर होने वाले सामाजिक, आर्थिक और संस्थागत भेदभाव को रोकने के लिए कानूनी सुरक्षा देगा।

- स्थानीय निकायों में आरक्षण 30 फ़ीसदी तक बढ़ेगा

वर्तमान में पंचायत और नगर निकायों में अतिपिछड़ों को 20% आरक्षण प्राप्त है। कांग्रेस ने वादा किया है कि इसे बढ़ाकर 30% किया जाएगा, ताकि राजनीतिक भागीदारी में उनकी हिस्सेदारी सुनिश्चित की जा सके।

- आरक्षण की 50 फ़ीसदी सीमा को तोड़ने की पहल

संकल्प पत्र में कहा गया है कि आबादी के अनुपात में आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए, यदि आवश्यक हुआ तो विधान मंडल द्वारा पारित कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने हेतु केंद्र को भेजा जाएगा, जिससे आरक्षण की वर्तमान 50 फ़ीसदी सीमा को पार किया जा सके।

- नॉट फाउंड सूटेबल"को अवैध घोषित किया जाएगा

सरकारी नौकरियों और नियुक्तियों में उम्मीदवारों को "एनएफएस" बताकर बाहर करने की प्रथा को खत्म किया जाएगा। कांग्रेस ने इसे अवसंवैधानिक और भेदभावपूर्ण बताते हुए अवैध घोषित करने का वादा किया।

- अतिपिछड़ा सूची की समीक्षा के लिए विशेष समिति

संकल्प पत्र में कहा गया है कि अतिपिछड़ा वर्ग की सूची में अल्प या अति समावेशन के मामलों की समीक्षा और समाधान के लिए एक विशेष समिति गठित की जाएगी।

- भूमिहीनों को आवासीय भूमि का अधिकार

अतिपिछड़ा, अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के सभी आवासीय भूमिहीन परिवारों को शहरी क्षेत्रों में 3 डेसिमल और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 डेसिमल भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

- निजी स्कूलों में आधी आरक्षित सीटें वंचित वर्गों को

'शिक्षा अधिकार अधिनियम 2010' के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन हेतु आरक्षित सीटों में से आधा हिस्सा अतिपिछड़ा, पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति और जनजाति के बच्चों के लिए आरक्षित किया जाएगा।

- . 25 करोड़ तक के सरकारी ठेकों में 50 फीसदी आरक्षण

कांग्रेस ने वादा किया कि 25 करोड़ तक के सरकारी ठेकों और आपूर्ति कार्यों में 50 फीसदी आरक्षण अतिपिछड़ा, अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के लिए सुनिश्चित किया जाएगा।

- निजी शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण लागू

संविधान के अनुच्छेद 15(5) के तहत राज्य के सभी निजी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए भी आरक्षण व्यवस्था लागू की जाएगी।

- . उच्च अधिकार प्राप्त आरक्षण नियामक प्राधिकरण का गठन

आरक्षण की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक "आरक्षण नियामक प्राधिकरण" का गठन किया जाएगा। साथ ही, जातियों की आरक्षण सूची में कोई भी परिवर्तन केवल विधान मंडल की अनुमति से ही संभव होगा।

## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट के फैसले

# 69,725 करोड़ से जहाज निर्माण और समुद्री क्षेत्र होंगे मजबूत, रोजगार बढ़ेंगे

इसमें शिपब्रेकिंग क्रेडिट नोट के लिए 4,001 करोड़ रु. अलग रखे गए हैं। राष्ट्रीय जहाज निर्माण मिशन की स्थापना की जाएगी, यह विभिन्न पहलों को क्रियान्वित करने का काम करेगी, इससे रफ्तार भी बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने जहाज निर्माण और समुद्री क्षेत्र को मजबूत करने के लिए 69,725 करोड़ रुपए का एक बड़ा पैकेज मंजूर किया है। इससे देश में 4.5 मिलियन ग्रॉस टन की जहाज निर्माण क्षमता बढ़ेगी, करीब 30 लाख नए रोजगार पैदा होंगे और लगभग 4.5 लाख करोड़ का निवेश समुद्री क्षेत्र में आएगा। इस योजना के तहत शिपबिल्डिंग वित्तीय सहायता योजना को 31 मार्च 2036 तक बढ़ाया गया है, जिसमें कुल 24,736 करोड़ का प्रावधान है। इसमें शिपब्रेकिंग क्रेडिट नोट के लिए 4,001 करोड़ अलग रखे गए हैं। राष्ट्रीय जहाज निर्माण मिशन की स्थापना की जाएगी, जो इन पहलों को लागू करने का काम करेगी। इससे लंबी दूरी के माल परिवहन को आसानी होगी। कृषि क्षेत्रों और औद्योगिक केंद्रों तक पहुंच बेहतर होगी और सीमा पार व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

### सूचना व प्रसारण मंत्री वैष्णव ने निर्णयों की जानकारी साझा की

**4** हिस्सों में लागू होगी योजना

यह योजना घरेलू क्षमता को मजबूत करना, दीर्घकालिक वित्त पोषण सुधारना, नए शिपयार्ड विकसित करना और तकनीकी क्षमता, स्किलिंग तथा नीति सुधार करना। इसमें 25,000 करोड़ का मैरीटाइम डेवलपमेंट फंड शामिल है, जिसमें 20,000 करोड़ का मैरीटाइम इन्वेस्टमेंट फंड और 5,000 करोड़ का इंटरेस्ट इंसेंटिवाइजेशन है।

### शिपबिल्डिंग विकास योजना के लिए 19,989 करोड़ की मंजूरी



शिपबिल्डिंग विकास योजना के लिए 19,989 करोड़ का बजट रखा गया है, जिसका उद्देश्य घरेलू जहाज निर्माण क्षमता को 4.5 मिलियन ग्रॉस टन प्रति वर्ष तक बढ़ाना है। इसके तहत बड़े शिपबिल्डिंग क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, तकनीकी केंद्र बनाए जाएंगे और जोखिम सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

### राष्ट्रीय, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा भी होगी मजबूत

यह पहल न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा भी मजबूत होगी। यह भारत को वैश्विक शिपबिल्डिंग में एक मजबूत प्रतिस्पर्धी ताकत बनाने में मदद करेगी और आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाएगी।

**योजना के उद्देश्य** : इस योजना का उद्देश्य भारत में जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करना है और इसमें 4,001 करोड़ के आवंटन के साथ एक शिपब्रेकिंग क्रेडिट नोट भी शामिल है। सभी पहलों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक राष्ट्रीय जहाज निर्माण मिशन भी स्थापित किया जाएगा। वित्तपोषण उपलब्ध कराने हेतु 25,000 करोड़ की राशि के साथ समुद्री विकास कोष (एमडीएफ) को मंजूरी दी गई है। जहाज निर्माण विकास योजना का बजटीय परिव्यय 19,989 करोड़ रुपए रखा गया है।

बिहार में 3,822 करोड़ से बनेगा अहम हाइवे

## एक घंटे में तय होगा साहेबगंज-बेतिया का सफर

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बिहार में साहेबगंज-अरेराज-बेतिया खंड पर चार-लेन ग्रीनफील्ड हाईवे बनाने की मंजूरी दी है। यह हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग- (एनएच-139डब्ल्यू) का हिस्सा होगा और इसकी कुल लागत 3,822.31 करोड़ है। इसकी लंबाई 78.94 किलोमीटर होगी और इसे हाइब्रिड एन्युइटी मोड के तहत विकसित किया जाएगा। इसका उद्देश्य पटना और बेतिया के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना है। यह वैशाली, सारण, सीवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण को जोड़ते हुए भारत-नेपाल सीमा तक पहुंच प्रदान करेगा।

### रफ्तार में आएगी तेजी

यह हाईवे वाहनों के लिए 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने योग्य बनाया जाएगा। इसके बाद साहेबगंज से बेतिया तक की यात्रा समय 2.5 घंटे से घटकर केवल 1 घंटा रह जाएगा। रोजगार के अवसर भी बड़ी संख्या में पैदा होंगे। अनुमान है कि इससे 14.22 लाख मानव-दिवस प्रत्यक्ष रोजगार और 17.69 लाख मानव-दिवस अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह हाईवे एनएच-31, एनएच-722, एनएच-727, एनएच-27 और एनएच -227ए जैसे अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़कर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। साथ ही यह बिहार के बौद्ध पर्यटन सर्किट को और बेहतर बनाने में मदद करेगा।

कर्नाटक जाति गणना पर अब कांग्रेस ने लिया यू- टर्न

## 14 जातियां थीं शामिल, अब दलित-ईसाई को हटाया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने मंगलवार को अहम स्पष्टीकरण जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सामाजिक-आर्थिक-शैक्षिक-राजनीतिक सर्वेक्षण( जाति जनगणना) की अंतिम सूची से सभी दलित ईसाई जातियों को हटा दिया गया है। आयोग के अध्यक्ष मधुसूदन नाइक ने बताया कि 14 जातियां शुरू में मसौदा सूची में शामिल थीं, लेकिन जनता की आपत्तियों के बाद उन्हें हटा दिया गया। इसने सत्तारूढ़ दल कांग्रेस को भी असहज कर दिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कई दलित निष्ठावान, जिनमें अनुसूचित जाति के वामपंथी वर्ग के पूर्व मंत्री एच. आंजनेय और अनुसूचित जनजाति के वाल्मीकि समुदाय से केएन राजन्ना शामिल थे।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **सन्नी चौधरी, पुत्रः** राज कुमार, **पताः** मकान न. 244/90, गली न. 05, स्कूल ब्लॉक, मंडावली, दिल्ली, ने **Case FIR No. 414/2019, U/s: 25/54/59 Arms Act,** थानाः **कृष्णा नगर, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **सन्नी चौधरी**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **सन्नी चौधरी**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case FIR No. 414/2019, U/s: 25/54/59 Arms Act,** थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **सन्नी चौधरी**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—05
पूर्व जिला, कोर्ट न. 03
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/12499/SHD/2025
(Court Matter)



## महत्वपूर्ण सूचना

### दो नई वंदे भारत रेल सेवाओं का शुभारम्भ

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा जोधपुर—दिल्ली कैंट और बीकानेर—दिल्ली कैंट स्टेशनों के बीच दो नई वंदे भारत रेल सेवाओं के शुभारंभ का निर्णय लिया गया है, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः—

**26481/26482 जोधपुर-दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन)**

| रेलगाड़ी सं. 26481 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 26482 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:25 | जोधपुर | 23:20 | -- |
| 06:28 | 06:30 | मेड़ता रोड जं. | 21:39 | 21:41 |
| 06:58 | 07:00 | डेगाना जं. | 21:09 | 21:11 |
| 07:28 | 07:30 | मकराना जं. | 20:39 | 20:41 |
| 08:35 | 08:37 | फुलेरा जं. | 19:53 | 19:55 |
| 09:25 | 09:30 | जयपुर जं. | 19:00 | 19:05 |
| 11:18 | 11:20 | अलवर जं. | 17:08 | 17:10 |
| 12:13 | 12:15 | रेवाड़ी जं. | 16:20 | 16:22 |
| 13:00 | 13:01 | गुड़गांव | 15:22 | 15:25 |
| 13:30 | -- | दिल्ली कैंट | -- | 15:10 |

चलने के दिनः **26481 जोधपुर** से और **26482 दिल्ली कैंट** से दिनांक 27.09.2025 से (मंगलवार छोड़कर प्रतिदिन)
**स्थानः** एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान व कुर्सीयान

**26471/26472 बीकानेर जं.-दिल्ली कैंट-बीकानेर जं. वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन)**

| रेलगाड़ी सं. 26471 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 26472 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:40 | बीकानेर जं. | 23:05 | -- |
| 06:29 | 06:31 | श्री डूंगरगढ़ | 21:41 | 21:43 |
| 07:10 | 07:12 | रतनगढ़ जं. | 20:58 | 21:00 |
| 07:45 | 07:50 | चुरू जं. | 20:20 | 20:25 |
| 08:35 | 08:37 | सादुलपुर जं. | 19:35 | 19:37 |
| 09:15 | 09:17 | लोहारु जं. | 18:59 | 19:01 |
| 09:47 | 09:49 | महेन्द्रगढ़ | 18:29 | 18:31 |
| 11:20 | 11:22 | गुड़गांव | 17:02 | 17:04 |
| 11:55 | -- | दिल्ली कैंट | -- | 16:45 |

चलने के दिनः **26471 बीकानेर जं.** से और **26472 दिल्ली कैंट** से दिनांक 28.09.2025 से (बुधवार छोड़कर प्रतिदिन)
**स्थानः** एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान व कुर्सीयान

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय—सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2949/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सीडब्ल्यूसी की बैठक से साफ संदेश, तेजस्वी सीएम फेस नहींः भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने बिहार में हुई कांग्रेस कार्य समिति की बैठक को लेकर बुधवार को अपने बयान में कहा कि तेजस्वी यादव को कभी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया जाएगा, यह कांग्रेस सीडब्ल्यूसी की बैठक से साफ हो गया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए तेजस्वी यादव पर भी तंज कसा। अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, बिहार में कांग्रेस की सीडब्ल्यूसी की बैठक महागठबंधन के लिए कई संदेश लेकर आई है। सबसे पहले, इस बैठक में वही कांग्रेसी नेता जुटे हैं, जिन्होंने लगातार बिहार और बिहारवासियों का अपमान किया है और अभद्र टिप्पणियाँ की हैं। आज़ादी के बाद बिहार में पहली बार हो रही कांग्रेस की सीडब्ल्यूसी बैठक दरअसल तेजस्वी यादव के मुख्यमंत्री बनने के ख्वाब की ताबूत में आख़िरी कील है। कांग्रेस और महागठबंधन के सहयोगी दलों में ऐसी आम सहमति दिख रही है कि तेजस्वी को कभी भी सीएम फेस घोषित नहीं किया जाएगा। मालवीय ने अपने पोस्ट में आगे लिखा, राहुल गांधी का बार-बार बिहार आना और पूरी कांग्रेस की सक्रियता इस बात का साफ़ संकेत है कि कांग्रेस, राजद पर निर्भर नहीं रहना चाहती।


## कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के समक्ष 14 अक्टूबर 2025 को सुनवाई की सूचना

**कंपनी (समझौता, व्यवस्था और समामेलन) नियमावली 2016 के साथ कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 230—232 के मामले में**

**एवं**

**पावरग्रिड भादला III ट्रांसमिशन लिमिटेड, पावरग्रिड रामगढ़ II ट्रांसमिशन लिमिटेड, पावरग्रिड ब्यावर दौसा ट्रांसमिशन लिमिटेड, पावरग्रिड बीकानेर नीमराणा ट्रांसमिशन लिमिटेड, पावरग्रिड सीकर खेतड़ी ट्रांसमिशन लिमिटेड और पावरग्रिड वातामन ट्रांसमिशन लिमिटेड एवं उनके संबंधित शेयरधारकों एवं लेनदारों के बीच विलय/समामेलन हेतु व्यवस्था की समग्र योजना के मामले में**

**निम्नलिखित के मामले में :**

1. **पावरग्रिड भादला III ट्रांसमिशन लिमिटेड,** बी—9 कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली 110016 — हस्तांतरणकर्ता कंपनी/आवेदक संख्या 1
2. **पावरग्रिड रामगढ़ II ट्रांसमिशन लिमिटेड,** बी—9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली 110016 — हस्तांतरणकर्ता कंपनी/आवेदक संख्या 2
3. **पावरग्रिड ब्यावर दौसा ट्रांसमिशन लिमिटेड,** बी—9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली—110016 — हस्तांतरणकर्ता कंपनी/आवेदक संख्या 3
4. **पावरग्रिड बीकानेर नीमराणा ट्रांसमिशन लिमिटेड,** बी—9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली—110016 — हस्तांतरणकर्ता कंपनी/आवेदक संख्या 4
5. **पावरग्रिड सीकर खेतड़ी ट्रांसमिशन लिमिटेड,** बी—9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली—110016 — हस्तांतरणकर्ता कंपनी/आवेदक संख्या 5
6. **पावरग्रिड वातामन ट्रांसमिशन लिमिटेड,** बी—9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली— 110016 — हस्तांतरिती कंपनी/आवेदक संख्या 6

**आवेदन सूचना**

पावरग्रिड भादला III ट्रांसमिशन लिमिटेड, पावरग्रिड रामगढ़ II ट्रांसमिशन लिमिटेड, पावरग्रिड ब्यावर दौसा ट्रांसमिशन लिमिटेड, पावरग्रिड बीकानेर नीमराणा ट्रांसमिशन लिमिटेड, पावरग्रिड सीकर खेतड़ी ट्रांसमिशन लिमिटेड और पावरग्रिड वातामन ट्रांसमिशन लिमिटेड तथा उनके संबंधित शेयरधारकों और लेनदारों के बीच प्रस्तावित विलय/समामेलन के संबंध में आवेदक कंपनियों द्वारा केंद्र सरकार, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के समक्ष 18 सितंबर 2024 को एक संयुक्त याचिका और 23 जुलाई 2025 को एक पुष्टिकरण याचिका दायर की गई थी और इस मामले पर **भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के समक्ष 14 अक्टूबर 2025 को सुनवाई नियत की गई है।**

उक्त याचिका का समर्थन या विरोध करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति, अपने या अपने अधिवक्ता द्वारा हस्ताक्षरित, अपने नाम और पते के साथ, अपने आशय की एक सूचना, आवेदक कंपनियों के अधिवक्ता **मेसर्स चंढियोक एंड महाजन ("अधिवक्ता")** को निम्नलिखित पते पर इस प्रकार भेजनी चाहिए कि वह आवेदन की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि से सात दिन पहले अधिवक्ता तक पहुँच जाए। जहां वे याचिका का विरोध करना चाहते हैं, वहां विरोध के आधार या उनके हलफनामे की एक प्रति ऐसी सूचना के साथ प्रस्तुत की जाए। याचिका की एक प्रति, उसकी आवश्यकता वाले किसी भी व्यक्ति को, हस्ताक्षरकर्ता द्वारा, निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

**दिनांकः 25 सितंबर 2025**

हस्ता./—
**मेसर्स चंढियोक एंड महाजन,
अधिवक्ता एवं सॉलिसिटर
(आवेदक कंपनियों के अधिवक्ता)
सी—524, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली—110024**


मुख्यमंत्री ने पंचकूला में किया राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के द्वितीय चरण का उद्घाटन

## नायब ने पैरा-ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाले 8 खिलाड़ियों को 42 करोड़ रुपए की इनामी राशि सौंपी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हरियाणा को न केवल भारत की बल्कि विश्व की खेल राजधानी बनाना है। मुख्यमंत्री बुधवार को ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम, पंचकूला में राज्य स्तरीय खेल महाकुम्भ के द्वितीय चरण के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को मुख्यातिथि के रूप में संबांधित कर रहे थे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गत वर्ष पेरिस में हुए पैरा-ओलम्पिक में पदक जीतने वाले हरियाणा के 8 खिलाड़ियों को 42 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण पदक और 3 रजत पदक अर्जित किए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 31 प्रशिक्षकों को 3 करोड़ 56 लाख रुपए की राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम में हरियाणा के उत्कृष्ट खिलाड़ियों, राष्ट्रीय खेल-2025 के स्वर्ण पदक विजेताओं, 75 उत्कृष्ट खेल नर्सरियों के इंचार्ज और खेल विभाग के 75 उत्कृष्ट कोच को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर नायब सिंह सैनी ने राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के द्वितीय चरण के उद्घाटन की घोषणा की और खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का आह्वान किया। इस मौके पर खेल मंत्री गौरव गौतम भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल महाकुंभ सिर्फ ऐक खेल का आयोजन नहीं बल्कि हरियाणा के युवाओं के सपनों को उड़ान देने का मंच है। यह उस भावना का प्रतीक है, जो खेलों में हरियाणा को नंबर वन बनाती है। उन्होंने कहा कि खेल महाकुंभ की शुरुआत हरियाणा के स्वर्ण जयंती वर्ष 2017 में की गई थी। तब से अब तक पांच खेल महाकुंभों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। गत 2 अगस्त से 4 अगस्त तक चले खेल महाकुंभ के पहले चरण में 26 खेलों में प्रदेश के कुल 15 हजार 410 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। आज इसके दूसरे चरण में 9 हजार 959 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के लिए खेलने का सपना हर खिलाड़ी का होता है, परंतु उस सपने को सच करने के लिए लगातार अभ्यास, अनुशासन और आत्मबल चाहिए। खिलाड़ियों में इन गुणों को निखारने के लिए ही सरकार द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इनमें खिलाड़ियों को अपनी दक्षता और क्षमता को और अधिक ऊंचा उठाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश में 1 हजार 489 खेल नर्सरियां कार्यरत हैं। इनमें 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन नर्सरियों में नामांकित 8 से 14 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 1500 रुपए तथा 15 से 19 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को दो हजार रुपए प्रति माह दिये जाते हैं। यही नहीं खेल नर्सरी प्रशिक्षकों को 25 हजार तक मानदेय भी दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### एलएंडटी ने किया बीईएल के साथ समझौता




**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने बुधवार को कहा कि उसने भारतीय वायुसेना के लिए अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियां उपलब्ध कराने के लिए नवरत्न रक्षा सार्वजनिक उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ गठजोड़ किया है।

### बजाज इलेक्ट्रिकल्स मॉर्फी रिचर्ड्स का ब्रांड खरीदेगी




**नई दिल्ली।** घरेलू उपकरण विनिर्माता कंपनी बजाज इलेक्ट्रिकल्स आयरलैंड स्थित ग्लेन इलेक्ट्रिक से मॉर्फी रिचर्ड्स के बौद्धिक संपदा अधिकारों का अधिग्रहण करेगी। निदेशक मंडल ने भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, मालदीव और श्रीलंका के लिए मॉर्फी रिचर्ड्स के ब्रांड अधिकार हासिल करने के वास्ते 146 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दे दी है।

### मेकमाईट्रिप के शीर्ष नेतृत्व में बदलावों की घोषणा




**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग कंपनी मेकमाईट्रिप ने मोहित काबरा को समूह मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) और दीपक बोहरा को समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की। शीर्ष स्तर पर हुए ये बदलाव सांस्थानिक नेतृत्व और वृद्धि तेज करने पर कंपनी के ध्यान को दर्शाते हैं।

## कंपनियों को कीमतें तय करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

# एफएमसीजी कंपनियों को दो महीने के भीतर कीमतों में पूर्ण समायोजन की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जीएसटी की कम दरें लागू होने के साथ रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों को अपने उत्पादों के लिए कम कीमतें तय करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन उन्हें दो महीने के भीतर कीमतों में पूर्ण समायोजन की उम्मीद है। रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली वस्तुएं बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों ने अपने उत्पाद के मूल्य कम से कम दो रुपये, पांच रुपये और 10 रुपये तक कम किए हैं। अब पारले जी बिस्कुट का एक छोटा पैकेट जिसकी कीमत पहले पांच रुपये थी अब वह 4.5 रुपये का हो गया है। शैम्पू का पाउच जिसकी कीमत दो रुपये थी अब 1.75 रुपये का हो गया है।

### गैर-मानक कीमत अपनाना ही विकल्प

उद्योग जगत से जुड़े लोगों एवं विशेषज्ञों के अनुसार, कंपनियों के पास "गैर-मानक" कीमतें अपनाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है क्योंकि उनके पास चीजों का वजन (ग्रामेज) तेजी से बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय नहीं है, जिसके लिए कारखाने के ढांचे में बदलाव की आवश्यकता होती है।

### चीजों का वजन तेजी से बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय नहीं है

**जीएसटी कम होने से कंपनियों ने उत्पादों के दो, पांच व दस रुपए कम किए**



**कंपनियों के पास "गैर-मानक" कीमतें अपनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं**

*बदलाव के लिए लगेगा समयः शाह*

*पारले प्रोडक्ट्स के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने कहा, " हां, यह पूरी तरह से अस्थायी है। आम तौर पर जब भी आप किसी बदलाव या ऐसी किसी चीज की बात करते हैं, तो पैक के वजन में बदलाव करते हैं। इस तरह की चीजों में लगभग डेढ़ से दो महीने का समय लगता है। कंपनियां आमतौर पर डेढ़ से दो महीने का अतिरिक्त समय लेकर काम करती है।"*

*निर्देशों का पालन करने खुदरा कीमत कम की*

*अस्थायी उपाय के तौर पर उन्होंने सरकारी निर्देशों का पालन करने के लिए लोकप्रिय मूल्य पैक की अधिकतम खुदरा कीमत कम कर दी है। माल एवं सेवा कर (जीएसटर) की दो स्तरीय पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो गई हैं।*

### कंपनियां अपने सामान का वजन बढ़ाएंगी

*नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अबनीश रॉय ने कहा कि ये एफएमसीजी कंपनियों द्वारा "अल्पकालिक उपाय" हैं। उन्होंने कहा, " आखिरकार कंपनियां अपने (सामान का) वजन बढ़ाएंगी और दो रुपये, पांच रुपये और 10 रुपये आदि के मूल्य पर वापस आ जाएंगी क्योंकि स्पष्ट रूप से 4.5 रुपये या 4.6 रुपये के मूल्य व्यावहारिक नहीं हैं।"*

### पैक की कीमतों में समायोजन कियाः डाबर

डाबर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने कहा कि उनकी कंपनी ने अपने पैक की कीमतों में समायोजन किया है। उन्होंने कहा, " डाबर में हमारा मानना है कि सामर्थ्य कभी भी गुणवत्ता की कीमत पर नहीं आना चाहिए। इसीलिए हमने अपने खंड में कीमतों को सक्रिय रूप से समायोजित किया है। जीएसटी कटौती के अनुरूप हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर उपभोक्ता इसका लाभ उठा सके...।"

### अभी वजन में बदलाव करना मुश्किलः पारले

वर्तमान में पारले जी बिस्कुट का एक पैकेट जिसकी कीमत पहले पांच रुपये थी, अब जीएसटी लाभ लागू होने के बाद 4.45 रुपये में बिक रहा है। शाह ने कहा, " आज, जब हम बात कर रहे हैं, मेरे अक्टूबर और नवंबर के रैपर छप चुके हैं। अब मेरे लिए बाहर जाकर वजन में कोई बदलाव करना और एमआरपी स्थिर रखना मुश्किल है। तो जाहिर है हम इसे गैर-मानक मूल्य बिंदुओं पर इन्हें बेच रहे हैं।'

## पीएम स्पेशल रेलसेवाओं को हरी झण्डी दिखाकर करेंगे रवाना

**नई दिल्ली।** जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत, बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एवं उदयपुर सिटी-चंडीगढ-उदयपुर सिटी उद्घाटन स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत, बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एवं उदयपुर सिटी-चंडीगढ- उदयपुर सिटी उद्घाटन स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिनांक 25.09.2025 को बांसवाडा, राजस्थान से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उद्घाटन स्पेशल रेलसेवाओं को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा। जोधपुर में आयोजित समारोह में श्री अश्विनी वैष्णव, माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार एवं श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, भारत सरकार उपस्थित रहेंगे। बीकानेर में आयोजित समारोह में श्री अर्जुन राम मेघवाल, माननीय क़ानून एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री, भारत सरकार उपस्थित रहेंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार दिनांक 25.09.25, गुरूवार को गाडी संख्या 04861, जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत उद्घाटन स्पेशल जोधपुर से 14.30 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 19.05 बजे आगमन व 19.10 बजे प्रस्थान कर 23.10 बजे दिल्ली कैंट पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में मेडता रोड, डेगाना, मकराना, फुलेरा, जयपुर, अलवर, रेवाडी व गुडगॉव स्टेशनों पर ठहराव करेगी।



## सेबी ने निवेशक संपत्ति के संरक्षकों के लिए नियमों में किए बदलाव

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने संरक्षकों के लिए न्यूनतम नेटवर्थ यानी शुद्ध संपत्ति की शर्त को 50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 75 करोड़ रुपये कर दिया है। इसका उद्देश्य संरक्षकों के जोखिम प्रबंधन तंत्र को मजबूत करना है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने कहा है कि मौजूदा संरक्षकों को शुद्ध संपत्ति संबंधी नए प्रावधानों को पूरा करने के लिए तीन साल का समय मिलेगा। संरक्षक निवेशकों की संपत्ति की सुरक्षा और रखरखाव का जिम्मा संभालने वाला व्यक्ति या संस्था होता है। यह निवेशक के शेयर, बॉन्ड, म्यूचुअल फंड एवं अन्य निवेशों को सुरक्षित रखने के साथ उसके खाते का सही रिकॉर्ड भी रखता है। सेबी ने 18 सितंबर को जारी अधिसूचना में कहा, "जिस संरक्षक को 2025 के संशोधित नियम लागू होने से पहले पंजीकरण प्रमाणपत्र मिल चुका है, उसे तीन साल के भीतर अपनी शुद्ध संपत्ति कम से कम 75 करोड़ रुपये तक बढ़ानी होगी। यह शर्त हर गतिविधि के लिए अलग-अलग और स्वतंत्र रूप से लागू होगी। इसके अलावा सेबी ने संरक्षकों के लिए कई जिम्मेदारियां भी तय की हैं। इनमें उपयुक्त संचालन ढांचा, जोखिम प्रबंधन नीतियां, तकनीकी क्षमता और ढांचागत क्षमता शामिल हैं। सेबी ने संरक्षकों को किसी भी तरह की अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचने और ग्राहकों या अन्य संरक्षकों को नुकसान पहुंचाने से रोकने का निर्देश भी दिया है।




### बढ़ा-चढ़ा कर बयान न दें

सेबी ने कहा संरक्षक को अपनी पात्रता या सेवाओं के बारे में ग्राहकों से कोई भी बयान बढ़ा-चढ़ाकर नहीं देना चाहिए। उन्हें आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाओं, वित्तीय एवं संचालन क्षमता का ध्यान रखना होगा ताकि चोरी, धोखाधड़ी, व्यावसायिक गड़बड़ी या अन्य दोषपूर्ण कृत्यों से सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट; सेंसेक्स 386 अंक टूटा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बैंक, वाहन तथा पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में मुनाफावसूली से स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 386 अंक के नुकसान में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक टूटा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क में वृद्धि से भी निवेशकों की धारणा पर असर पड़ना जारी है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 386.47 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 81,715.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 494.26 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 112.60 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,056.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी और एचसीएल टेक शामिल हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,551.19 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।



- बैंक, वाहन शेयरों में रही मुनाफावसूली
- वीजा शुल्क में वृद्धि से निवेशकों की धारणा पर असर

*आईटी शेयरों का प्रदर्शन कमजोर*

*एच-1बी शुल्क वृद्धि के कारण आईटी शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा, जबकि जारी व्यापार वार्ताओं के बीच अमेरिकी व्यापार संबंधी बयान और कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं।*

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। |
| वृष | मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। |
| मिथुन | मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। |
| सिंह | आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। |
| कन्या | नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा। |
| तुला | आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। |
| वृश्चिक | मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। |
| धनु | व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। |
| मकर | आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे। |
| कुंभ | आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है। |
| मीन | अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। |

## मुनाफावसूली से सोना और चांदी रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- पॉवेल की टिप्पणी से बहुमूल्य धातुओं पर दबाव
- सोने की कीमतों में 900 रुपए की गिरावट आई

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के नीतिगत ब्याज दर में कटौती पर सतर्क रुख अपनाने के बाद व्यापारियों द्वारा ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतें अपने रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 900 रुपये की गिरावट के साथ 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी।स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 900 रुपये की गिरावट के साथ 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। मंगलवार को यह 2,650 रुपये बढ़कर 1,18,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। अमेरिकी डॉलर में सुधार और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा मंगलवार को दिए गए भाषण में की गई आक्रामक टिप्पणियों के कारण सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से थोड़ी कम हुई हैं। मुनाफावसूली के कारण चांदी की कीमतें भी अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे आ गईं। सराफा संघ के अनुसार, पिछले बाजार सत्र में 3,220 रुपये की भारी वृद्धि के बाद, बुधवार को चांदी 600 रुपये गिरकर 1,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

### अनिश्चितता सराफा में निवेश को बढ़ावा दे रही

गांधी ने कहा कि बुधवार को थोड़ी गिरावट के बावजूद, मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितता कीमती धातुओं में सुरक्षित निवेश को बढ़ावा दे रही है, जिससे सर्राफा कीमतों में बड़े गिरावट को रोकने में मदद मिलती है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82(2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिषेक गुप्ता** प्रो० ऑफ श्री बालाजी एंटरप्राइजेज, **निवासी:** D-30, आचार्य निकेतन, मयूर विहार-1, दिल्ली एवं 2160, गली सुदामा, बाज़ार सीताराम, दिल्ली ने **CR. No. 2133/19 U/s 138 NI Act. थानाः शकरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अभिषेक गुप्ता**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अभिषेक गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **CR. No. 2133/19 U/s 138 NI Act. थानाः शकरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अभिषेक गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
जेएमएफसी-03, कमरा नं. 16
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/12735/ED/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **1. योगेश, 2. शंकर** दोनों पुत्र राज कुमार निवासी बी-244, गली नं. 11, गढ़ी मेंडू, भजनपुरा, दिल्ली, **3. साहिल** पुत्र मोहम्मद शमशाद निवासी सी-12, स्ट्रीट नं. 10, पुराना मुस्तफाबाद, दिल्ली और **4. यश कुमार** पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी सी-329, गली नं. 14, गढ़ी मेंडू, भजनपुरा, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 12/2025 धारा 318/319/336/340/61(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इनके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 12/2025 धारा 318/319/336/340/61(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्तों **1. योगेश, 2. शंकर, 3. साहिल** और **4. यश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **04.12.2025** को हाजिर हों।

आदेशानुसारः सुश्री श्रिया अग्रवाल,
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी,
6, भूतल, एनेक्सी बिल्डिंग,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/12820/Spl. Cell/2025

**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**SPORTS AUTHORITY OF INDIA**
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
SAI

एफ.सं. 01-04001(01)/2/2025-एचओ कार्मिक प्रभाग — दिनांकः 19-09-2025
F.No. 01-04001(01)/2/2025-HO - Personnel Division — Date: 19-09-2025

**अधिसूचना**
**NOTIFICATION**

**सहायक निदेशक के पद पर भर्ती-खेल उत्कृष्टता के लिए भारत की खोज का हिस्सा बनने का अवसर।**

**Recruitment to the post of Assistant Director -An opportunity to be part of India's quest for Sporting Excellence.**

**संदर्भ :** समान संख्या की अधिसूचना दिनांक 30.05.2025 के अनुसार, सहायक निदेशक के 20 पदों (08-अनारक्षित, 02-ईडब्ल्यूएस, 05-ओबीसी, 03-एससी, 02-एसटी) को भरने के संबंध में। "सार्वजनिक स्कोर प्रकटीकरण, सिविल सेवा परीक्षा, 2023" की सूची दिनांक 08-11-2024 के अंतर्गत शामिल अभ्यर्थियों से अनुरोध किया जाता है कि वे भारतीय खेल प्राधिकरण में नियमित आधार पर सहायक निदेशक के पद हेतु वेतन मैट्रिक्स लेवल-10 (7th सीपीसी) में ऑनलाइन आवेदन करें। विस्तृत अधिसूचना भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है।

2. **अंतिम चयन विधिः चयन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर किया जाएगाः**
   - 60% अधिभार - UPSC CSE 2023 में प्राप्त अंक (2025 में से)
   - 20% अधिभार प्राथमिक खेल विधाओं में सत्यापित खेल उपलब्धियाँ
   - 20% अधिभार - साक्षात्कार में प्रदर्शन
3. उम्मीदवारों को सहायक निदेशक (Assistant Director) के पद के लिए आवेदन करने हेतु अपने नाम के सामने पब्लिक डिस्क्लोज़र सूची में प्रदत्त ईमेल आईडी का उपयोग करना होगा, जैसा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) की 16-09-2025 दिनांकित अधिसूचना में उल्लेखित है। यह स्पष्ट किया जाता है कि आवेदन पत्र जमा करने के लिए आमंत्रण मात्र को भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) द्वारा अभ्यर्थिता की अंतिम स्वीकृति नहीं माना जाएगा। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को रिक्तियों की संख्या के सापेक्ष 1:5 के अनुपात में, केवल UPSC CSE-2023 में प्राप्त अंकों के आधार पर, योग्यता क्रम में कड़ाई से शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रस्तुतिकरण दिनांक **18-09-2025 (10:00 AM) से प्रारंभ होगा तथा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 01-10-2025 (05:00 PM)** है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि किसी भी अंतिम समय की असुविधा से बचने के लिए आवेदन पत्र समय पर भरें। भर्ती संबंधी किसी भी प्रश्न के लिए ई-मेल करें: recruitment.cell.sai@gov.in । किसी विवाद की स्थिति में अधिसूचना का अंग्रेज़ी संस्करण मान्य होगा।

CBC 47103/12/0010/2526

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | सेक्टर-2 और 6 विभाजक रोड तथा निकट पटेल नगर, सेक्टर-6 के साथ-साथ आरसीसी प्रीकास्ट स्लैब सहित कवरिंग और स्टॉर्म वाटर ड्रेन की मरम्मत (आपाती कार्य) + 5 कार्य (बहादुरगढ़) | बंद होने की तिथि 29.09.2025 | रु. 278.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38983/I/88/7 दि. 24.09.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका, गन्नौर | एम.सी. गन्नौर में वार्ड 2 में रणधीर के मकान से जयपाल के मकान तक नई आईपीबी टाइल्स बिछाना + 9 कार्य। | 22.09.2025 29.09.2025 | ईएमडी रु. 65,12,485/- | https://etenders.hry.nic.in | 8930110195 secy-ganaur@ulbharyana.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38975/I/88/7 दि. 24.09.25

## शब्द पहेली - 5999



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 5998 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| य | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | य | | य | ह |
| य | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |



# टी20 रैंकिंग: भारत का दबदबा, हार्दिक-वरुण और अभिषेक ने बरकरार रखा शीर्ष स्थान

## चक्रवर्ती ने 14 रेटिंग अंक के फायदे से शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की

एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। पिछले हफ्ते दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने चक्रवर्ती ने 14 रेटिंग अंक के फायदे से शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। उनके 747 अंक हो गए हैं।

पिछले हफ्ते 11 स्थान की छलांग लगाने वाले पाकिस्तान के अबरार अहमद को नवीनतम रैंकिंग में 12 स्थान का फायदा हुआ है। बांग्लादेश के अनुभवी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान ने छह स्थान के फायदे के साथ शीर्ष 10 में वापसी की है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप के अपने पिछले दो मैच में आठ के औसत से छह विकेट चटकाए हैं।





### अभिषेक का शीर्ष स्थान बरकरार

ऑलराउंडर सूची में शीर्ष पर बरकरार पंड्या गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान आगे बढ़कर 60वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप मैच में 38 रन की तेजतर्रार पारी खेलने के अलावा रविवार को पाकिस्तान के 171 रन के स्कोर का पीछा करते हुए 74 रन की मैच विजयी पारी खेली। पाकिस्तान के खिलाफ 19 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने वाले तिलक वर्मा को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है। कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में जगह बनाने के करीब पहुंच गए हैं।



### फरहान 31 स्थान के फायदे से 24वें पायदान पर

*भारत के खिलाफ 45 गेंद में 58 रन की पारी खेलने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 31 स्थान के फायदे से 24वें पायदान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ धैर्यपूर्ण पारी खेलकर पाकिस्तान को जीत दिलाने वाले हुसैन तलत 1474 अंक की लंबी छलांग लगाकर पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में संयुक्त रूप से 234वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के सैफ हसन भी सुपर चार चरण के मैच में 61 रन की पारी खेलने के बाद 133 रन के फायदे से 81वें पायदान पर हैं।*

## खबर संक्षेप



### बिग बैश में सिडनी थंडर की तरफ से खेलेंगे अश्विन

**सिडनी।** अनुभवी आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बिग बैश लीग के आगामी सत्र में सिडनी थंडर से जुड़ेंगे और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारत के पहले बड़े क्रिकेटर बन जाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल को अलविदा कहने वाले 39 वर्ष के अश्विन ने थंडर को हामी भर दी है। फ्रेंचाइसी इस सप्ताह के अंत में इसकी आधिकारिक घोषणा कर सकती है। अश्विन आईएलटी 20 नीलामी में भी शामिल हुए हैं। चार जनवरी को लीग के खत्म होने के बाद वह थंडर से जुड़ सकते हैं। बिग बैश लीग 14 दिसंबर से 18 जनवरी तक होगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने खुद इस महीने अश्विन से संपर्क करके बीबीएल में उनकी भागीदारी की संभावना पर बात की थी। अश्विन ने पिछले महीने आईपीएल से संन्यास ले लिया, जिससे अब वह दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग खेलने के लिए स्वतंत्र हैं।

### विश्व कप में नए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी द. अफ्रीका



**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने कहा है कि अतीत से सबक लेते हुए उनकी टीम इस महीने महिला वनडे विश्व कप में नए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी और लक्ष्य पहली बार फाइल में जगह बनाने का होगा। दक्षिण अफ्रीका पिछले दो वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा और लगातार दो टी20 विश्व कप में उपविजेता रहा। हाल ही में उसने पाकिस्तान को श्रृंखला में 2-1 से हराया। वोल्वार्ट ने अपने कॉलम में लिखा,' हमने इस टूर्नामेंट की बहुत अच्छी तैयारी की है और अतीत के आईसीसी टूर्नामेंटों से सबक लिया है।

### फाइनल में मिलेंगे तो देखेंगेः अफरीदी



**दुबई।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने सूर्यकुमार यादव के इस बयान पर सीधा जवाब देने से परहेज किया कि भारत के दबदबे के कारण भारत-पाक मैचों को अब प्रतिद्वंद्विता नहीं माना जाना चाहिए और जोर देते हुए कहा कि उनकी टीम का ध्यान एशिया कप जीतने पर है। गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने आखिरी सुपर चार चरण के मैच से पहले शाहीन ने सूर्यकुमार के बयान पर पूछे गए सवालों को टाल दिया। अफरीदी ने कहा, 'यह उसका अपना विचार है, उसे कहने दीजिए। जब हम (रविवार को संभावित एशिया कप फाइनल में) मिलेंगे तो देखेंगे कि क्या है, क्या नहीं। तब देख लेंगे। हम एशिया कप जीतने आए हैं और इसके लिए हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।'

## कुलदीप ने तीन और बुमराह-चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट चटकाए

# अभिषेक का अर्धशतक, बांग्लादेश को 41 रन से हराकर भारत फाइनल में

भाषा ▶▶| दुबई

भारत ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (75 रन) के लगातार दूसरे अर्धशतक के बाद स्पिनर कुलदीप यादव (तीन विकेट) और वरूण चक्रवर्ती (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से बुधवार को यहां एशिया कप सुपर 4 मैच में बांग्लादेश को 41 रन से हराकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

भारत लिए अभिषेक ने 37 गेंद में छह चौके और पांच छक्के जड़ित पारी खेली लेकिन अन्य बल्लेबाजों के रन नहीं जुटाने से टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के लिए भी सिर्फ सलामी बल्लेबाज सैफ हसन (69 रन, 51 गेंद, तीन चौके, पांच छक्के) ही एक छोर पर टिके रहे, दूसरे छोर पर विकेट गिरने से पूरी टीम 19.3 ओवर में 127 रन पर सिमट गई जबकि भारतीय टीम ने कैच करने के कई मौके गंवाए। पिछले मैच में श्रीलंका को हराकर बड़ा झटका देने वाली बांग्लादेश के गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों को इस स्कोर पर रोककर अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन लगातार विकेट गिरने से टीम की उम्मीद टूट गई। पर अब बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच बृहस्पतिवार को होने वाला सुपर 4 मैच सेमीफाइनल जैसा ही है जिससे फाइनल में भारत के प्रतिद्वंद्वी का फैसला होगा। अगर बांग्लादेश के बल्लेबाजी प्रदर्शन को देखें तो टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच तीसरा रोमांचक मुकाबला होना लगभग तय लग रहा है।



अभिषेक शर्मा ने 5 छक्के और 6 चौकों की मदद से 75 रन की तूफानी पारी खेली

✦✦✦ मैन ऑफ द मैच ✦✦✦

स्पिनर कुलदीप यादव (चार ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट) और वरुण चक्रवर्ती (चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट) को समझना बांग्लादेशी बल्लेबाजों के लिए मुश्किल रहा जबकि अक्षर पटेल (चार ओवर में 37 रन देकर एक विकेट) पर चार छक्के जड़े गए। जसप्रीत बुमराह (चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट) का भी दिन अच्छा रहा जिससे वह रविवार को होने वाले फाइनल के लिए अच्छी तरह तैयार रहेंगे। सैफ ने अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती जैसे गेंदबाजों पर पांच गगनचुंबी छक्के जड़कर उम्मीद बनाए रखी लेकिन दूसरे छोर पर उन्हें कोई साथ नहीं मिला। अपने स्वप्निल दौर से गुजर रहे अभिषेक शतक की ओर बढ़ते दिख रहे थे लेकिन शॉर्ट थर्ड मैन पर खड़े रिशाद हुसैन के तेज थ्रो से वह रन आउट गए। वहीं दूसरे छोर पर भारतीय बल्लेबाजों ने कुछ खराब शॉट खेले जिसमें शुभमन गिल, तिलक वर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव शामिल रहे। सूर्यकुमार को कार्यवाहक कप्तान और विकेटकीपर जाकेर अली ने लेग साइड में शानदार कैच आउट किया। भारतीय टीम ने जहां पहले 10 ओवरों में 96 रन बनाए तो वहीं अगले 10 ओवर में 72 रन ही बना सके जिसमें अक्षर पटेल (15 गेंद में 10 रन) को सैमसन से ऊपर भेजा गया। बांग्लादेश के लिए तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब (चार ओवर में 29 रन देकर एक विकेट) और मुस्तफिजुर रहमान (चार ओवर में 33 रन देकर एक विकेट) ने अपनी गति वाली गेंदों का अच्छा इस्तेमाल किया।

### भारत-168-6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा रन आउट | 75 |
| गिल का तंजीम हसन बो हुसैन | 29 |
| शिवम का तौहिद हृदय बो हुसैन | 02 |
| सूर्यकुमार का अली बो रहमान | 05 |
| पंड्या का तंजीद बो सैफुद्दीन | 05 |
| तिलक का सैफ हसन बो हसन | 05 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 10 |

अतिरिक्त : 04
कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन
विकेट पतन : 1-77, 2-83, 3-112, 4-114, 5-129, 6-168
गेंदबाजी : तंजीम हसन साकिब 4-0-29-1 नासुम अहमद 4-0-34-0, मुस्तफिजुर रहमान 4-0-33-1, मोहम्मद सैफुद्दीन 3-0-37-1, रिशाद हुसैन 3-0-27-2, सैफ हसन 2-0-7-0

### बांग्लादेश-127/10 (19.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सैफ हसन का अक्षर बो बुमराह | 69 |
| तंजीद हसन का दुबे बो बुमराह | 01 |
| इमोन का अभिषेक बो कुलदीप | 21 |
| तौहीद हृदय का अभिषेक बो पटेल | 07 |
| शमीम हुसैन बो वरूण चक्रवर्ती | 00 |
| जाकेर अली रन आउट | 04 |
| सैफुद्दीन का तिलक बो चक्रवर्ती | 04 |
| रिशाद हुसैन का तिलक बो कुलदीप | 02 |
| तंजीम हसन साकिब बो कुलदीप | 00 |
| नासुम अहमद नाबाद | 04 |
| रहमान का अक्षर बो तिलक | 06 |

अतिरिक्त : 09
कुल : 19.3 ओवर में 127 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-4, 2-46, 3-65, 4-74, 5-87, 6-109, 7-112, 8-112, 9-116, गेंदबाजी : पंड्या 2-0-14-0, बुमराह 4-0-18-2, चक्रवर्ती 4-0-29-2, कुलदीप 4-0-18-3, पटेल 4-0-37-1, दुबे 1-0-10-0, वर्मा 0.3-0-1-1

## ऑस्ट्रेलिया पर 2-0 की अजेय बढ़त

# ऑस्ट्रेलिया में गरजा सूर्यवंशी का बल्ला छह छक्के उड़ाकर बनाया स्पेशल रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

वैभव सूर्यवंशी के शानदार अर्धशतक और कप्तान आयुष म्हात्रे की कामचलाऊ ऑफ स्पिन गेंदबाजी से झटके तीन विकेट की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरे युवा वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 51 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। श्रृंखला का अंतिम मैच शुक्रवार को इयान हीली ओवल में खेला जाएगा। सीरीज के दूसरे मैच में वैभव का बल्ला जमकर गरजा। मैच में 68 गेंद में 70 रन के साथ छह छक्के लगाए। इससे वह यूथ वनडे में सबसे अधिक छक्के उड़ाने वाले बैटर बन गए हैं।



### वैभव ने उड़ाए छक्के

ब्रिसबेन के मैदान में अंडर-19 टीम इंडिया के कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले बलेबाजी करने का फैसला किया। इसके जवाब में भारत की शुरुआत सही नहीं रही और खुद म्हात्रे ही दो गेंद में बिना खाता खोले पवेलियन चले गए। उनके साथ ओपनिंग करने आए वैभव ने पहले क्रीज पर पैर जमाए और उसके बाद शानदार शॉट्स लगाए। वैभव ने 68 गेंद में पांच चौके और छह छक्के की मदद से 70 रन की पारी खेली, जिसके चलते उनके नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

### सूर्यवंशी और मल्होत्रा की 117 रन की साझेदारी

मध्यक्रम के बल्लेबाज जेडन ड्रेपर ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 72 गेंद में 102 रन की पारी खेली, लेकिन 301 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 47.2 ओवर में 249 रन ही बना सकी। सूर्यवंशी (68 गेंद में 70 रन) ने भारतीय बल्लेबाजी आक्रमण की नींव रखी जब उनके साथी सलामी बल्लेबाज म्हात्रे दो गेंद खेलकर शून्य पर आउट हो गए। सूर्यवंशी ने विहान मल्होत्रा (70 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 117 रन जोड़कर भारत को ट्रैक पर वापसी कराई। पर सूर्यवंशी के आउट होने के बाद भारत की लय टूट गई। विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू (71 रन) ने अंतिम क्रम के बल्लेबाज़ों के साथ छोटी लेकिन अहम साझेदारियां करके स्कोर को चलायमान रखा, जिससे भारतीय टीम 49.4 ओवर में 300 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

## ग्लोबल शतरंज लीग

# कल निकाला जाएगा खिलाड़ियों का ड्राफ्ट



एजेंसी ▶▶| मुंबई

■ चेन्नई में 13 से 24 दिसंबर तक होगा टूर्नामेंट, नॉर्वे के कार्लसन नहीं लेंगे हिस्सा

ग्लोबल शतरंज लीग के तीसरे सत्र के लिए खिलाड़ियों का ड्राफ्ट शुक्रवार को निकाला जाएगा, जिसमें विश्व चैंपियन गुकेश, विश्वनाथन आनंद और प्रज्ञानानंदा 'आइकन खिलाड़ियों' में से होंगे।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन चेन्नई में 13 से 24 दिसंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहे हैं। उन्होंने यूएई और लंदन में पिछले दो सत्र खेले थे। टेक महिंद्रा और फिडे के संयुक्त टूर्नामेंट जीसीएल में छह फ्रेंचाइजी हैं।

### ड्राफ्ट पूल में नकामूरा और कारुआना





इसके लिए 36 खिलाड़ियों के ड्राफ्ट पूल में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारु नकामूरा, फेबियानो कारुआना, फ्रांस के अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव भी हैं। वहीं नीदरलैंड के अनीश गिरि, भारत के अर्जुन एरिगेसी, विश्व कप उपविजेता कोनेरु हम्पी, चार बार के विश्व चैंपियन होउ यिफान जैसे सितारे भी इसमें होंगे। पूल में 'आइकन', 'पुरुष', 'महिला' और 'अंडर 21 ' वर्ग होंगे। हर फ्रेंचाइजी छह खिलाड़ियों को चुनेगी, जिसमें एक आइकन, दो पुरुष , दो महिला और एक अंडर 21 होगा। तीसरे सत्र की फ्रेंचाइजी में गत चैंपियन त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स, पीबीजी अलास्कन नाइट्स, अपग्रेड मुंबा मास्टर्स, गेंजेस ग्रैंडमास्टर्स, अल्पाइन एसजी पाइपर्स और अमेरिकन गैम्बिट्ज हैं। गुकेश ने पिछले साल चीन के डिंग लिरेन के साथ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के कारण इसमें भाग नहीं लिया था।

### फ्रीस्टाइल में मेरी टाइमिंग बेहतर : तैराक नटराज

**अहमदाबाद।** भारत के स्टार बैकस्ट्रोक तैराक श्रीहरि नटराज ने कहा है कि अब उनका फोकस फ्रीस्टाइल पर अधिक है, जिसमें बिना विशेष प्रशिक्षण के उन्होंने प्रभावी प्रदर्शन किया है। नटराज 28 सितंबर से 11 अक्टूबर तक होने वाली एशियाई एक्वाटिक चैंपियनशिप में प्रबल दावेदारों में से एक होंगे। उन्होंने कहा,' बैकस्ट्रोक हमेशा से मेरी मुख्य स्पर्धा रही है लेकिन इस साल मैं फ्रीस्टाइल पर अधिक फोकस कर रहा हूं, खासकर 100 और 200 मीटर पर।''उन्होंने कहा ,' मैंने महसूस किया है कि विशेष प्रशिक्षण के बिना भी फ्रीस्टाइल में मेरी टाइमिंग साल दर साल बेहतर हो रही है। इससे हमें इस सत्र में प्राथमिकताएं तय करने में मदद मिली है।' नटराज ने इस साल एफआईएसयू ग्रीष्मकालीन विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 49.46 सेकंड का समय निकालकर एशियाई खेलों के पदक विजेता वीरधवल खाड़े का 17 साल पुराना 49 . 47 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था।

# सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप : सेमीफाइनल में भारत और नेपाल के बीच होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

ग्रुप चरण में अजेय रहे भारत की गुरुवार को असली परीक्षा होगी जब टीम रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारत अब तक सबसे प्रभावशाली टीम रही है। मालदीव (6-0), भूटान (1-0) और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान (3-2) को हराने के बाद भारत नौ अंक के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा।



पाकिस्तान के खिलाफ जीत से मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस विशेष तौर पर खुश हैं, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण मुकाबले में अपने खिलाड़ियों के दबाव को झेलने के तरीके की प्रशंसा की। फर्नांडिस ने कहा, 'पाकिस्तान को हराना हमारे लिए अच्छा परिणाम रहा और टीम ने इतने महत्वपूर्ण मैच में दबाव को जैसे संभाला उससे मैं बहुत खुश हूं।''उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों ने जज्बा और अनुशासन दिखाया तथा सेमीफाइनल से पहले हमें इस प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिला है।' दूसरी ओर नेपाल एक मैच (मेजबान श्रीलंका के खिलाफ 2-0) जीता और दूसरा मैच (बांग्लादेश के खिलाफ 0-4) गंवाकर ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहा। फर्नांडिस नेपाल के संभावित खतरे को लेकर सतर्क रहे।

### पीजीटीआई ने किया 17 गोल्फरों को कारण बताओ नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** पीजीटीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमनदीप जोहल ने कहा कि 17 गोल्फरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसमें अनुभवी गोल्फर गगनजीत भुल्लर भी शामिल हैं। इसे खिलाड़ियों ने युवराज सिंह के समर्थन वाली इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) में भाग लेने के लिए 'अस्थायी निलंबन' बताया है। इस मामले पर अंतिम फैसला 27 सितंबर को अनुशासनात्मक समिति की बैठक के बाद लिया जाएगा। ओलंपियन और एशियाई टूर विजेता भुल्लर, अमन राज, हरेंद्र गुप्ता, करणदीप कोचर और सचिन बैसोया भी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें 17 से 19 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आईजीपीएल में खेलने के कारण यह नोटिस जारी किया गया है। आईजीपीएल और पीजीटीआई के चेन्नई ओपन की तारीख एक ही थी और यही विवाद का विषय बन गया है।

## स्वयं के खर्च पर भी नहीं जा सकेंगे अतिरिक्त कोच और स्टाफ

# एशियाई खेल में चयन के लिए नियम हुए कड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने 2026 एशियाई खेलों में चयन के लिए कड़े मानदंडों का खुलासा करते हुए कहा कि पदक जीतने के वास्तविक दावेदार खिलाड़ियों को ही मौका मिलेगा और सरकारी खर्चे पर नहीं जाने के बावजूद अतिरिक्त कोचों और सहयोगी स्टाफ को जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। मंत्रालय की वेबसाइट पर डाले गए पांच पन्ने के दस्तावेज में साफ तौर पर कहा गया है कि एशियाई स्तर पर व्यक्तिगत रैंकिंग में शीर्ष छह और टीम खेलों में शीर्ष आठ में रहने वाले खिलाड़ियों को ही राष्ट्रीय महासंघ नामांकित कर सकेंगे। एशियाई खेल जापान के नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक खेले जाएंगे ।



### चयन का आधार 12 महीने का प्रदर्शन

अक्सर खिलाड़ी अपने निजी कोचों या सहयोगी स्टाफ को अपने खर्च पर ले जाने की मांग करते हैं, जिस पर विवाद होता है। यह चयन मानदंड राष्ट्रमंडल खेल (जुलाई अगस्त 2026), पैरा एशियाई खेल, एशियाई इंडोर खेल, एशियाई बीच खेल, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेल और राष्ट्रमंडल युवा खेल पर भी लागू होंगे। चयन का आधार पिछले 12 महीने का प्रदर्शन होगा। नई नीति में ओलंपिक या ऐसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट नहीं हैं, जिनमे खिलाड़ी या टीम की भागीदारी संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघों के निर्धारित मानकों के आधार पर होती है।

### भागीदारी के लिए खिलाड़ी को टीम में जगह नहीं

मंत्रालय ने कहा ,'हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पदक जीतने के वास्तविक दावेदारों को ही बहु खेल टूर्नामेंटों में भागीदारी के लिए मौका मिले।' इसमें कहा गया,'अगर मंत्रालय या भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को पता चला कि पदक जीतने नहीं बल्कि सिर्फ भागीदारी के लिए कोई जा रहा है तो ऐसे खिलाड़ियों और टीमों को अनुमति नहीं दी जाएगी।' इसमें कहा गया,' सिर्फ वही खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ भारतीय दल का हिस्सा होंगे, जिनका नाम सरकारी खर्च पर जाने के लिए मंजूर किया गया है। इसके अलावा कोई अतिरिक्त खिलाड़ी, कोच या सहयोगी स्टाफ शामिल नहीं होगा भले ही उसका खर्च सरकार को वहन नहीं करना पड़ रहा हो।'

### फुटबॉल टीम के लिए भाग लेना कठिन

कठिन मानदंडों के कारण भारतीय फुटबॉल टीम के लिए इन खेलों में भाग लेना कठिन हो जाएगा, क्योंकि वर्तमान में वह फीफा रैंकिंग में एशियाई स्तर पर 24वें स्थान पर है। मंत्रालय ने कहा कि नए दिशानिर्देश एक पारदर्शी और न्यायसंगत ढाँचा तैयार करने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं। इन मानदंडों में एक रियायत वाला प्रावधान है, जो मंत्रालय को विशिष्ट खेलों के विशेषज्ञों या साइ की राय के आधार पर उन प्रतिभागियों की सिफारिश करने का अधिकार देता है, जो निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। भारत ने 2023 एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 28 स्वर्ण सहित 106 पदक जीते थे।

भारतीय राजदूत त्यागी ने यूएन में पाकिस्तान को सुनाई खरीखोटी

# हमारे क्षेत्र पर लालच के बजाए अवैध कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र को खाली करें

## इस्लामाबाद अपने ही लोगों पर बमबारी कर रहा, खुद पर दे ध्यान

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान को उसकी औकात दिखा दी। यूएन में भारत ने पाकिस्तान की जमकर आलोचना की और आरोप लगाया कि इस्लामाबाद अपने ही लोगों पर बमबारी कर रहा है और नई दिल्ली पर निराधार आरोप लगाने के लिए मंच का दुरुपयोग कर रहा है। यूएनएचआरसी सत्र के एजेंडा आइटम 4 के दौरान बोलते हुए, 2012 बैच के भारतीय विदेश सेवा



अधिकारी, भारतीय राजनयिक क्षितिज त्यागी ने कहा कि इस दृष्टिकोण के विपरीत एक प्रतिनिधिमंडल इस मंच का दुरुपयोग भारत के खिलाफ निराधार और भड़काऊ बयानों से करता रहता है।

## पाकिस्तान की राजनीति सेना के दबाव में

क्षितिज त्यागी ने कहा कि हमारे क्षेत्र पर लालच करने के बजाए, पाकिस्तान अपने अवैध कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र को खाली कर देना चाहिए और जीवन रक्षक प्रणाली पर निर्भर अर्थव्यवस्था, सैन्य प्रभुत्व से दबाई गई राजनीति और उत्पीड़न से दागदार मानवाधिकार रिकॉर्ड को बचाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, शायद तब जब उन्हें आतंकवाद का निर्यात करने, संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों को पनाह देने और अपने ही लोगों पर बमबारी करने से फुर्सत मिले।

## जिनेवा में फैजा रिफत का आतंकवाद पर पाक को दो टूक




यूएनएचआरसी के 60वें सत्र में राजस्थान की फैजा रिफत ने जोरदार तरीके से भारत का प्रतिनिधित्व किया। जिनेवा में मौजूद प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए रिफत ने कहा कि भारत का लोकतंत्र विविधता में एकता के सिद्धांत पर मजबूती से टिका है, जिसने एक ही देश में कई संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओं को एक साथ फलने-फूलने का असवर दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हर व्यक्ति को विचार, विश्वास और अभिव्यक्ति की आजादी देता है, जिससे भारत वास्तव में बहुलवाद का जीवंत उदाहरण है।

## आतंकवाद के खिलाफ दुनिया एकजुट हो

रिफत ने 2008 के मुंबई हमलों और हाल के पहलगाम हमले का जिक्र किया। उन्होंने पूरी दुनिया से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर जवाब देने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि चरमपंथी हिंसा अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। हम केवल सहयोग, आपसी सम्मान और सामूहिक संकल्प के जरिए ही नफरत का सामना कर सकते हैं। और अपने साझा भविष्य की रक्षा कर सकते हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के अनुरूप शांति और मानव गरिमा की रक्षा के लिए दुनिया के अन्य देशों के साथ मिलकर काम करता रहेगा।

### हिंसा शांति को खत्म कर देती है

रिफत ने भारत की सबको साथ लेकर चलने की परंपरा की सराहना की और आतंकवाद से पैदा हुई अस्थिरता और खतरों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने 2008 के मुंबई हमलों और हाल के पहलगाम हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये घटनाएं याद दिलाती हैं कि हिंसा किस तरह शांति को खत्म कर देती है, निर्दोष लोगों की जान लेती है और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाती है। ये हमले केवल भारत पर नहीं, बल्कि पूरी मानवता पर हमले हैं।

### वैश्विक शांति में भारत की अहम भूमिका

रिफत ने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद भारत की जनता की सहिष्णुता, मानवाधिकारों और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को लेकर प्रतिबद्धता बनी हुई है। उन्होंने संवाद और अहिंसक तरीकों से विवाद सुलझाने की भारती नीति को दोहराया और वैश्विक शांति की स्थापना में भारत की जिम्मेदार भूमिका पर जोर दिया।

## खबर संक्षेप

### पन्नू पर देशद्रोह की एफआईआर दर्ज

**दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) और उसके चीफ



गुरपतवंत सिंह पन्नू पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की एफआईआर दर्ज की है। यह मामला पन्नू के पाकिस्तान में पत्रकारों से बात करने से जुड़ा हुआ है। जिसमें उसने पीएम नरेंद्र मोदी को लाल किले पर तिरंगा फहराने से रोकने के लिए 11 करोड़ इनाम देने की घोषणा करते हुए सिख सैनिकों को उकसाया था।

### सुपर टाइफून रागासा से ताइवान में 14 की मौत

**ताइपे।** ताइवान में चक्रवात रागासा ने तबाही मचा दी है। पूर्वी ताइवान के हुआलिएन काउंटी में पहाड़ों में



स्थित एक झील के उफान पर आने और एक कस्बे में बाढ़ आने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 124 से ज़्यादा लोग लापता हैं। 2025 का रागासा तूफान चीन के दक्षिणी तट की ओर बढ़ रहा है।

ट्रंप के बयान पर रूस का पलटवार

## दुनिया को ऊंची कीमतों पर अमेरिकी उत्पाद खरीदने के लिए बना रहे दबाव



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में ट्रंप के 'कागजी शेर' वाले बयान पर रूस ने पटलवार किया है। रूस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक व्यवसायी हैं और वो दुनिया को अमेरिकी तेल और गैस ऊंची कीमतों पर खरीदने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं। यह प्रतिक्रिया ट्रंप की ओर से रूसी तेल आयात जारी रखने के लिए चीन और भारत की आलोचना के बाद आई है। ट्रंप ने कहा था कि चीन और भारत रूसी तेल खरीद जारी रखकर युद्ध के मुख्य वित्तपोषक हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि यूरोपीय सहयोगी रूस से तेल खरीदना तुरंत बंद कर दें।

### रूस की आर्थिक व्यवस्था स्थिर

रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि रूस अपनी व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए हुए है। हां, विभिन्न क्षेत्रों में समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। पेसकोव ने कहा कि रूस के पास 2022 में शुरू किए गए यूक्रेन में अपने आक्रमण को जारी रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हम अपने हितों को सुनिश्चित करने और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपना विशेष सैन्य अभियान जारी रख रहे हैं। हम यह अपने देश के वर्तमान और भविष्य, दोनों के लिए कर रहे हैं, यह आने वाली कई पीढ़ियों के लिए है, इसलिए...हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। वॉशिंगटन के हालिया प्रयासों के बावजूद, सुलह के प्रयासों से लगभग शून्य परिणाम प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह रास्ता सुस्त है, बहुत सुस्त, इसकी प्रभावशीलता लगभग शून्य है।

### विकासशील देशों का दर्जा छोड़ेगा चीन

चीन अब विश्व व्यापार संगठन के समझौतों में विकासशील देशों को दिए जाने वाले विशेष सुविधाओं की मांग नहीं करेगा। चीन ने कहा यह कदम वैश्विक व्यापार प्रणाली को बढ़ावा देने का प्रयास है, जब यह टैरिफ युद्धों और देशों द्वारा आयात को प्रतिबंधित करने के खतरे में है।

रणनीतिक साझेदारी मंच में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले

# भारत ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा खिलाड़ी, जल्द ही अमेरिका से व्यापार में बढ़ोतरी की उम्मीद



*पीयूष गोयल ने कहा कि भारत सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया के साथ अंडरवाटर केबल्स के जरिए बिजली प्रवाह पर बातचीत कर रहा है। पश्चिम की ओर मध्य पूर्व के देशों से भी इसी तरह का ग्रिड जोड़ने की योजना है। अगर यह योजना सफल होती है, तो यह पूरी दुनिया की ऊर्जा संरचना को बदल देगी*

## भारत की उर्जा क्षमता बढ़कर 1000 गीगावॉट तक पहुंचेगी

## भारत के इंजीनियर और युवा दुनिया को समाधान देने में सक्षम

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और वैश्विक ऊर्जा ग्रिड को लेकर कई अहम बातें रखीं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत और अमेरिका मिलकर ऊर्जा क्षेत्र में बड़ी साझेदारी करेंगे, जिससे न केवल भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी बल्कि दोनों देशों के बीच व्यापार भी तेजी से बढ़ेगा। गोयल ने कहा कि दुनिया अब मान चुकी है कि ऊर्जा सुरक्षा ऐसा क्षेत्र है जहां सबको मिलकर काम करना होगा।

### 'वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड' की परिकल्पना

*पीयूष गोयल ने कहा कि लगभग 20 साल पहले पीएम मोदी ने 'वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड' की परिकल्पना रखी थी। उस समय दुनिया ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। आज दुनिया सौर ऊर्जा को भविष्य के बड़े स्रोत के रूप में देख रही है। जब हम भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर (आईएमसी) की बात करते हैं, तो इसमें सौर ऊर्जा जैसी नवीकरणीय ऊर्जा को देशों के बीच ट्रांसमिशन ग्रिड के जरिए जोड़ना एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। भारत सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया के साथ अंडरवाटर केबल्स के जरिए बिजली प्रवाह पर बातचीत कर रहा है। पश्चिम की ओर मध्य पूर्व के देशों से भी इसी तरह का ग्रिड जोड़ने की योजना है। अगर यह योजना सफल होती है, तो यह पूरी दुनिया की ऊर्जा संरचना को बदल देगी और सीमाओं के पार स्थायी एवं मजबूत ऊर्जा बाजार तैयार होंगे।*

### स्टार्टअप और इनोवेशन पर जोर

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के पास बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली इंजीनियर और युवा हैं, जो दुनिया की कंपनियों के लिए समाधान दे सकते हैं। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम बहुत तेजी से बढ़ रहा है। नई कंपनियां पारंपरिक ऊर्जा से आगे बढ़कर नए विचार लेकर आ रही हैं। यह वही दिशा है जिसे पीएम मोदी ने 2010 में गुजरात के सीएम रहते हुए 'सुविधाजनक कार्रवाई' के रूप में बताया था।*

### अमेरिका के साथ नए अवसर

गोयल ने कहा कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ा खिलाड़ी है। हम अलग-अलग देशों से बड़ी मात्रा में ऊर्जा का आयात करते हैं, जिसमें अमेरिका भी शामिल है। आने वाले वर्षों में हम अमेरिका के साथ ऊर्जा उत्पादों के व्यापार को और बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हमारी ऊर्जा सुरक्षा योजनाओं में अमेरिका की बड़ी भूमिका होगी, जिससे भारत को स्थिर और विविध स्रोतों से ऊर्जा मिलेगी। इससे हमें अमेरिका के साथ ऊर्जा से आगे भी कई नए अवसर मिलेंगे।

### परमाणु ऊर्जा पर सहयोग

पीयूष गोयल ने परमाणु ऊर्जा को लेकर भी दोनों देशों के बीच सहयोग की संभावना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा ऐसा क्षेत्र है जहां भारत और अमेरिका मिलकर आगे बढ़ सकते हैं। पहले कुछ तकनीकी और कानूनी मुद्दे थे जिन्हें सुलझाने पर काम हो रहा है। अमेरिका में छोटे मॉड्यूलर न्यूक्लियर पावर पर नवाचार हो रहे हैं, जिनसे भारत को फायदा हो सकता है।

## सीआईएसएफ 74वीं अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर 2025 में बनी ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीआईएसएफ ने एक बार फिर अपनी खेल उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन, करनाल में आयोजित 74वीं अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर में ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। देश की श्रेष्ठ पुलिस एवं अर्धसैनिक खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले में सीआईएसएफ टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और ग्रीको-रोमन (पुरुष) में प्रथम स्थान, फ्रीस्टाइल (पुरुष) में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि फ्रीस्टाइल (महिला) और बॉक्सिंग (महिला) में रनर-अप रही। इस शानदार उपलब्धि में व्यक्तिगत स्तर पर भी खिलाड़ियों ने अद्वितीय प्रदर्शन किया। महिला 59 कि.ग्रा. वर्ग में रेखा ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा, वहीं पुरुष 55-60 कि.ग्रा. वर्ग में हर्ष ने 5-0 की एकतरफ़ा जीत दर्ज कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। यह चैंपियनशिप पूरे देश से आए पुलिस और अर्धसैनिक बलों के बीच मित्रता और खेल भावना के उत्साह को भी प्रदर्शित करती है। समापन समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की तथा विजेताओं को उनके समर्पण पर सम्मानित किया।



## दावा-सिखों की जमीन पर है रायसीना हिल

**नई दिल्ली।** सिख इतिहास की जानकारी रखने वाले और अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरपर्सन सरदार तरलोचन सिंह का कहना है कि जिस रायसीना हिल पर राष्ट्रपति भवन है, वह जमीन गुरुद्वारा रकाबगंज से जुड़ी हुई है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली को बनाने में सिखों का बड़ा योगदान है। ये जो संसद भवन के बाहर गुरुद्वारा रकाबगंज है, उसी की जमीन है, जो आसपास में है। रायसीना हिल का मालिक गुरुद्वारा है और वह जमीन भी सिखों की है। कहा कि किसी भारतीय किताब में महाराजा रणजीत सिंह पर कोई चैप्टर नहीं है।

भारतीय पर्यटकों को मिलेगी सुविधा

## कतर में अब सीधे यूपीआई से कर सकेंगे भुगतान, कतर बैंक से करार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल), जो नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की सहायक कंपनी है, ने बुधवार को बताया कि कतर नेशनल बैंक (क्यूएनबी) के साथ साझेदारी में कतर में क्यूआर कोड आधारित यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) भुगतान की शुरुआत हो गई है।

इस पहल से भारतीय पर्यटक अब कतर में ड्यूटी फ्री आउटलेट्स और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर आसानी से यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे। कतर ड्यूटी फ्री, यूपीआई को अपनाने वाला




पहला साझेदार बना है। यह सेवा कतर नेशनल बैंक द्वारा अधिग्रहित व्यापारियों के पॉइंट-ऑफ-सेल (पीओएस) टर्मिनल्स पर उपलब्ध होगी। इसे जापानी पेमेंट गेटवे प्रोवाइडर नेटस्टार्स के समाधान द्वारा संचालित किया गया है। कतर आने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों में भारतीय दूसरे सबसे बड़े समूह हैं। अब वे बिना नकद ले जाए या करेंसी बदलवाए, सीधे यूपीआई से रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन कर सकेंगे।

बुधवार को हुई फुल ड्रेस रिहर्सल में एयरचीफ मार्शल सिंह ने भरी मिग में उड़ान

# वायुसेनाप्रमुख कल 'बादल फॉर्मेशन' के साथ देंगे 'मिग-21' को अंतिम विदाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वायुसेना में अपनी कुल छह दशक से लंबी देशसेवा के बाद शुक्रवार (26 सितंबर) को मिग-21 लड़ाकू विमान इतिहास का हिस्सा बन जाएगा। लेकिन इस दौरान आयोजित किए जाने वाले समारोह में हर खासो आम को एक बेहद आकर्षक नजारा देखने को मिलेगा। जिसमें खुद वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह देश के इस पहले सुपरसोनिक जंगी विमान में संभवतः बादल फॉर्मेशन के साथ उड़ान भरते हुए नजर आएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा सीडीएस और सेना व नौसेनाप्रमुख भी इससे जुड़े समारोह में शामिल होंगे। चंडीगढ़ एयरबेस पर आयोजन से जुड़ी तैयारियां मुकम्मल की जा चुकी हैं। बुधवार को इसे लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल भी हुई और उसमें भी



एयरचीफ मार्शल ने मिग-21 में उड़ान भरी। वायुसेना ने इसे लेकर अपने एक्स हैंडल से एक पोस्ट भी साझा की है। रिहर्सल में हुए फ्लाईपास्ट में मिग के साथ ही बल के अन्य लड़ाकू विमानों जैसे जगुआर और सूर्यकिरण एयरोबैटिक टीम ने भी भागीदारी की। पूर्व सैनिक, उनके परिवार और आमंत्रित अतिथि भी एयरबेस पर जुटे।

**उड़ान भरने से पहले लिया प्रशिक्षण:** वायुसेनाप्रमुख ने करीब चार दशक पहले यानी 1985 में असम स्थित तेजपुर में मिग-21 में उड़ान भरी थी। जिसके बाद अब वो इस विमान की बल से पूरी तरह से सेवानिवृत्ति के दौरान भी इसमें उड़ान भरेंगे। समारोह में एक डाक स्टेम्प भी जारी की जाएगी। एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह ने पिछले महीने राजस्थान के नाल एयरबेस से भी मिग में एक उड़ान भरी थी। चार दशक बाद भरी गई इस उड़ान से पहले उन्हें इसके लिए प्रशिक्षण लेना पड़ा था। विमान की अंतिम विदाई से जुड़ा समारोह मुख्य रूप से मिग-21 की अंतिम दो स्क्वॉड्रन नंबर 3 और 23 को समर्पित होगा।

**6 पूर्व वायुसेनाप्रमुख होंगे शामिल:** मुख्य समारोह में वायुसेना के करीब छह पूर्व प्रमुख जैसे एयरचीफ मार्शल ए.वाई टिपनिस, एस.कृष्णास्वामी, एस.पी.त्यागी, पी.वी.त्यागी, बीएस.धनोवा और आरकेएस भदौरिया शामिल होंगे। साथ ही रक्षा मंत्रालय, डीआरडीओ और एचएएल के अधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहेंगे। सेवानिवृत्ति से पहले विमान को वाटर कैनन सैल्यूट दिया जाएगा। तेजस, जगुआर भी समारोह में भागीदारी करेंगे।

वहीं, रिहर्सल की बात करें तो उसमें 23 स्क्वाड्रन के 6 मिग-21 लड़ाकू विमानों ने भाग लिया। उड़ान में स्क्वाड्रन लीडर प्रिया शर्मा पायलट के रूप में शामिल हुईं।

**एक समय में थे 800 से अधिक विमान:** मिग विमान लंबे वक्त तक वायुसेना का एक अग्रणी हवाई योद्धा रहा है। पहली बार बल में शामिल होने के बाद वायुसेना ने अपनी युद्धक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए कुल करीब 870 विमान खरीदे थे। इस जंगी विमान ने पाकिस्तान के खिलाफ लड़े गए 1965, 1971 के युद्ध से लेकर 1999 के कारगिल विवाद और 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक में भी दुश्मन के समक्ष अपनी मारक क्षमता का जबरदस्त अंदाज में प्रदर्शन किया था। वहीं, लंबी राष्ट्रसेवा की अवधि के दौरान मिग से जुड़ी कई दुर्घटनाएं भी मीडिया की सुर्खियों में रही हैं। जिसने तत्कालीन सोवियत संघ में निर्मित इस विमान की सुरक्षा के मुद्दे पर सभी का ध्यान आकर्षित किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109